रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹ 75300 10 ग्राम
₹ 94000 01 किलो
सेंसेक्स 75,366.17 −824.29
डॉलर 86.357 +0.157

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



माघ कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 28 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 353, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 पद्म पुरस्कार विजेताओं को अल्लू...

रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 22.0° | 23.8° |
| न्यून. | 06.0° | 09.0° |

### राज्यपाल ने रांची के मोरहाबादी मैदान में फहराया तिरंगा झंडा, कहा

# हमारा लोकतंत्र है सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र

- राज्य सरकार ने सुशासन एवं न्याय के साथ दिया है विकास पर जोर
- खिलाड़ियों के कल्याण को किया गया खिलाड़ी कल्याण कोष का गठन



**महिलाओं को सशक्त करने के लिए मंईयां सम्मान योजना**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि राज्य के महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए हमारी सरकार ने मंईयां सम्मान योजना शुरुआत की है। इसके तहत 18 से 50 वर्ष की सभी पात्र महिलाओं के खाते में 2500 रुपए प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से दिया जा रहा है। सरकार का यह कदम, महिला कल्याण के प्रति उसकी गंभीरता को स्पष्ट रूप से परिलक्षित करता है।

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में तिरंगा झंडा फहराया। झंडारोहण के बाद राज्यपाल ने खुली जीप से सशस्त्र बल के परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। मौके पर राज्यपाल ने कहा, हमारा लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लोकतंत्र है। हमारे इस महान लोकतंत्र का आधार है हमारा संविधान। आज इस अवसर पर मैं संविधान सभा के सभी सदस्यों को भी नमन करता हूं। हमारा संविधान लोकतंत्र का एक पवित्र ग्रंथ है, जो हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक है। हमारा कर्तव्य है कि हम इसका पूरा सम्मान करें, क्योंकि संविधान किसी भी राष्ट्र की शासन प्रणाली का मजबूत आधार होता है। यह शासन की प्रकृति और प्रक्रिया को परिभाषित करता है। इसी के माध्यम से विभिन्न लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थापना और उनके कामकाज के नियम निर्धारित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में निर्वाचित जन प्रतिनिधि अपना पद संभालने से पहले संविधान की शपथ लेते हैं। उन्होंने कहा, मैं झारखंड के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों से आह्वान करता हूं कि वे संविधान के अनुसार अपने कार्यों और कर्तव्यों का निर्वह्न करें। हमारा संविधान अनेक शाश्वत मूल्यों को अपने-आप में समाए हुए है, जो हमारे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। हमें संविधान में निहित मूल्यों को अत्यधिक सावधानी और सर्तकता के साथ संरक्षित करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि नागरिकों के प्रति प्रशासन की जिम्मेदारी को समझना और उसे पूरा करना सरकार का परम कर्तव्य है। राज्य सरकार प्रदेश को खुशहाल बनाने एवं प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने के साथ अपने इस कर्तव्य का निर्वहन कर रही है और एक पारदर्शी, संविधाननिष्ठ और संवेदनशील, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की स्थापना की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमारा झारखंड आज प्रत्येक क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। युवाओं के लिए रोजगार का विषय हो या किसान, मातृशक्ति के कल्याण के लिए योजनाओं की बात हो, सरकार के जरिए संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं से स्पष्ट है कि हमारी सरकार राज्य के हर वर्ग के लिए संवेदनशील होकर कार्य कर रही है।

राज्यपाल गंगवार ने कहा कि राज्य सरकार ने हमेशा से सुशासन एवं न्याय के साथ विकास पर जोर दिया है। प्रदेश में कानून का राज स्थापित है और इसे बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य के विभिन्न नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में योजनापूर्ण तरीके से चलाए गए नक्सली अभियानों में वर्ष 2024 में 248 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया शेष पेज 11 पर

# स्थापित कर रहे विकास के नित नए प्रतिमान : सीएम

## हेमंत सोरेन ने दुमका में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**बोले मुख्यमंत्री**

- हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता रही है महिला सशक्तीकरण
- हमारे संविधान की मूल भावना है स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व



**नवीन मेल डेस्क**

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को 76वें गणतंत्र दिवस पर दुमका के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते कहा कि स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व हमारे संविधान की मूल भावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार झारखंडवासियों की खुशहाली के लिए, यहां व्याप्त गरीबी, बेरोजगारी और पलायन जैसी समस्याओं के समाधान के लिए, सदियों से शोषित एवं वंचित आदिवासियों, पिछड़ों, दलितों के हक अधिकार के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। हम सामाजिक न्याय के साथ विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित कर रहे हैं, जिसकी चर्चा चारों तरफ है। झारखंड की सांस्कृतिक पहचान और झारखंडी अस्मिता को कायम रखते हुए हम विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।

सीएम सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तीकरण हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता रही है। आज से लगभग पांच महीने पहले हमारी सरकार ने झारखंड की बहनों-दीदियों की आर्थिक स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करने के व्यापक उद्देश्य से मंईयां सम्मान योजना के रूप में एक क्रांतिकारी योजना की शुरुआत की थी। क्रांतिकारी इसलिए, क्योंकि झारखंड की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि एवं ग्रामीण परिवेश में यह योजना व्यापक बदलाव लाने का सामर्थ्य रखती है। प्रारम्भ में, इस योजना के तहत 18-50 वर्ष उम्र तक की सभी बहनों, दीदियों को प्रतिमाह 1000 रुपए की सम्मान राशि उनके बैंक खाते में उपलब्ध कराने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया था। हमने 1000 रुपए की सम्मान राशि को बढ़ाकर 2500 रुपए करने का वादा अपनी बहनों, दीदियों से किया था। हमने जो कहा वह किया और इस योजना के शुरू होने के पांच महीने के अंदर ही सम्मान राशि को प्रतिमाह 1000 रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए कर दिया है। झारखंड के समग्र विकास के लिए मंईयां सम्मान योजना अत्यंत प्रभावकारी साबित हो रही है और वर्तमान में लगभग 56 लाख महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो रही हैं। इस सम्मान राशि से महिलाएं कर्ज की जंजीरों को तोड़ कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। मंईयां सम्मान योजना हमारी बहनों, दीदियों के चेहरे पर खुशी की गारंटी बन गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वासियों की उन्नति, खुशहाली और सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार के जरिये कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अन्तर्गत 8 लाख से अधिक किशोरियों को उनकी शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। सखी मंडल के रूप में ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। शेष पेज 11 पर

### निशिकांत दुबे समेत 28 भाजपा नेताओं को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से झारखंड सरकार को झटका लगा है। जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी, जिसमें वर्ष 2023 में एक विरोध प्रदर्शन को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और बाबूलाल मरांडी समेत 28 भाजपा नेताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त कर दिया था। जस्टिस एएस ओका ने झारखंड सरकार की याचिका खारिज करने का आदेश दिया।

### आईएसटी को समकालिक करने को मसौदा नियम अधिसूचित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूरे भारत में समय को एक समान करने के लिए सोमवार को भारतीय मानक समय (आईएसटी) नियम, 2025 का मसौदा अधिसूचित किया है। इन नियमों का लक्ष्य देश में 'एक राष्ट्र, एक समय' के जरिये देशव्यापी आईएसटी में एकरूपता लाना है। इन नियमों को लागू करके भारत सरकार देशभर में सटीक और एकसमान समयपालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रही है, जिससे तकनीकी उन्नति, आर्थिक दक्षता और रणनीतिक सुरक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा।

### एनवीएस-2 की लांचिंग 29 जनवरी को : इसरो

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) का जीएसएलवी-एफ15 सैटेलाइट एनवीएस-दो के साथ आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार है। एनवीएस-2 उपग्रह को 29 जनवरी को शाम 06:23 बजे पर लांच किया जाएगा। सोमवार को इसरो ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। इससे पहले इसरो ने रविवार को बताया कि उसके रॉकेट जीएसएलवी-एफ15 का सैटेलाइट एनवीएस-02 के साथ इंटीग्रेशन पूरा हो गया है।

### गिरिडीह में घर में ब्लास्ट, एक की मौत

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के शीतलपुर स्थित एक घर में रविवार की देर रात करीब दो बजे जोरदार ब्लास्ट हुआ। इसमें परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई और छह गंभीर रूप से घायल हो गए। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। तेज आवाज से पास-पड़ोस के लोग जगकर बाहर आ गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से जुड़ी बहस को आगे बढ़ाएं युवा : पीएम



- 'एनसीसी' पीएम रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया भाग

**नई दिल्ली (हि.स.)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को युवाओं से अपील की कि वे 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से जुड़ी बहस को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि यह विषय युवाओं से जुड़ा है और उन्हें इस पर अपने विचार रखने चाहिए। चुनावों से बड़े स्तर पर पढ़ाई प्रभावित होती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को वार्षिक 'राष्ट्रीय कैडेट कोर' पीएम रैली में भाग लिया और करिअप्पा परेड ग्राउंड में एनसीसी के युवा कैडेटों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का समर्थन किया और कहा कि आजादी के बाद काफी समय तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते रहे हैं। बाद में यह पैटर्न बदल गया और इसका नुकसान देश को उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में वोटिंग लिस्ट अपडेट जैसे बहुत सारे काम होते हैं। इसमें अक्सर हमारे शिक्षकों की ड्यूटी लगती है, जिस कारण से पढ़ाई प्रभावित होती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत में युवाओं के सामने आ रही अनेक बाधाओं को दूर करने का काम किया है। इससे युवाओं और देश का सामर्थ्य बढ़ा है। भारतीय गणतंत्र के 75 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के संविधान ने हर समय देश को लोकतांत्रिक प्रेरणा दी है और नागरिक कर्तव्यों का महत्व समझाया है। शेष पेज 11 पर

# वक्फ विधेयक में जेपीसी ने 14 संशोधनों को दी मंजूरी

## विपक्ष ने लगाया बात नहीं सुनने का आरोप

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली वक्फ विधेयक की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए सांसदों के विधेयक में सुझाए गए ज्यादातर सुझाव स्वीकार कर लिए हैं, विपक्षी सांसदों के नहीं। यह आरोप लगाते हुए विपक्षी सांसदों का कहना है कि उनके सुझावों को नकार दिया गया। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। वहीं, जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि समिति द्वारा सुझाए गए बदलावों से बेहतर और प्रभावशाली कानून बनेगा। जबकि, पाल के कहे के विपरीत विपक्षी सांसदों ने जेपीसी की बैठकों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया नष्ट होने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद व जेपीसी के सदस्य कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि जेपीसी बैठक के दौरान उनकी बात नहीं सुनी गई और जगदंबिका पाल तानाशाही तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को हास्यास्पद करार दिया। कल्याण बनर्जी ने कहा, उन्होंने वही तय किया, जो उन्होंने पहले से तय किया हुआ था। यह लोकतंत्र के इतिहास में काला दिन है।

**जेपीसी ने स्वीकार किए 14 संशोधन :** जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने जेपीसी की बैठक के बाद कहा, यह हमारी आखिरी बैठक थी। शेष पेज 11 पर

**विधेयक पर चर्चा न करके सिर्फ मतदान हुआ : विपक्ष**

जेपीसी के सदस्य व कांग्रेस सांसद नासिर हुसैन ने दावा किया कि 95-98 प्रतिशत हितधारकों ने विधेयक का विरोध किया। विधेयक के खंडों पर चर्चा नहीं की गई और बिना पक्ष सुने संशोधनों पर मतदान करा दिया गया। शिवसेना यूबीटी सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि जेपीसी की बैठकों में विधेयक के एक-एक खंड पर चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सिर्फ संशोधनों पर मतदान कराया गया। कहा जा रहा है कि 29 जनवरी को विधेयक का अंतिम ड्राफ्ट पेश किया जाएगा, हम उसे पढ़कर देखेंगे कि क्या करना है, लेकिन अमृत वर्ष में लोकतंत्र की हत्या हुई है।

## गुमला में फूड प्वॉइजनिंग से हुए अनाथालय के 26 बच्चे बीमार

- सदर अस्पताल में हुआ इलाज, अब सभी स्वस्थ
- जिला प्रशासन ने मामले की जांच के दिए आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** गुमला जिले के टैसेरा उर्मी मोड़ स्थित प्रगति ग्राम उद्योग संस्थान के अनाथालय में रहने वाले 26 बच्चे फूड प्वॉइजनिंग का शिकार हो गए। रविवार शाम की इस घटना ने जिले में खाद्य सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, 26 जनवरी के अवसर पर अनाथालय के बच्चों को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क घुमाने ले जाया गया था। लौटते समय पार्क के बाहर उन्हें चाऊमीन खिलाया गया। कुछ ही समय बाद बच्चों ने पेट दर्द, सिर दर्द और उल्टी की शिकायत की। स्थिति बिगड़ते देख संस्थान के सदस्यों ने सभी बच्चों को तुरंत गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने तत्परता से बच्चों का इलाज किया। रातभर निगरानी के बाद सोमवार सुबह सभी बच्चों को छुट्टी दे दी गई। फिलहाल सभी बच्चे स्वस्थ हैं।

इधर, घटना के बाद प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। फूड वेंडर्स द्वारा परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सख्त कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने फूड वेंडर्स की नियमित जांच और इस घटना के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, चिकित्सकों ने बच्चों को फूड प्वॉइजनिंग का कारण चाऊमीन खाना बताया है। कहा कि समय पर इलाज होने से सभी बच्चे अब स्वस्थ हैं। घटना पर जिला शिक्षा पदाधिकारी का बयान नहीं लिया जा सका, क्योंकि वे अपने कार्यालय में अनुपस्थित थे। यह घटना जिले में खाद्य सुरक्षा और बच्चों की देखभाल पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

## उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य

- सीएम धामी ने यूसीसी नियमावली और पोर्टल का किया लोकार्पण

**देहरादून (हि.स.)**

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सोमवार को लागू हो गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिन में 01:15 बजे के करीब मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में यूसीसी को लागू करने के लिए नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण किया। इसी के साथ उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला ऐसा राज्य बन गया, जहां यह कानून प्रभावी हो गया है। इसके बाद से विवाह, तलाक, लिव इन, लिव इन से अलग होना, विरासत आदि के ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गए। समान नागरिक संहिता के लिए 27 मई 2022 को विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यूसीसी की नियमावली को संबंधित अधिकारियों के प्रशिक्षण के बाद लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि यूसीसी से समाज में एकरूपता आएगी और सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और दायित्व सुनिश्चित होंगे। समान नागरिक संहिता प्रधानमंत्री की ओर से देश को विकसित, संगठित, समरस और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए किए जा रहे महान यज्ञ में हमारे प्रदेश द्वारा अर्पित की गई एक आहुति मात्र है। इसके अंतर्गत जाति, धर्म, लिंग आदि के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया गया है। शेष पेज 11 पर

**यूसीसी लागू करने के फैसले को कोर्ट में चुनौती देगी जमीअत उलमा-ए-हिंद**

**नई दिल्ली (हि.स.)।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने के राज्य सरकार के फैसले को जमीअत उलमा-ए-हिंद नैनीताल हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। जमीअत अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा, हमें शरीयत के खिलाफ कोई ऐसा कानून स्वीकार्य नहीं है। क्योंकि, मुसलमान हर चीज से समझौता कर सकता है, लेकिन अपनी शरीयत से कोई समझौता नहीं कर सकता।

**इंडिया**

# गणतंत्र सभी चाहते हैं, पर खुद को छोड़कर कराना चाहते हैं लागू



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



गणतंत्र यानी जनता का शासन सभी चाहते हैं पर गणतंत्र दिवस के दिन लागू भारतीय संविधान की प्रस्तावना की प्रथम पंक्तियों "हम, भारत के लोग,भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक, गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक,न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था और उपासना की स्वतंत्रता , प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्रदान करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए सत्यनिष्ठा से संकल्प लेते हुए, आज 26 नवम्बर, 1949 को अपनी संविधान सभा में इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।"- को नकारकर शक्तिसंपन्न लोग खुद को कानून से ऊपर समझते हुए अपने को छोड़कर दूसरे पर लागू कराना चाहते हैं जिससे टकराव बढ़ा है । बात-बात पर संविधान की दुहाई देना या संविधान पॉकेट में रखकर प्रदर्शन करना इधर बढ़ा है । संविधान के प्रावधानों की व्याख्या और उसे आदेश देकर कार्यपालिका से लागू कराना न्यायालय के कार्यक्षेत्र में आता है जो ऐसे प्रयासों की सुनवाई कर आदेश या निर्देश देता है । सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि जहां संविधान की भाषा संदिग्ध हो, वहां प्रस्तावना विविध निर्वाचन में सहायता करती है। इसीलिए "विधायिका" प्रस्तावना में संशोधन नहीं कर सकती।नवीन मत का एक भाग बताता है केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य 1973 में में दिये निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने इसे संविधान का भाग बताया है। संविधान का एक भाग होने के कारण ही संसद ने इसे 42वें संविधान संशोधन से इसे संशोधित किया था तथा समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और अखंण्डता शब्द जोड़ दिए थे। वर्तमान में नवीन मत ही मान्य है।संविधान में पहला संशोधन 1951 में अस्थायी संसद ने 'राज्यों'को सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों या अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की प्रगति के लिए सकारात्मक कदम उठाने का अधिकार दिया था। भारत में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ तब 73 साल में 127 संविधान संशोधन हो चुके हैं, लेकिन संविधान की प्रस्तावना में केवल एक बार संशोधन किया गया है। ये संशोधन इंदिरा गांधी के शासन के आपातकाल के दौरान हुआ था। ये 42वां संविधान संशोधन था और अब तक का सबसे व्यापक और विवादास्पद लगा था कि इस संशोधन के द्वारा सरकार कुछ भी बदल सकती है। इसे लघु संविधान भी कहा जाता है। इसमें संविधान की प्रस्तावना में तीन नए शब्द- समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जोड़े गए। 1976 में किए गए 42वें संशोधन में अहम बात ये थी कि किसी भी आधार पर संसद के फ़ैसले को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। साथ ही सांसदों एवं विधायकों की सदस्यता को भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। किसी विवाद की स्थिति में उनकी सदस्यता पर फ़ैसला लेने का अधिकार सिर्फ़ राष्ट्रपति को दे दिया गया और संसद का कार्यकाल भी पांच साल से बढ़ाकर छह साल कर दिया गया। इस संविधान संशोधन को लेकर सड़क से लेकर संसद तक जमकर बवाल और सियासत हुई। 1977 में सत्ता में आने के बाद तत्कालीन जनता पार्टी की सरकार ने इस संशोधन के कई प्रावधानों को 44वें संविधान संशोधन से रद्द कर दिया। इनमें सांसदों को मिले असीमित अधिकारों को भी समाप्त किया गया, हालांकि संविधान की प्रस्तावना में हुए बदलाव से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई। अब तक हुए संविधान संशोधनों में से कई को अदालत में चुनौती दी गई है, लेकिन देश के उच्चतम न्यायालय ने केवल 99वें संविधान संशोधन को असंवैधानिक करार दिया है। यह संशोधन राष्ट्रीय न्यायिक आयोग (एनजेएसी क़ानून) के गठन के संबंध में था। सुप्रीम कोर्ट ने 16 अक्टूबर 2015 को जजों द्वारा जजों की नियुक्ति की 22 साल पुरानी कॉलेजियम प्रणाली की जगह लेने वाले एनजेएसी क़ानून, 2014 को निरस्त कर दिया था। 2018 में संसद ने संविधान में 102वां संशोधन पारित किया था जिसमें संविधान में तीन नए अनुच्छेद शामिल किए गए थे। नए अनुच्छेद 338-बी के ज़रिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया। इस संशोधन के माध्यम से पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मिलने की वजह से संविधान में अनुच्छेद 342 एक जोड़कर आयोग को सिविल न्यायालय के बराबर अधिकार मिले। इससे आयोग को पिछड़े वर्गों की शिकायतों का निवारण करने का अधिकार मिला। 9 जनवरी, 2019 को संसद द्वारा 103वां संविधान संशोधन अधिनियम 2019 पारित किया गया। यह अधिनियम आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों से संबंधित व्यक्तियों को 10 फ़ीसदी आरक्षण का प्रावधान करता है। 104वां संशोधन के तहत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 334 में संशोधन किया गया और लोकसभा और विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण की अवधि को 10 साल के लिए और बढ़ा दिया गया था। इससे पहले इस आरक्षण की सीमा 25 जनवरी 2020 थी। इसके अलावा अधिनियम के ज़रिये लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एंग्लो इंडियन के लिए सीटों के आरक्षण को समाप्त कर दिया गया।संविधान जनता को ही सर्वोच्च मानता है पर क्या आम आदमी याचक बनता जा रहा है और जनता के सेवक मालिक इस पर चर्चा होनी चाहिए ।

# राजभवन में एट होम कार्यक्रम में हुआ मनमोहक बैंड डिस्प्ले

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व बाबूलाल मरांडी हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह-2025 के उपलक्ष्य में सोमवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में राजभवन में बैंड डिस्प्ले और एट होम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 11वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स, प्रथम बटालियन जम्मू एवं कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, जैप-1, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रांची एवं विवेकानंद विद्या मंदिर, रांची की टीमों ने मनमोहक बैंड डिस्प्ले प्रस्तुत किया।

मौके पर राज्यपाल ने मोरहाबादी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में झांकी, परेड एवं बैंड प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।



### राज्यपाल व सीएम ने पुरस्कार प्रदान किया

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने मोरहाबादी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2025 के अवसर पर प्रदर्शित झांकी, परेड एवं बैंड के विजेताओं के मध्य पुरस्कार का भी वितरण किया। झांकी में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को प्रथम, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा को द्वितीय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को तृतीय, परेड में सेना को प्रथम, जैप- 1 को द्वितीय, डीएपी(महिला) को तृतीय, बैंड में जैप-1 को प्रथम, जैप-(महिला बटालियन) 10 को द्वितीय एवं सेना को विशेष पुरस्कार मिला।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्य सरकार के मंत्री, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद, विधायकों के साथ मुख्य सचिव, विकास आयुक्त, पुलिस महानिदेशक, पद्म पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

## गणतंत्र दिवस पर दिल्ली पहुंचे झारखंड के प्रतिभागियों का संजय सेठ ने किया स्वागत, कहा

# ऐसा लग रहा कि पूरा झारखंड दिल्ली में उतर आया

*पीएम के विकसित भारत का सपना आप सबके परिश्रम से ही साकार होगा*



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय आयोजन में भाग लेने नई दिल्ली पहुंचे झारखंड के प्रतिभागियों का रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर स्वागत किया। इनमें वैसे अतिथि भी शामिल रहे जिन्हें इस वर्ष कर्तव्य पथ पर 76वें गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। इनमें विभिन्न श्रेणियों के तहत प्रमुख सरकारी योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गांवों के सरपंच शामिल थे, जिन्होंने 90% उपलब्धि हासिल की थी। मंत्री के आवास पर अभिनंदन कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणी के लोग शामिल हुए, जिनमें अपने पंचायत में उम्दा प्रदर्शन करने वाले गांव के सरपंच, जीवंत गांवों के अतिथि, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जल योद्धा, प्राथमिक कृषि ऋण (पीएसी) समितियां सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (कृषि सखी, उद्योग सखी आदि), राष्ट्रीय कौशल विकास निगम पीएम यशस्वी योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त डीजीटी के प्रशिक्षु, वन और वन्यजीव संरक्षण स्वयंसेवक/श्रमिक, हस्तशिल्प कारीगर विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले और विभिन्न योजनाओं के आदिवासी लाभार्थी, आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता), मन की बात प्रतिभागी, हथकरघा कारीगर, मन की बात प्रतिभागी, हैंडलूम कारीगर, पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थी, पीएम मत्स्य संपदा योजना के लाभार्थी शामिल रहे। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि नई दिल्ली में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए महत्वपूर्ण व्यक्तित्व और कलाकारों को एक साथ पाकर ऐसा लग रहा है, जैसे आज झारखंड दिल्ली में उतर आया हो। रक्षा राज्य मंत्री ने इन सबके उपलब्धियां की सराहना की और कहा कि आप सभी झारखंड के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विविधता में एकता को प्रदर्शित करते हुए विकसित भारत की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। आप सब उस विकसित भारत के अग्रदूत हैं। आप सबके अनथक परिश्रम, त्याग और तपस्या से ही विकसित भारत का स्वप्न साकार होगा।

## गणतंत्र दिवस पर सीएमपीडीआई अध्यक्ष ने किया झंडोत्तोलन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी को शुभकामनाएं दीं। श्री कुमार ने कहा कि कोयला एवं गैर-कोयला क्षेत्र में एनएमईटी के माध्यम से गवेषण का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक गैर-कोयला ब्लॉकों के 5 प्रस्तावों सहित कुल 28 प्रस्तावों की स्वीकृत मिल चुकी है वहीं गैर-कोयला क्षेत्र में गवेषण के तहत सीएमपीडीआई ने 3 बाक्साइट और 1 बेस मेटल ब्लाक की भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इसके अतिरिक्त, मैगनेटाइट के 1 ब्लाक में गवेषण कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। दिसम्बर, 2024 तक कुल 192 रिपोर्ट तैयार कर लिए गए हैं। जिसमें 19 जियोलाजिकल रिपोट्र्स (जीआर) और 13 प्रोजेक्ट रेपोट्र्स (पीआर) शामिल हैं। 19 जीआर के जरिए लगभग 272 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को शामिल कर विस्तृत गवेषण के माध्यम से 5.74 बिलियन टन अतिरिक्त कोल रिजर्वस को प्रमाणित श्रेणी में लाया गया है वहीं 31 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता बढ़ोत्तरी वाली 13 पीआर भी तैयार की गयी है। प्रमाणित श्रेणी के कोयला संसाधन को 1976 के 21 बिलियन टन के स्तर से 1 अप्रैल, 2024 तक लगभग 212 बिलियन टन किया गया है जिसमें अधिकांश कार्य सीएमपीडीआई द्वारा ही किया गया है। ज्ञात हो कि कोल इंडिया ने चालू वित्त वर्ष के कोयला उत्पादन के 838 मिलियन टन वार्षिक लक्ष्य की तुलना में 23.01.2025 तक 600 मिलियन टन कोयला उत्पादन हासिल किया है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया झंडोतोलन, कहा

# झारखंड फिरंगियों के विरूद्ध विद्रोह करने में अग्रणी था

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबिंद्र नाथ महतो ने विधानसभा में झंडोलन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि 75 साल पहले जब हमारे राष्ट्र निमार्ताओं ने देश के प्रत्येक नागरिक की ओर से शपथ लेते हुए इस देश को सम्प्रभू, लोकतांत्रिक गणतंत्र बनाने का निश्चय लिया था। तब हमने, न केवल सदियों की गुलामी की जंजीरों को उखाड़ फेंका था, बल्कि भारत को एक ऐसे राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का निश्चय लिया था। यह सच है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था भारत के लिए नई नहीं थी। 13 शताब्दी में मेग्नाकार्टा के पूर्व भी वैशाली का गणराज्य की समिति व्यवस्था 12वीं शताब्दी में प्रचलित था। इस प्रकार लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं हमारे संस्कृति में रची-बसी थी। परन्तु लम्बी पराधीनता और उससे पूर्व सदियों तक चले राजतांत्रिक व्यवस्थाओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों को लगभग समाप्त कर दिया था।



इसके साथ ही देश के अलग-अलग कोने में अवस्थित विविधता, सामाजिक विषमता, सामाजिक कुरीतियॉं और अंधविश्वास एक आधुनिक लोकतांत्रिक राष्ट्र के निर्माण में बड़ी चुनौती थी। आजादी के साथ ही हमने विभाजन के दंश को भी झेला था। साम्प्रदायिक हिंसा में लाखों लोग अपना जान गंवा चुके थे। नफरत और वैमनस्यता की इस आंधी ने उस महान इंसान बापू, महात्मा गांधी को भी नहीं छोड़ा जिसने हमें आजादी दिलाई थी।

इस विषम परिस्थितियों में हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने पूरी दुनिया के उच्चतम लोकतांत्रिक मानदण्डों और भारतीय लोकतांत्रिक समझ के आधार पर हमें एक ऐसा संविधान प्रदान किया जो इस महान राष्ट्र को एक धागे में पिरोकर रखा है और इसे उत्रोत्तर विकास के लिए शतत उर्जा प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि हमारा राज्य झारखण्ड, फिरंगियों के विरूद्ध विद्रोह के अलख को प्रज्वल्लित करने में पूरे देश में अग्रणी था। 1784 में बाबा तिलका मांझी ने पूरे देश में पहली बार फिरंगियों के विरूद्ध हथियार उठाया जिसमें ब्रिटिश कमिश्नर अगस्तस क्लिवलैण्ड की मृत्यु हो गई थी। 1855 में संथाल विद्रोह के दौरान सिद्धों-कान्हू, चॉंद-भैरव और फूलो-झानों ने संथाल की मिट्टी से क्रान्ति की जिस चिनगारी को प्रज्वल्लित किया उसने अंग्रेजी हुकूमत को झकझोर कर रख दिया। धरती आबा बिरसा मुण्डा ने न केवल अंग्रेजों से लोहा लिया, बल्कि राष्ट्रवाद की परिकल्पना को उस समय लोगों के बीच प्रस्तुत किया, जब आजादी की लड़ाई पूरे दशे में अत्यंत ही प्रारंम्भिक अवस्था में थी।

डोरण्डा बटालियन के जय मंगल पाण्डेय, पोड़ैयाहाट के राजा अर्जुन सिंह, विश्रामपुर के चेरो सरदार, भवानी राय, टिकैत उमराव सिंह, पलामू के नीलाम्बर एवं पीताम्बर और शेख भिखारी, गणपत राय जैसे अनेकों रणबॉंकुरों ने अंग्रेजी हुकूमत की चूलें हिला दी। बाद के दिनों में टाना भगतों द्वारा न केवल स्वतंत्रता आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई, बल्कि समाज सुधार में भी उनका अभूतपूर्व योगदान रहा।

## न्यूज | बॉक्स

### राज्यपाल गंगवार ने झारखंड युद्ध स्मारक पर किया माल्यार्पण



**रांची।** राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने गणतंत्र दिवस पर दीपाटोली, रांची स्थित झारखंड युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण कर वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सेल ने उत्साह से मनाया गणतंत्र दिवस



**रांची।** सेल रांची इकाइयों ने राष्ट्रवादी उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस्पात भवन मे वेद प्रकाश, ईडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) ने तिरंगा फहराया। इस्पात भवन के अलावा संजय ने एमटीआई में भी तिरंगा फहराया गया। सेल सीएसआर स्कूल में एसजे जाचुक, सीजीएम प्रभारी (पीएंडए) द्वारा सेवा कार्यालय में प्रेमा तिर्की ने तिरंगा फहराया। कार्यपालक निदेशक (डिजिटल परिवर्तन) वेद प्रकाश ने अपने भाषण में गणतंत्र दिवस के मूल सार पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह विविधता में एकता की शक्ति, न्याय और समानता के महत्व और उत्कृष्टता की खोज की याद दिलाता है। ये मूल्य सेल में हमारे मिशन के साथ गहराई से मेल खाते हैं। हमारी कंपनी की ताकत न केवल हमारे उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में निहित है, बल्कि काम के प्रति हमारे समर्पण, सहयोग की भावना, मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और एक महान राष्ट्र के निर्माण में योगदान में भी निहित है। इसके अलावा, अपने भाषण में, उन्होंने सेल रांची इकाइयों के सात कार्यक्षेत्रों के बारे में बात की।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में सीसीएलकर्मी के पुत्र की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** सड़क सुरक्षा के नियमों को ताक पर रख कर देश में रोजाना युवक स्वयं को क्षति पहुंचा रहे है। तेज बाइक चलाने से हो रही दुर्घटनाओं में टीनएजर्स की मृत्यु का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा हैं। रविवार रात खलारी के मोहननगर निवासी 16 वर्षीय ज्ञान कुमार की मृत्यु बाइक के अनियंत्रित होने से हो गई। ज्ञान के पिता जितेंद्र चौहान सीसीएल के केडीएच परियोजना में डंपर आपरेटर हैं। दुर्घटना के बाद आनन फानन में करकट्टा स्थानीय युवकों के प्रयास से घायल को डकरा स्थित सीसीएल सेंट्रल हास्पिटल लाया गया जहां डाक्टरों ने ज्ञान को मृत घोषित कर दिया। मृतक डीएवी स्कूल खलारी में नवम 'बी' का छात्र था। मिली जानकारी के अनुसार ज्ञान रविवार संध्या 6 बजे के करीब अपने दोस्त की हिमालयन बुलेट बाइक पर तीन युवकों के साथ सवार होकर करकट्टा स्थित अपने एक दोस्त को घर छोड़ कर वापस लौट रहा था। बाइक खुद ज्ञान ही चला रहा था। इसी बीच एक तीखे मोड़ पर बाइक अनियंत्रित हो गया और सामने के दीवार से जा टकराया। बाइक सवार अन्य युवकों को हल्की चोट आई है। ज्ञान अपने पिता का इकलौता पुत्र था। घटना की जानकारी मिलते ही घर में चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया। इस घटना ने सभी को झकझोर दिया है। वहीं मोहननगर वासियों सहित डीएवी खलारी ने इस घटना पर शोक व्यक्त कर इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। ज्ञान का अंतिम संस्कार बनारस में होगा।

### भगवान बिरसा मुंडा जेल फन पार्क में किया गया ध्वजारोहण



**रांची।** 76 वें गणतंत्र दिवस पर रांची के ऐतिहासिक भगवान बिरसा मुंडा फन पार्क परिसर में ध्वजारोहण सह पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वीर स्वतंत्रता सेनानी शहीद गनपत राय की प्रपौत्री डॉ वंदना राय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सामाजिक संस्था टीम ग्रीन ने पार्क परिसर में झारखंड के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर पौधरोपण किया। मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रो. राजेश लाल, जया राय, जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा, टीम ग्रीन के निपुण जैन, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, डॉ सुभाष साहू, पंकज साहू, नमिता देवी, शुभम चौधरी , अरिहंत जैन, हरेंद्र कुमार, प्रीति कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# संवैधानिक हक और अधिकार को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही है भाजपा सरकार : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराया। इसके पूर्व श्री मरांडी ने कार्यालय में स्थापित पार्टी के प्रेरणा पुरुष और महान बलिदानी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री मरांडी ने इस अवसर पर प्रदेश की जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को 76 वें गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री मरांडी ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। आज भारत के लिखित संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूर्ण हो गए। आम आदमी तक देश का तंत्र बहुत पहले पहुंच जाना चाहिए था लेकिन 60 वर्षों तक शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने ऐसा नहीं होने दिया। कहा कि भाजपा सरकार ने गांव, गरीब, किसान, दलित आदिवासी पिछड़े वर्गों केलिए योजनाएं चलाई। जनधन खाते से करोड़ों गरीब बैंक के दरवाजे तक पहुंचे, गरीब कल्याण अन्न योजना आज गरीबों को भोजन उपलब्ध करा रहा, आवास योजना से



पक्के छत बन रहे, शौचालय निर्माण से मां बहनों की इज्जत की चिंता की है, उज्जवला गैस योजना से जीवन आसान हुआ, आयुष्मान भारत योजना ने इलाज को सुनिश्चित किया। कहा कि आज आदिवासी, दलित, पिछड़ों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा। कहा कि आज सबका साथ सबका विकास केलिए नरेंद्र मोदी सरकार समर्पित है। श्री मरांडी ने कहा कि इस देश ने वह समय भी देखा जब संविधान निमार्ता बाबा साहब भीम राव अंबेडकर भारत रत्न केलिए वर्षों तक सरकार को याद नहीं आए लेकिन आज पद्म पुरस्कार सुदूर गांव देहात,जंगल में रहने वाले प्रतिभाओं तक पहुंच रहे। एक गांव की सामान्य परिवार से आनेवाली आदिवासी महिला देश की सर्वोच्च संवैधानिक प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ता भारत, बदलता भारत संविधान की मूल भावनाओं को महसूस कर रहा। मौके पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पद्म अलंकरण की घोषणा पर प्रदेश भाजपा ने दी बधाई, जताया आभार

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने झारखंड की प्रतिभाओं को लगातार पद्म अलंकरण से सम्मानित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। झारखंड के लोक गायक महावीर नायक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री मरांडी ने झारखंड के सुप्रसिद्ध लोक गायक महाबीर नायक को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। श्री मरांडी ने कहा कि भिनसरिया राग के लिए विख्यात महाबीर नायक ने नागपुरी गीतों के माध्यम से झारखंड की कला और संस्कृति की समृद्धि एवं संरक्षण में अतुल्य योगदान दिया है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि मोदी सरकार लगातार झारखंड की प्रतिभाओं को पद्म अलंकरण से सम्मानित कर रही है।यह झारखंड की कला संस्कृति,और साढ़े तीन करोड़ जनता का सम्मान है। भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने आज पद्म अलंकरण से सम्मानित श्री महावीर नायक से मुलाकात की।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने किया झंडोतोलन, कहा

# देश की एकता व अखंडता संविधान के प्रावधानों से ही अक्षुण है



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने झंडोतोलन किया। मौके पर उपस्थित नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 26 जनवरी 1929 को कांग्रेस अधिवेशन में पूर्ण स्वराज मिलने तक आजादी का संघर्ष जारी रखने का प्रस्ताव पारित किया था। आजादी के बाद अंतरिम सरकार द्वारा संविधान सभा का गठन किया गया संविधान सभा में देश के तत्कालीन बड़े नेता शुमार थे जिसमें झारखंड से भी तीन विभूतियों को शामिल किया गया था। सभी प्रावधानों पर लगातार गहन विचार विमर्श कर सर्व समाज के हितों को सामने रखकर संविधान को आज ही के दिन 1950 में लागू किया गया था जिसके बाद से आज तक देश की एकता अखंडता इसी संविधान के प्रावधानों के कारण अक्षुण बना रहा। आज इसी संविधान के शिल्पकार बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के संबंध में सर्वोच्च सदन में अपमाजनक भाषा का उपयोग किया जा रहा है। जनता को संविधान द्वारा प्रदत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है, हमें इसकी रक्षा करनी है और इसके लिए लगातार संघर्ष जारी रहेगा। झंडोतोलन कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा सतीश पॉल मुंजनी राजीव रंजन प्रसाद,, संजय लाल पासवान, शमशेर आलम, ज्योति सिंह मथारू, डॉ0 एम तौसिफ, आदि शामिल थे।

## महाकुंभ पर खड़गे का बयान सनातनियों की भावनाओं पर कुठाराघात : संजय सेठ

### देश और सनातन के लिए नासूर बन चुकी है कांग्रेस

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्रीसंजय सेठ ने कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे के बयान की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कहा कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे ने तुष्टिकरण की राजनीति के कारण अनाप- शनाप बयान दे रहे हैं। कांग्रेस अब सनातन के साथ साथ देश के लिए नासूर बन चुकी है। कांग्रेस हमेशा से सनातनी विरोधी रही है। महाकुंभ से करोड़ों लोगों की आस्था जुडी हुई है। जहां रोजाना करोड़ों लोग कुंभ के गंगा में स्नान कर रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस अध्यक्ष का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री सेठ ने कहा कि महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य आत्मशुद्धि और मोक्ष प्राप्ति का एक मार्ग है। यह आस्था का महाकुंभ है, जो 144 साल के बाद लगा है। कांग्रेस अध्यक्ष को कम से कम कुछ बोलने से पहले जानना चाहिए की कुंभ की महत्व क्या है। महाकुंभ में अमृत स्नान आत्मिक और



आध्यात्मिक शुद्धि के लिए होता है। इसके अलावा साधु संतों और गुरुओं और महात्माओं के साथ भक्तों को मिलने का एक बड़ा अवसर भी प्राप्त होता है। महाकुंभ भारत की सबसे भव्य धार्मिक परंपरा है। महाकुंभ में लोग अपनी आस्था प्राचीन परंपराओं का निर्वहन करने के लिए स्नान करने जाते हैं ना की फोटो सेशन के लिए। वर्षों तक देश को गरीब, बेरोजगारी का दंश झेलवाने वाली कांग्रेस आज इसकी आड़ में सनातन का मखौल उड़ा रही है। कांग्रेस का खात्मा देश के लिए आवश्यक है।

# सहकारिता क्षेत्र में वही करें, जो राज्यहित में हो : अलका तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा है कि राज्य में सहकारिता के क्षेत्र में हमें वही करना है, जो राज्यहित में हो। वह सोमवार को राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य के संसाधनों और अधिकतम लोगों की जरूरत के अनुसार ही सहकारिता विकास की योजना तय करें। कुछ जिलों में सहकारिता बैंक की शाखा खोलने के मुद्दे पर उन्होंने निर्देश दिया कि बैंक पहले अपनी स्थिति मजबूत करे, फिर विस्तार की योजना पर काम करे। उन्होंने कहा कि वैसी विकास योजनाएं न लें, जो बाद में राज्य पर बोझ साबित हों। वहीं सहकारिता विभाग के कुछ प्रस्तावों पर उन्होंने और कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रस्ताव राज्य के इको सिस्टम के अनुरूप होने चाहिए। इसके अतिरिक्त बैठक में गोदाम निर्माण, लैम्पस-पैक्स को कमरा उपलब्ध कराने, रसोई गैस डिस्ट्रिब्यूटरशिप, रिटेल पेट्रोल-डीजल आउटलेट खोलने, विभिन्न जिलों में जन औषधि केंद्र खोलने, उर्वरक लाइसेंस, लैम्पस-पैक्स को पीएम किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित करने, झारखंड में नवनिर्मित सहकारी प्रशिक्षण संस्थान को इंस्टीट्यूट ऑफ कोआपरेटिव मैनेजमेंट के रूप में विकसित करने इत्यादि मसलों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में कृषि सचिव अबु बकर सिद्दिकी, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, राजस्व सचिव चंद्रशेखर, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, निबंधक सहयोग समितियां सूरज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### राज्य के 1270 लैम्पस-पैक्स ऑनलाइन हुए

राज्य सहकारिता विकास समिति की बैठक में बताया गया कि राज्य के चयनित 1500 लैम्पस-पैक्स में से 1270 कंप्यूटरीकृत होकर ऑनलाइन हो चुके हैं। शेष 230 समितियों को 31 मार्च तक कंप्यूटरीकृत कर लेने का लक्ष्य है। वहीं राज्य के शेष बचे 2949 लैम्पस-पैक्स के कंप्यूटरीकरण का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है।

### 13 लाख क्विंटल से अधिक खरीदी जा चुकी है धान

बैठक में बताया गया कि 724 धान अधिप्राप्ति केंद्रों से 25 जनवरी 2025 तक कुल 1306356.33 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। खरीदी की निर्धारित अवधि कम होने को ध्यान में रखते हुए शेष 75 क्रय केंद्रों को कार्यशील बनाते हुए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य किया जा रहा है।

### 2.57 लाख टन हुआ मत्स्य उत्पादन

राज्य में वित्तीय वर्ष 2023-24 में तीन लाख टन मछली उत्पान के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 2.57 लाख टन उत्पादन हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह उत्पादन 2.80 लाख टन था।

# चर्चित दुष्कर्म का आरोप कोर्ट में नहीं हो सकता साबित

## आरोपी बरी

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी अभिमन्यु उरांव को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान पीड़िता की गवाही दर्ज की गई थी। लेकिन, कोर्ट में साबित नहीं कर सकी। बचाव पक्ष के वकील जितेंद्र कुमार ने अदालत में मजबूत जिरह किया था, जिसका लाभ आरोपी को मिला। महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए अरगोड़ा थाना में 27 मई 2020 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लेकिन, मामले में सुनवाई के दौरान घटना को साबित नहीं किया जा सका। वकील ने मामले की सुनवाई के दौरान सूचक अब तक किए गए रेप केस की विस्तृत जानकारी अदालत के समक्ष रखी थी। गवाही के दौरान मामले की जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुलेखा कुमारी सपना से जब बचाव पक्ष के वकील ने जिरह किया तो अदालत के समक्ष पूरी सच्चाई सामने आ गई। वकील ने पूछा कि जांच के दौरान पीड़िता से पूछा गया कि आईजी पीएस नटराजन, डीआईजी परवेज हयात समेत अन्य कईयों पर रेप का आरोप लगाते हुए केस की थी। इस पर उसने कहा कि मैं इस संबंध में कुछ नहीं पूछताछ की है। घटनास्थल दिल्ली बताया गया। लेकिन, दिल्ली में किस जगह पर दुष्कर्म किया गया, इसकी जानकारी नहीं दी गई। न ही वहां जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों ने जो बोला वहीं केस डायरी में लिखी थी। उसकी गवाही मई 2024 में दर्ज की गई थी।

## मतगणना को बाधित करने के मामले में तीन अधिवक्ताओं को नोटिस

### जवाब नहीं देने पर होगा लाइसेंस निलंबित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव के तत्काल बाद मतपत्रों की गिनती के दौरान 23 जनवरी को चुनाव समिति के सदस्यों पर कुर्सियों और मतपत्र फेंकने के मामले को झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने गंभीरता से लिया है। स्टेट बार काउंसिल ने कुर्सियों और मतपत्र फेंकने में शामिल हाईकोर्ट के तीन वकीलों अवनीश रंजन मिश्रा, नवीन कुमार सिंह एवं दिनेश चौधरी के खिलाफ अनुशासनात्मक तथा आपराधिक कार्यवाही की अनुशंसा की है। नोटिस जारी किया गया है और अगर निर्दोष है तो 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा है। तीनों पर मतगणना के दौरान संघ के पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया को बाधित करने का आरोप है। स्टेट बार काउंसिल की ओर से सचिव राजेश पांडे ने जारी पत्र में कहा गया है कि झारखंड हाईकोर्ट परिसर में आपलोगों द्वारा की गई कार्रवाई और व्यवहार एक अधिवक्ता




के लिए अनुचित है। ऐसा व्यवहार किसी भी हाल में अस्वीकार्य है। जिसे स्टेट बार काउंसिल ने बहुत ही गंभीरता से लिया है। इसको देखते हुए स्टेट बार काउंसिल के पास अधिवक्ता के रूप में वकालत करने के लिए तीनों के लाइसेंस को निलंबित करने और अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। जब तक कि आपलोग यह दिखाने के लिए पर्याप्त कारण न दें कि आप चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान में शामिल नहीं थे और अधिवक्ता संघ, झारखंड उच्च न्यायालय की चुनाव समिति के आरोप सही नहीं हैं।

## ट्रांसफर, पोस्टिंग व टेंडर मैनेज करने वालों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**रांची।** पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोगों के द्वारा एक समूह बना कर राज्य के वरीय पदाधिकारियों का स्थानातरण / पदस्थापन एवं अन्य ठेकेदारी / निविदा मैनेज करने का आश्वासन देकर ठगी का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में कोतवाली थाना, में सनहा दर्ज कर सज्जाद उर्फ मुन्ना रांची निवासी और कैप्टन सिंह सलूजा रांची निवासी को थाना बुलाकर पूछताछ किया गया। पूछताछ और अब तक के किए गए जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि इस समूह में इन दोनों के अलावा आयन सरकार जमशेदपुर निवासी,चन्दन लाल जमशेदपुर निवासी, सूर्य प्रभातरांची निवासी के साथ अन्य कई लोग भी शामिल हैं। अब तक के जांच से यह पाया गया कि राज्य के अनेक वरीय प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण इच्छित स्थानों पर करने के संबंध में ये लोग आश्वासन दे रहे हैं। जांच में पीड़ित व्यक्तियों का पहचान किया जा रहा है। जांच की प्रगति के आधार पर अग्रतर कार्यवाही का निर्णय लिया जाएगा।




## न्यूज बॉक्स

### श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम में मना गणतंत्र दिवस



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में गणतंत्र दिवस पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा का आयोजन किया गया है। अन्नपूर्णा सेवा संस्था की मीरा अड़ूकिया एवं उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। दोपहर 1 बजे भगवान श्री राज श्याम जी को केसरिया खीर का विधिवत भोग लगाया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद भोग का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया ने अपने सुमधुर मनमोहक भजनों से श्रोताओं को खूब झुमाया। एवं पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि गणतंत्र दिवस मे सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### गणतंत्र दिवस पर कराटे खिलाड़ी हुए सम्मानित



**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस पर कराटे खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन बहु बाजार स्थित बिशप स्कूल में किया गया। जिसमें वर्ष 2024 में वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय ओपन कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी राकेश तिर्की आदित्य राज मिस्टी कुमारी को सम्मानित किए गए । कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमिशन के चेयरमैन सह ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सभी खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### आदमी होना भाग्य है कवि होना सौभाग्य : निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव



**रांची।** आदमी होना भाग्य है कवि होना सौभाग्य उक्त बातें झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने कही। वे झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के तत्वावधान में घटा गिरी द्वारा रचित पुस्तक 'मेरी अस्मिता' कविता संग्रह के विमोचन सह काव्य गोष्ठी में अपने अध्यक्षीय भाषण में कही। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ राजश्री जयंती के सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ माया प्रसाद थीं। लोकार्पण समारोह में डॉ जंग बहादुर पांडेय एवं सुरिन्दर कौर नीलम ने पुस्तक पर कृति चर्चा की। घटा गिरी लेखन प्रेरणा एवं पुस्तक के बारे में प्रकाश डाला। निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में घटा गिरी एवं उपस्थित कवियों को बधाई दी। दूसरे सत्र में ममता मनीष सिन्हा के संचालन में काव्य गोष्ठी का शुभारंभ हुआ जिसमें शहर के एक से बढ़कर एक कवियों ने भाग लिया। शहर के जाने माने गजलकार हिमकर श्याम ने अपनी गजल से लोगों को मंत्र मुग्ध किया, सुरिन्दर कौर नीलम की कविता सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कुमार विजेन्द्र, प्रतिभा सिंह, आसित कुमार, कृष्णा विश्वकर्मा बादल, अजीत कुमार रेनू झा रेणुका इत्यादि कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी। धन्यवाद ज्ञापन मंच के कोषाध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा बादल ने किया।

### डॉ एनबी चौधरी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा प्रमाण-पत्र से पुरस्कृत



**रांची।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव पी. शिवकुमार द्वारा केन्द्रीय रेशम बोर्ड-केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची के निदेशक डॉ एन. बी. चौधरी को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा प्रमाण-पत्र से पुरस्कृत किया । इस अवसर पर केन्द्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव पी. शिवकुमार सहित वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निदेशक को बधाई दी। यह पुरस्कार शोध, विस्तार एवं अन्य गतिविधियों के सम्यक कार्यान्वयन हेतु प्रदान किया गया। इस अवसर पर अन्य संस्थान के वैज्ञानिकों, शोधविदों, निदेशक एवं कुलपति से भी बधाई संदेश प्राप्त हुआ है। ज्ञातव्य हो कि इस संस्थान में विगत एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान अनेक उपलब्धियां प्राप्त की है, जिसमें अनेक पुस्तकों का प्रकाशन, रेशमवाणी, शोधपत्रों का प्रकाशन,प्रोद्योगिकी का विकास एवं अन्य कई बड़े कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. एन.बी. चौधरी ने कहा कि यह पुरस्कार सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं पुरी टीम के सामूहिक कार्यों का फल है।

### सीसीएल में अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




**रांची।** केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में सोमवार को सीसीएल मुख्यालय, रांची स्थित उमंग सभागार में पांच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 27 से 31 जनवरी 2024 तक आयोजित किया जाएगा। सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में प्रशासनिक दस्तावेजों का प्रभावी और सरल अनुवाद सुनिश्चित करना, पारिभाषिक शब्दावली का सटीक उपयोग करना, और अनुवाद कौशल को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र द्वारा किया गया। उद्घाटन सत्र में उन्होंने कहा, आज कार्यालयीन कार्यों में अनुवाद एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गया है। हमें हिंदी को वाणी से कलम तक ले जाने के प्रयासों को बढ़ाना चाहिए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्मिकों की दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ कार्यालयीन हिंदी के प्रगामी प्रयोग को भी प्रोत्साहित करेगा।

## बेहतर कार्य करने वाले तीन शिक्षकों को मिला पुरस्कार

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गणतंत्र दिवस पर रविवार को रांची जिले के बेहतर कार्य करने वाले तीन शिक्षकों को शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में राजकीय उत्क्रमित मवि पाहनटोली ओरमांझी की प्रभारी प्रधानाध्यापक पुष्पा लुगुन, राजकीय उत्क्रमित मवि उरुगुटू कांके के सहायक शिक्षक पुखराज प्रसाद सिन्हा और राजकीय प्राथमिक विद्यालय डोमनडीह सिल्ली के सहायक शिक्षक रोहित एक्का शामिल हैं। उपायुक्त ने जिले के सभी शिक्षकों से आह्वान किया की वे भी अपने-अपने विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए उदाहरण प्रस्तुत करें। कहा, जिले में पिछले कुछ महीनों से शिक्षा के क्षेत्र में कई उत्कृष्ट प्रयास हुए है। रांची जिला पूरे राज्य में जैक द्वारा आयोजित 8वीं कक्षा के लिए प्री बोर्ड आयोजित करने वाला एक मात्र जिला बना। समारोह में जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज व अन्य उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू परिसर में महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

## विवि परिसर का बढ़ेगा गौरव : अभिषेक



नवीन मेल संवाददाता

**रांची** । अबुआ अधिकार मंच का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. तपन शांडिल्य से मुलाकात की। वहीं विश्वविद्यालय परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भगवान बिरसा मुंडा एवं स्व. बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमाओं स्थापित करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे अभिषेक झा ने बताया कि इन महापुरुषों की प्रतिमाएं विश्वविद्यालय के छात्रों और समाज को प्रेरणा प्रदान करेंगी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवाद के बलिदान, भगवान बिरसा मुंडा के स्वाधीनता संग्राम में अतुलनीय योगदान और स्व. बिनोद बिहारी महतो के 'पढ़ो और लड़ो' के संदेश से विद्यार्थियों को सामाजिक चेतना, देशभक्ति, और नैतिकता के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया जा सकता है। अबुआ अधिकार मंच के प्रेम कुमार ने कहा कि इन महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना से विश्वविद्यालय का शैक्षणिक और सांस्कृतिक गौरव बढ़ेगा।

यह छात्रों में नई पीढ़ी के लिए इतिहास और राष्ट्रीय धरोहर को संरक्षित करने की भावना विकसित करेगा।यह पहल न केवल विश्वविद्यालय के लिए बल्कि समाज के विकास और नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम होगा। कुलपति प्रो. तपन शांडिल्य ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि 07 फरवरी को विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के बाद इस मांग को प्राथमिकता के साथ संज्ञान में लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर संभव प्रयास रहेगा कि इस मांग को पूर्ण किया जाए, जिससे विश्वविद्यालय के छात्रों और समाज को प्रेरणा मिल सके। इस मौके पर मुख्य रूप से गुलाब मुंडा, किशोर , रजनीश, विक्की,अजय, मनीष,युसूफ खान, शमीम आलम, रोहित कुमार ,अर्पित , ओम वर्मा, मुंबसीर अंसारी, अमिश आदि उपस्थित थे।

## हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, चार गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस ने बीते बुधवार को हुए अभिषेक हत्याकांड का खुलासा किया। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि अभिषेक हत्याकांड के मुख्य आरोपी आजाद को उसके ससुराल सोपारोम से गिरफ्तार किया गया। वहीं हत्या में शामिल आजाद के तीन अन्य दोस्त नसीम अंसारी, राजू राय और युनुस राय को गिरफ्तार किया गया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही एसआईटी टीम का गठन कर छापामारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार आरोपियों के निशानदेही पर तलाशी में मृतक का बैग, हत्या के लिए इस्तमाल किया गया चाकू और कपडा बरामद किया गया। दरअसल 22 जनवरी को मृतक अभिषेक कुमार सिंह उर्फ बजरंग सिंह और मुख्य आरोपी आजाद अंसारी सहित अन्य तीन नसीम अंसारी, राजू राय और युनुस राय पांचों गांजा का सेवन कर रहे थे। वहीं बहस छिड़ गई और इसी दौरान आजाद ने मृतक अभिषेक को गांजा काटने वाले चाकू से मार कर उसकी हत्या कर दी। घटना स्थल पर मौजूद तीनों ने आजाद की सहायता की। आरोपियों से पूछताछ के दौरान पता चला की मृतक अभिषेक और आरोपी का पुराना विवाद था।

वसुंधरा कुमारी राज्यपाल को लिखी पत्र, कहा

## 2019 के बाद विवि में छात्र संघ चुनाव नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** वसुंधरा कुमारी ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को पत्र लिख कर कहा है कि 2019 के बाद झारखंड के विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। झारखंड में 2007,2017,2019 के बाद झारखंड के विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ है। वसुंधरा ने कहा है कि छात्र संघ चुनाव होने से विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार पर लगाम रहता है। छात्र हित में बोलने वाले प्रतिनिधि होते हैं। आए दिन झारखंड के विश्वविद्यालयों में नियुक्ति पर सवाल उठते रहता है। ऐसे में विश्वविद्यालय के सिंडिकेट व सीनेट की बैठक में छात्र प्रतिनिधि का शामिल होना जरूरी है। यूजीसी गाइडलाइन के अनुसार प्रतिवर्ष छात्र संघ चुनाव होना चाहिए। रांची विश्वविद्यालय में नैक द्वारा मूल्यांकन हुआ लेकिन कोई भी सीनेट या छात्र प्रतिनिधि से वार्तालाप



नहीं हुआ क्योंकि यहां छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ है। पत्र में लिखा है कि इस विषयको गंभीरता से छात्र हित के जाए इसके लिए झारखंड के विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं आपका आभारी रहेंगे ।

## महिलाओं ने किया झंडोत्तोलन

**रांची।** फ्रेंड्स कॉलोनी पंडरा में सृजन सेवा संस्थान के तत्वधान में महिलाओं ने झंडोत्तोलन किया। अध्यक्ष कृष्णा सिंह, शांता देवी, मनोरमा देवी, सोनामती देवी, बिंदु गुप्ता, संगीता, बेबी गुप्ता और चमेली देवी प्रमुखता से उपस्थित थी।



## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर स्कूल के सभी विद्यार्थी और शिक्षक एकत्र हुए। कार्यक्रम की शुरूआत राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा प्राचार्या परमजीत कौर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने से हुई। इसके बाद राष्ट्रगान गाया गया, जिसने सभी को गर्व और एकता के भाव से भर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और ऑर्केस्ट्रा के शानदार प्रदर्शन किए, जिन्होंने सभी के दिलों को छू लिया। एनसीसी कैडेट्स और




चारों हाउस के छात्रों ने अनुशासन और एकता का परिचय देते हुए विशेष मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। यह दिन सभी को हमारे संविधान की अहमियत और गणतंत्र के महत्व की याद दिलाता है। गणतंत्र दिवस के इस आयोजन ने सभी के दिलों में देशभक्ति और गर्व की भावना को और मजबूत किया। यह दिन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और उनके भीतर सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा दी। दिन का समापन छात्रों और शिक्षकों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच के साथ हुआ। प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी को इस अवसर पर शुभकामनाएं दीं और सभी को उनके कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया।

## भाजपा किसान मोर्चा ने गणतंत्र का 76वां वर्षगांठ मनाया

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश किसान मोर्चा ने गणतंत्र दिवस उत्सव मनाया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि देश 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस अवसर पर हम उन सभी महान विभूतियां को नमन करते हैं जिन्होंने हमारा संविधान बनाकर हमारी अधिकार के लिए शक्ति प्रदत की है। यह दिन हमारे देश के लिए गर्व और आत्मसमर्पण का प्रतीक है। जब हमने 26 जनवरी 1950 को अपने सशक्त संविधान को अपनाया और लोकतंत्र की पराधीनता से मुक्ति पाई। उन्होंने कहा कि देश भले ही 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ पर उस समय हमारे देश का कोई कानून नहीं था।।

## आज / कल




## रिम्स प्रबंधन ने सरस्वती पूजा के दिन उपायुक्त से की सुरक्षा की मांग

### एक पक्ष कर रहा विरोध

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रिम्स प्रबंधन ने परिसर में सरस्वती पूजा के आयोजन को सीमित तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया है। रिम्स प्रबंधन सुरक्षा व कानून-व्यवस्था को लेकर चिंतित है। विदित हो कि 24 जनवरी को कोकर में रिम्स के कुछ छात्रों और बाहरी लोगों के बीच हुई झड़प में 2023 बैच का एक एमबीबीएस छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। छात्र के सिर पर गंभीर चोट लगी थी और वह जीवन मृत्यु से जूझ रहा था। इस घटना के




बाद कैंपस में काफी तनावपूर्ण स्थिति थी। प्रबंधन ने छात्रों के सुरक्षा हितों एवं चिंताओं को ध्यान में रखते हुए इस घटना में शामिल उन बाहरी लोगों पर सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इससे पहले प्रबंधन ने पूरी घटना के पश्चात छात्रों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के बिगड़ने की आशंका पर सरस्वती पूजा का आयोजन स्थगित करने का निर्णय लिया था। प्रबंधन ने आयोजन को स्थगित करने के कारण भी बताए हैं। रिम्स प्रबंधन ने बताया है कि जिस तरीके से यहां पूजा का आयोजन किया जाता है, वैसा देश के अन्य मेडिकल कॉलेजों में नहीं किया जाता। पूजा के दिन देर रात तक संगीत संचालन एवं आतिशबाजी से परिसर और रोगी परेशान होते हैं। निदेशक ने कहा है कि एक ओर जहां मरीज जिंदगी की जंग लड़ रहे होते हैं, वहीं दूसरी ओर उसी कैंपस में चिकित्सकों द्वारा पूजा के नाम पर रात को ऊंची आवाज में लाउडस्पीकर चलाते है और आतिशबाजी करते है, पूर्व में पूजा के दौरान छात्रों द्वारा मारपीट करना।

## रांची आकाशवाणी केंद्र में उप निदेशक ने किया झंडोत्तोलन

**रांची।** 76 वें गणतंत्र दिवस पर रांची के आकाशवाणी केंद्र के उच्च शक्ति प्रेषित केंद्र में उप निदेशक एपी सिंह ने झंडा फहराया।

मौके पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री के विकसित भारत बनाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करने के लिए आगे आने की अपील की।



## एक नजर

### जस्टिस ग्रीन ने 6 विकेट से जीता

**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में हेहल आरोही बनाम जस्टिस ग्रीन के बीच खेला गया। हेहल आरोही ने 32 ओवर में सात विकेट पर 169 रन बनाया। शुभम ने 35, रितिक ने 29, रणधीर ने 26 व अक्षत ने 27 रन बनाया। आदर्श ने 34 रन देकर 2 विकेट, अरमान ने 27 रन देकर 1 विकेट, दीपक ने 37 रन देकर 1 विकेट, ऋषव ने 22 रन देकर 1 विकेट व रितेश ने 29 रन देकर 1 विकेट लिया। जस्टिस ग्रीन ने 24.2 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाया। सफी ने 50, साद ने 44, आदर्श ने 20 व सुमित ने 18 रन बनाया। विपुल कुमार ने 30 रन देकर 2 विकेट, अक्षत ने 30 रन देकर 2 विकेट व लकी ने 21 रन देकर 1 विकेट लिया।

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**रातू।** सोमवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। घटना ठाकुरगांव- रातू मुख्य मार्ग की हुई है। जहां एक ट्रैक्टर व बोलेरो पिकअप में टक्कर हो गई। इस दौरान ट्रैक्टर चालक सहित एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बोलेरो पिकअप चालक घायल हो गया। मौके पर पहुंची रातु पुलिस ने मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### चान्हो प्रखंड स्तरीय मार्च पास्ट का आयोजन



**चान्हो।** प्रखंड स्तरीय मार्च पास्ट का आयोजन प्रखंड के शहीद वीर-बुद्ध भगत इंटर महाविद्यालय के प्रांगण में रविवार को किया गया है। संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के अवसर पर किए गए इस कार्यक्रम में परेड और झांकी निकाली गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बने हुए संविधान के आज 75 वर्ष पूरे हो गए। कुछ फिरकापरस्त ताकत संविधान पर छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। संविधान हमारे देश का दस्तावेज है। इसी के आधार पर हमारा देश चल रहा है। इसमें किसी तरह की छेड़छाड़ की कोई जरूरत नहीं है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की लगन और मेहनत से पढ़ाई करें और शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा ले है। वहीं कॉलेज के सचिव अजित सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा की जरूरत को देखते हुए कॉलेज की स्थापना की गई है। इसी कॉलेज के प्रथम परीक्षा परिणाम में एक बच्ची ने पूरे झारखंड में द्वितीय स्थान लाकर कॉलेज का नाम रौशन किया।

# 36 वें गणतंत्र किसान मेला पतराहातु में, उमड़ी लाखों की भीड़

*मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र पश्चिम बंगाल के छः नृत्य दल, सरायकेला के झूमर दल एवं अनगड़ा का पांता नृत्य दल रहा*



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** ग्रामीण विकास केंद्र के तत्वाधान में आयोजित 36 वां गणतंत्र किसान टुसु मेला का आयोजन पतराहातु में हुआ जिसमें लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी।आसपास के ग्रामीण पूरे जोश-खरोश के साथ ढोल-नगाड़ा, चौड़ल और साँस्कृतिक -दल के साथ उमड़ पड़े। मौके पर सिल्ली के विधायक श्री अमित कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। महतो ने मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि टुसु मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसको बचाना हमारी नई पीढ़ी के लिए एक चुनौती है। उन्होंने गणतंत्र किसान मेला के आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा यह मेला एक सांस्कृतिक धरोहर रूप में स्थापित होने जा रहा है। कार्यक्रम को माकपा नेता सुफल महतो, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, कृषि विभाग के अनिल सिंह एवं भजोहरी महतो आदि ने भी संबोधित किया। इसके अलावा मेला में मुख्य रूप से हलधर महतो, कैलाश महतो, कृष्णा प्रमाणिक, भुवनेश्वर महतो, श्रीपद महतो, अक्षय महतो, अश्विनी महतो, नरसिंह महतो, दिनेश महतो, विनोद महतो, शैलेश हाजरा, चितरंजन महतो, गोबिंद महतो, भूपेंद्र महतो, महावीर महतो, गोपाल मांझी आदि उपस्थित थे। मेला में टुसू प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक दल को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। टुसू चौड़ल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कारेयाडीह, द्वितीय पुरस्कार बादालु एवं तृतीय पुरस्कार तुंकू के टुसू चौड़ल समिति को दिया गया। मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र पश्चिम बंगाल के छः नृत्य दल, सरायकेला के झूमर दल एवं अनगड़ा का पांता नृत्य दल रहा। गणतंत्र किसान मेला में कृषि- प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें 175 किसानों को स्प्रेयर, कुदाल, हल एवं विभिन्न तरह के कृषि सामग्री देकर सम्मानित किया गया।

## हर शनिवार को लगेगा अंचल अदालत : शिल्पी नेहा तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता प्रखंड सभागार मे सोमवार को समीक्षा बैठक किया गया। बैठक मे मंत्री ने कहा अंचल कार्यालय में स्थानीय थाना और अंचल के अधिकारी की संयुक्त तत्वावधान में अंचल अदालत लगाया जाएगा। इसका उद्देश्य अंचल और थाना से संबंधित मामलों का त्वरित गति से समाधान करना है। ग्रामीण जनता को बार- बार सरकारी दफ्तर या थाना का चक्कर नहीं लगाना पड़े , इसका ध्यान रखते हुए अंचल अदालत लगाने को कहा। प्रखंड सभागार में चली मैराथन बैठक के क्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विकास योजनाओं की जानकारी ली। समीक्षा के क्रम में अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि लाभुक के चयन से लेकर योजना के धरातल पर उतारने में पूरी पारदर्शिता बरती जाए। इसके साथ ही वी एल डब्लू पूर्ण रूप से कृषि विभाग का काम देखेंगे। पहले की तरह आवास टैगिंग का काम वो अब नहीं करेंगे। वी एल डब्लू के काम पर विभाग के अधिकारी नजर रखेंगे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि राज्य सरकार की कल्याणकारी विकास योजनाओं को लेकर ग्रामीण जनता के बीच योजनाओं का प्रचार-प्रसार सही तरीके से किया जाए।

## न्यूज | बॉक्स

### अलभ्या व विजेता ने अंडर-12 टेनिस ट्रॉफी जीती



**रांची।** झारखंड टेनिस संघ द्वारा आयोजित झारखंड राज्य टेनिस टूर्नामेंट में अलभ्या और विजेता विभाकर ने महिला अंडर-12 युगल ट्रॉफी जीती। इस जोड़ी ने मेहर दरखशा और सनाया शर्मा को 7-0 से हराकर ट्रॉफी जीती। अंडर 12 महिला एकल में अलभ्या ने उपविजेता ट्रॉफी जीती, जबकि विजेता ने टूर्नामेंट जीता। इस महीने की शुरूआत में अलभ्या ने जेएससीए टेनिस अकादमी में महिला एकल वर्ग में अंडर 12 चैंपियनशिप जीती थी। वह पिछले साल रायपुर में राष्ट्रीय स्तर की टेनिस प्रतियोगिता में भी शामिल हो चुकी हैं। टूर्नामेंट विजेताओं को खेलगांव में एडीजी, जेएपी, प्रिया दुबे ने सम्मानित किया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लाभुकों का हुआ चयन



**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागार में एक बैठक की गई। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने की। बैठक में प्रधनमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए लाभुकों का चयन कर उनका नाम जोड़ा गया। इस बैठक में सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, ग्रामसेवक तथा ब्लाक कोआर्डिनेटर उपस्थित थे। वहीं इस बैठक में अनुपस्थित रहने वाले ग्रामसेवक मनीलाल उरांव को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया है कि प्रखंड के बैठकों तथा कार्य स्थल से आदतन अनुपस्थित रहने के कारण क्यों न उनके कार्य अनुबंध की समाप्ति की अनुशंसा कर दी जाय।

### तसर उत्पादन केंद्र में गणतंत्र दिवस मना



**रांची।** केन्द्रीय रेशम बोर्ड-केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची में गणतंत्र दिवस मनाया गया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानक जेपी पांडे ने राष्ट्रीय ध्वज फहाराया ओर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संविधान लोकतंत्र की आत्मा है, यह हमें मौलिक अधिकार देती है। हम सबों को पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए।

### सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए झारखंड का हुआ चयन ट्रायल



**रांची।** 01 से 12 मार्च 2025 तक पंचकुला हरियाणा में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में झारखण्ड हॉकी टीम के भागीदारी के लिए हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल हुआ। चयन ट्रायलमोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हुआ। इस चयन ट्रायल में सिमडेगा, खूंटी, रांची, रेलवे, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के हॉकी खिलाड़ी भाग लिया। इस चयन ट्रायल से झारखंड के विशेष शिविर के लिए निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, रोपनी कुमारी, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा ध्यान, सोनल मिंज, नीरू कुल्लू, संजना होरो, निराली कुजूर, महिला टेटे, रश्मि होरो, रेशमा सोरेंग, रीमा बखला, सम्मी बड़ा, दिप्ती कुल्लू, दीप्ती टोप्पो, प्रिया डुंगडुंग, प्रमोदानी लकड़ा , एडलीन बागे, निक्की कुल्लू, एलिन डुंगडुंग, अंकिता डुंगडुंग, सालोमो कमडूलना, अलबेला रानी टोप्पो, अमृता मिंज, शुशोला कुजूर, रीना कुमारी, अनिमा कांडूलना चयनित किए गए है जिनका विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर बेस्ट 18 खिलाड़ियों नेशनल चैंपियनशिप 2025 में झारखंड टीम के लिए चयनित किया गया।

## सीसीएल सीएमडी ने गणतंत्र दिवस पर किया झंडोत्तोलन, दी शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने 76वां गणतंत्र दिवस महात्मा गांधी क्रीड़ांगण, सीसीएल गांधीनगर में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निलेन्दु कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। निलेन्दु कुमार सिंह ने सीसीएल सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ जवानों, आर्मी बैंड और गांधीनगर डीएवी व ज्ञानोदय स्कूल के विद्यार्थियों की परेड का निरीक्षण किया। समारोह में सीएमडी के साथ निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान, सीवीओ पंकज कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, श्रमिक प्रतिनिधि, सीसीएल कर्मी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर विशिष्ट अतिथि के तौर पर 'अर्पिता महिला मंडल' की अध्यक्षा प्रीति सिंह और क्लब की अन्य सदस्य भी उपस्थित रहीं। मौके पर सीएमडी श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के संविधान निर्माताओं को नमन किया।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग गोविंदपुर सड़क फतेहपुर चौक पर मोटरसाइकिल और मालवाहक टेंपो की टक्कर में बाइक सवार एक की दर्दनाक मौत हो गई वहीं दूसरा घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लापुंग सापुकेरा बाजार से मालवाहक टेंपो गोविंदपुर की ओर लौट रहा था वहीं दूसरी ओर विपरित दिशा से जा रहा मोटरसाइकिल होंडा शाइन में सीधी टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो बीच सड़क में पलट गया। वहीं बाइक सवार खूंटयारी पहाड़ बंगारु निवासी 24 वर्षीय रमेश होरो पिता जोनसन होरो की मौत हो गई जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल पहाड़ बंगरु निवासी 24 वर्षीय फिलमीन बरला को समाजसेवी उमाशंकर साहु ने अपने कार में बैठाकर खुद सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लापुंग पहुंचाया। जहां डॉ नमिता आशावंती लकड़ा ने प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया। फि लमीन बारला घायल और मृतक रमेश होरो दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। संभवतः हेलमेट पहने रहने से एक की मौत नहीं होती दोनों की उम्र लगभग 24 वर्ष है दोनों के सिर में गम्भीर चोट आयीं है। लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव और एसआई राजेंद्र कुमार महतो ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है । डॉ नमिता लकड़ा ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रिम्स भेजा दिया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मोटर साइकिल और टेंपो को लापुंग पुलिस जब्त कर लिया है। घायल व मृतक के परिजन देर शाम हॉस्पिटल पहुंच चुके थे जहां परिजनो का रो रो कर बुरा हाल हो गया था।

## साईं नामकुम ने 2 रनों से जीत दर्ज की



**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में जेयूवीएनएल बनाम साई नामकुम के बीच खेला गया। साई नामकुम ने 32.1 ओवर में 10 विकेट पर 209 रन बनाया। अभिलाष आनंद ने 44 रन, गोलू सिंह ने 37 रन, अविनाश सिंह ने 30 रन बनाया। वहीं अमित कुमार ने 30 रन देकर 3 विकेट, अमित इंदवार ने 43 रन देकर 3 विकेट व रितु मुंडा ने 20 रन देकर 2 विकेट लिया। जेयूवीएनएल की टीम ने 35 ओवर में नौ विकेट पर 207 रन बनाया। मुकेश कुमार ने 86 रन, अश्वनी कुमार ने 32 रन, हेमन्त कुमार ने 22 रन बनाया। उमा शंकर ने 22 रन देकर 2 विकेट व दीप नारायण ने 28 रन देकर 2 विकेट लिया। साईं नामकुम 2 रनों से विजयी रहा।

## साधारण जीवन, सादगी, समर्पण व उच्च विचारों वाली थी सैंट एंजेला मैरिसीः सिस्टर जयंती



**खलारी।** उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में उसुर्लाइन समाज की संस्थापिका सैंट एंजेला मैरिसी का फीस्ट दिवस धूमधाम व उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सैंट एंजेला हाउस के विद्यार्थियों द्वारा सभी सिस्टरों का स्वागत कर तथा सैंट एंजेला मैरिसी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। सैंट एंजेला मैरिसी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राचार्य सिस्टर जयन्ती ने सैंट एंजेला के साधारण जीवन, सादगी, समर्पण और उच्च विचारों के बारे में बताते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके जैसी सादगी, समर्पण और उच्च विचार जैसे संस्कारों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उसके बाद प्राचार्या ने विद्यालय में बने नवनिर्मित रैंप का उद्घाटन किया। कहा कि विद्यार्थियों को रैंप से अपनी कक्षा में आने जाने की सुविधा होगी, विशेषकर दिव्यांग विद्यार्थियों को काफी सुविधा होगी। कहा कि क्षेत्र में यह पहला विद्यालय है जहां रैंप का निर्माण किया गया है।

## सिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में गणतंत्र दिवस की रही धूम

**सिल्ली।** रविवार को सिल्ली मुरी आसपास के क्षेत्रों में 76 वें गणतंत्र दिवसपर ध्वजारोहण किया गया। सिल्ली प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक ने ध्वजारोहण किया। मौके पर अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार मौजूद रहे। इसी क्रम में सिल्ली थाना में प्रभारी दिनेश ठाकुर, सामुदायिक अस्पताल में प्रभारी डॉक्टर प्रियंका सिन्हा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में जिला परिषद उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, मुरी ओपी में प्रभारी कुंदन कुमार, राजकीय रेल थाना में प्रभारी संतोष कुमार सिंह, रेलवे सुरक्षा बल थाना में प्रभारी संजीव कुमार ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान सशस्त्र बलों ने झंडे को सलामी दिया। वहीं आसपास के क्षेत्र दिनभर देश भक्ति गीत से गुंजायमान रहा। सभी विद्यालयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया।

## बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों व महापुरूषों के वेशभूषा में निकाली प्रभातफेरी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** डीएवी स्कूल खलारी के बच्चों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों व महापुरूषों के वेशभूषा में प्रभातफेरी निकाली। बच्चों ने भारत माता की जय, हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान, वंदे मातरम् के नारे लगाते हुए एसीसी कालोनी में प्रभातफेरी निकाली। प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने तिरंगा फहराया तथा परेड की सलामी ली। वहीं बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत, नृत्य व नाटिका प्रस्तुति दी। प्राचार्य ने अपने भाषण में बताया कि हमारा संविधान पिछले 75 वर्षों से हमें रास्ता दिखा रहा है। समय-समय पर संविधान में बदलाव भी हुए हैं। न्याय की मूर्ति जिस पर पहले काली पट्टी बंधी होती थी अब वह पट्टी हटा दी गई है। अब न्याय की देवी खुली आंखों से हम सभी को काम करते हुए देखती है।

# खलारी में उत्साह के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस


*उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल में प्राचार्या सिस्टर जयंती तथा सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में रोहिणी पीओ राजेन्द्र प्रसाद ने तिरंगा फहराया*



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी प्रखंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी, गैरसरकारी संस्थानों, विद्यालयों, बैंक, पोस्ट आफिस, एलआईसी सहित कई चौक चौराहों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान के साथ तिरंगा झंडा को सलामी दी गई। खलारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, खलारी डीएसपी कार्यालय, पुलिस निरीक्षक कार्यालय व खलारी थाना परिसर में थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने तिरंगा फहराया। वही एनके महाप्रबंधक कार्यालय, डकरा स्टेडियम में महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता, खलारी पीएचसी में डा इरशाद, हिंदूगढ़ी चौक पर जिप सदस्य सरस्वती देवी तथा खलारी शहीद चौक पर पुअनि कपिलदेव यादव ने तिरंगा फहराया। महाप्रबंधक ने डकरा स्टेडियम में परेड की सलामी ली। सीआईएसएफ जवान, सुरक्षा कर्मियों व स्कूली बच्चों ने शानदार परेड किया। रोहिणी, केडीएच, पुरनाडीह, चुरी व डकरा परियोजना कार्यालय में संबंधित परियोजना पदाधिकारी ने तिरंगा फहराया। पंचायतों के सचिवालय में संबंधित मुखिया द्वारा झंडा फहराया गया। बुकबुका पंचायत सचिवालय में पारसनाथ उरांव, खलारी में तेजी किस्पोट्टा, तुमांग में संतोषकुमार महली, विश्रामपुर में दीपमाला कुमारी, चूरी दक्षिणी में मलका मुंडा, हुटाप में शिवरत मुंडा सहित अन्य पंचायत सचिवालयों में संबंधित मुखिया द्वारा तिरंगा फहराया गया। दी खलारी सीमेंट वर्कर्स यूनियन कार्यालय में राजनसिंह राजा सहित विभिन्न ट्रेड यूनियन कार्यालय व राजनीति दल कार्यालय में तिरंगा फहराया गया। उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में प्राचार्या सिस्टर जयंती तथा सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में रोहिणी पीओ राजेन्द्र प्रसाद ने तिरंगा फहराया। पीओ ने सविमं करकट्टा के विकास के लिए 2100 रूपए नगद तथा अभिमन्यु कुमार ने दो पंखा दान दिया। बच्चों ने आकर्षक गीत, नृत्य प्रस्तुत किया।

### स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

## 26 जनवरी हमारे देश के गौरव का प्रतीक है : शालिनी विजय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शबद गायन और अरदास की। विद्यालय की प्राचार्या शालिनी विजय ने झंडा रोहण किया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी हमारे देश के गौरव का प्रतीक है। इस दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। 1947 में ब्रिटिश शासन से आजादी के बाद, भारत ने अपने संविधान को अपनाकर एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई। भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है और यह हमारे लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा करता है, जिससे देश के हर एक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार मिलता है। हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारे लोग हैं। हमें यह समझना चाहिए कि हम सिर्फ तभी एक सशक्त और समृद्ध देश बना सकते हैं जब हम अपने कर्तव्यों और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, परिश्रम और एकता के साथ हम अपने देश को विश्व में एक मजबूत स्थान दिला सकते हैं। मौके पर एनसीसी बालिका बटालियन ने विद्यालय के चारों सदनों के साथ मार्च पास्ट का अद्भुत प्रदर्शन किया।

### एचआइएल प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## विजेता टीम ओडिशा वॉरियर्स को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का खेल के प्रति प्रेम एवं गहरे लगाव की बानगी फिर देखने को मिली। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रविवार को मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री के साथ गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री यहां जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब एवं ओडिशा वॉरियर्स के बीच खेले गए फाइनल मुकाबला का लुत्फ उठाया तथा खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। ओडिशा वॉरियर्स ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 2-1 से हराकर उद्घाटन संस्करण का खिताब अपने नाम किया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन को अपने बीच पाकर खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ। मुख्यमंत्री भी गर्मजोशी के साथ खिलाड़ियों को चीयर करते हुए नजर आए।

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन :** फाइनल मुकाबला के दौरान मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस रंगारंग कार्यक्रम एवं आतिशबाजी का हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने आनंद उठाया। महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन संस्करण का शानदार समापन हुआ। इस अवसर पर पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, अध्यक्ष हॉकी इंडिया डॉ दिलीप तिर्की, सेक्रेटरी जनरल हॉकी इंडिया श्री भोला नाथ सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### झारखंड में अपहरण गैंग के 7 सदस्य गिरफ्तार, नोट गिनने की मशीनें बरामद

**रामगढ़।** झारखंड पुलिस ने एक अंतरराज्यीय 'अपहरण गिरोह' का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह द्वारा फिरौती के लिए अगवा कर बंधक बनाए गए दो लोगों को भी रामगढ़ जिले के एक घर से छुड़ाया है। पुलिस को गैंग के सदस्यों से नोट गिनने की दो मशीनें भी मिली हैं। पुलिस ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराज्यीय 'अपहरण गिरोह' के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि गिरोह के सदस्यों को शनिवार को जिले के दिगवार गांव में उस घर पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया, जहां उनके द्वारा दो लोगों को फिरौती के लिए अगवा कर बंधक बनाकर रखा गया था।

### गणतंत्र दिवस पर सम्मानित हुए भुरकुंडा के रूपेश विश्वकर्मा

**भुरकुंडा।** गणतंत्र दिवस की अवसर पर रामगढ़ जिला प्रशासन ने व्यक्तिगत उपलब्धियां एवं समाज के हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई लोगों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया है। इसमें भुरकुंडा हुरूमगढ़ा निवासी रूपेश कुमार विश्वकर्मा का भी नाम शामिल है, जिन्होने तितलियां के संरक्षण को लेकरा न सिर्फ शोध किया है, बल्कि इसके लिए पंचायत स्तर पर जागरूकता भी फैला रहे हैं। गणतंत्र दिवस समारोह में डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने रूपेश विश्वकर्मा को मेडल के साथ प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कोयलांचल भुरकुंडा के लिए यह गौरव का पल था। केकेसी हाई स्कूल में पदास्थापित शिक्षक रूपेश विश्वकर्मा ने इसके लिए जिला प्रशासन के प्रति कृतज्ञता जताई है। कहा कि जिला प्रशासन की इस पहल से और भी लोग प्रेरित होकर कुछ समाज के हित में उत्कृष्ट कार्य करेंगे।

### हाइवा के डाला में फंसा रेलवे का हाइट गेज, केबिन क्षतिग्रस्त

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा-सयाल मुख्य पथ में सीसीएल सौंदा स्थित रेलवे फाटक में सोमवार तड़के हादसा हुआ। सीसीएल के सौंदा बी साइडिंग से कोयला अनलोड कर लौट रही हाइवा ट्रक (ओडी09पी-3786) का उठा हुआ डाला रेलवे फाटक के समीप लगे हाइट गेज में फंस कर क्षतिग्रस्त हो गया। यही नहीं, टूटने के बाद हाइट गेज ट्रक के केबिन में गिर गया, जिससे केबिन का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इस हादसे में ट्रक का चालक बाल-बाल बच गया। इधर ट्रक के केबिन में क्षतिग्रस्त हाइट गेज के फंस जाने से भारी वाहनों का परिचालन ठप हो गया। हादसे के बाद सुबह छोटे-बड़े वाहनों का परिचालन नवनिर्मित अंडर पास से शुरू हुआ। बताते चलें कि ट्रक चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है।





सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में शान से फहराया गया तिरंगा, झंडे को दी गई सलामी, याद किए गए अमर शहीद

# शैक्षणिक संस्थानों में देश भक्ति गीतों पर झूमे बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के सभी सरकारी ,गैर सरकारी कार्यालयों एवं राजनीतिक दलों के कार्यालय में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हर्षोल्लास के साथ तिरंगा फहराया गया।इस अवसर पर विभिन्न संस्थानों में झंडोत्तोलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं बच्चे देशभक्ति गीतों पर खुब झुमें।वहीं प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में प्रमुख रेणू देवी, डिवाइन पब्लिक स्कूल गंगपांचो एवं मान सरोवर पब्लिक स्कूल घंघरी में विधायक अमित कुमार यादव, झामुमो आवासीय कार्यालय में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने झंडोत्तोलन किया। बरकट्ठा थाना में प्रभार प्रभारी गौतम उरांव, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में इमदाद अंसारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ रत्ना रानी कुंज, गोरहर थाना में प्रभारी सोनू कुमार, विधायक आवासीय कार्यालय में मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, केजीवीभी बरकट्ठा में सीओ श्रवण कुमार झा, क. मध्य विद्यालय बरकट्ठा में महेश प्रसाद चौधरी, उत्क्रमित +2 कन्या उवि बेलकप्पी में संजय कुमार दास,यशोदा रामकृष्ण पब्लिक स्कूल सलैया में प्राचार्य आनन्द कुमार, पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में सत्येंद्र प्रसाद, आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह में प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी, बरकट्ठा उत्तरी पंचायत भवन में मुखिया प्रमिला देवी, दक्षिणी में अब्बास अंसारी, गोरहर पंचायत भवन में प्रेमिका देवी, बेलकप्पी में ललिता देवी, झुरझुरी में सुमन कुमार, सलैया में प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, तुईयो में शंकर रविदास समेत कई सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों में झंडोत्तोलन किया गया। वही प्रखंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था व संविधान की सुरक्षा का लें संकल्प : विधायक

### एसडीपीओ ने नशा उन्मूलन और डीएस ने टीबी मुक्त भारत के लिए दिलाई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बरही के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में शान से तिरंगा फहराकर सलामी दी गई. राष्ट्रीय पर्व की शुरूआत एसडीओ जोहन टुडू ने अपने आवासीय व कार्यालय में झंडोतोलन कर किया. उसके बाद एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, रजिस्ट्रार ऑफिस में सीओ सह प्रभारी निबंधक सह अमित किस्कू, बार एसोसिएशन में अध्यक्ष झारखंडी साहा, अनुमंडलीय अस्पताल में उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, बरही थाना में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार, अंचल निरीक्षक कार्यालय में सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख मनोज रजक, कन्या वि में प्रभारी प्रधानाध्यापक रविकांत ओम, मध्य विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक हेंब्रम मुर्मू, भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य डॉ आशुतोष मैढ़, आईलेक्स पब्लिक स्कूल में निदेशक शैलेश कुमार, प्रेस क्लब बरही में अध्यक्ष अनुज यादव आदि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी. बरही चौक और प्रखंड मैदान में आयोजित स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने झंडोत्तोलन कर झंडे को सलामी दिया. प्रखंड मैदान में अपने संबोधन में विधायक ने लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाने एवं संविधान सुरक्षा की बात कही. इस दौरान एसडीपीओ श्री बिमल ने नशाविहीन अनुमंडल बनाने के लिए उपस्थित लोगों को दिलाते हुए सहयोग की अपील किया.

## न्यूज बॉक्स

### प्रमुख और मुखिया ने जरुरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगपाचो में प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, मुखिया चिंता देवी, उप मुखिया पूजा देवी, सचिव ललित किशोर पाण्डेय और वार्ड सदस्यों के उपस्थिति में गरीब असहाय और वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वितरण समारोह में प्रमुख और मुखिया ने लोगों से ठंड में कंबल का उपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा गरीब और असहाय लोगों को कंबल दिया जा रहा है ताकि लोग ठंड से अपनी बचाव कर सकें। मौके पर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सूरज कुमार, सुरेश कुमार, संजय चौधरी, मुनी प्रसाद, राजू महतो, छोटेलाल यादव, पंकज कुमार, कुंती देवी, मनोहर प्रसाद चौधरी, नरेंद्र प्रसाद चौधरी, दयानंद कुमार, सतीश कुमार, चंद्रदेव कुमार, दयानंद कुमार, संजय कुमार, भुवनेश्वर प्रसाद, कुलदीप शर्मा, राजेश उर्फ लालू समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### रामगढ़ नगर निकाय चुनाव में जेएलकेएम अपना उम्मीदवार उतारेगा : पवन कुमार महतो



**रामगढ़।** सोमवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के नगर परिषद कमेटी की बैठक जिला कार्यालय में नगर अध्यक्ष पवन कुमार महतो की अध्यक्षता एवं नगर सचिव देवेंद्र कुमार के संचालन में संपन्न हुई । बैठक मुख्यत नव चयनित नगर परिषद के पदाधिकारियों के संगठनात्मक परिचय के साथ शुरू हुई। सभी वार्डों में नगर कमेटी का विस्तार सशक्त एवं मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। नगर निकाय चुनाव को लेकर भी चिंतन मंथन किया गया। सभी बिंदुओं पर सभी वक्ताओं ने बारी-बारी से अपने विचार रखे । जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश महतो ने कहा कि इस बार नगर निकाय चुनाव में पार्टी के दिशा निर्देश के अनुसार ही चुनाव लड़ा जाएगा तथा इसकी घोषणा पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो द्वारा की जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की नगर परिषद क्षेत्र के सभी लोगों को एकजुट एवं सभी संप्रदाय के लोगों को एक साथ मिलाकर चलना होगा तथा सोशल मीडिया से रिलेटेड लोगों को अहम जानकारी दी गई। नगर अध्यक्ष पवन कुमार महतो ने कहा कि इस बार नगर परिषद चुनाव में नगर परिषद क्षेत्र के पार्टी के एक्टिव मेंबर तथा नगर परिषद क्षेत्र में उनका एक अलग पहचान हो, वैसे कैंडिडेट उतारा जाएगा। इस बार नगर निकाय चुनाव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का अपना उम्मीदवार मजबूती के साथ उतारेगी।

### सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए कमल बगड़िया हुए सम्मानित



**रामगढ़।** रविवार को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार एवं अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों के समक्ष रामगढ़ में सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए प्रसिद्ध समाजसेवी कमल बगड़िया को सम्मानित किया गया । सम्मानित होने पर कमल बगड़िया ने कहा की इसके लिए मैं सभी रामगढ़ वासियों को शत-शत नमन करता हूं जिनके प्यार ने मुझे इस योग्य बनाया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी अंतिम सांस तक सेवा के कार्य में एवं बाबा श्याम के भजनों में लगा रहूंगा। पूरे जिले धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया है। इस मौके पर शहर में काफी चहल-पहल देखी गयी। बड़ो से लेकर बच्चों के हाथों में तिरंगा देखा गया। शहर के मुख्य चौक चौराहो पर उत्साह के साथ तिरंगा लहराया गया और मिठाईयां भी बांटी गयी। इस राष्टीय पर्व में बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। पार्क और मैदानों में काफी भीड़ देखी गयी। इस मौके पर क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया।

# सीएम आज करेंगे अबुआ बजट विशेषज्ञ कृष्णा को सम्मानित

**कृष्णा राणा ने सरकार को देने वाले अपने बेहतर सलाह के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने इसमें सफलता भी पाई है**



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मंगलवार बरही प्रखंड वासियों के लिए एक सुखद दिन होनेवाला है. प्रखंड के बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत निवासी कृष्णा राणा को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अपने हाथो से सम्मानित करेंगे. यह सम्मान श्री राणा के द्वारा सरकार को विभिन्न मुद्दों पर दिए जाने वाले बेहतर सलाह के लिए दिया जायेगा. उक्त जानकारी देते हुए श्री राणा ने बताया कि वह राज्य सरकार के अबुआ बजट विशेषज्ञ भी हैं. जो सरकार को कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपना सलाह दे चुके हैं जिसका सरकार ने सहज स्वीकार भी किया है. उन्होंने बताया कि प्रदेशवासियों के उत्थान और विकास के लिए अपनी नई अवधारणाओं से सरकार को अवगत कराना उनका मुख्य उद्देश्य रहा है. वर्तमान में वह जेएसडीएमएस में पदस्थापित हैं.

# उत्क्रमित मवि में गणतंत्र दिवस पर लहराया तिरंगा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को उत्साह के साथ झंडोतोलन किया गया। झंडोतोलन विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा देश 26 जनवरी 1950 ई को गणतंत्र घोषित हुआ था। कहा कि गणतंत्र घोषित होने के बाद से हमारे देश ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति किया है। जिसका लोहा आज पूरा विश्व मानता है। डॉ कश्यप ने कहा कि हमारा देश इसी तरह आगे बढ़े यही मेरी कामना है। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मांडू विजय राम बतौर अतिथि मौजूद थे। जिनका विद्यालय आने पर बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सहायक अध्यापक शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता, जेठालाल मांझी ,अध्यक्ष योगेश्वर भैया एवं प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल हुए।

# विधायक ने मंत्री से विस्थापितों की समस्याओं के समाधान की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बीते शनिवार को जिला समाहरणालय में केंद्रीय राज्य मंत्री (पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग) शांतनु ठाकुर की अध्यक्षता में आकांक्षी की महत्पूर्ण बैठक हुई. जिसमे जिले के विभिन्न क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और उनके संभावित समाधान पर विस्तृत चर्चा हुई. इस दौरान बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही के पेयजल संकट समस्या की चर्चा करते हुए शीघ्र समाधान की मांग किया. जिससे गर्मी में पानी की किल्लत से जूझने वाले बरही की जनता को राहत मिल सके. इसके साथ ही विधायक ने तिलैया डैम के निर्माण से विस्थापित 52 मौजा के ग्रामीणों की समस्याओं पर भी ध्यान आकर्षित किया. उन्होंने विस्थापितों के लिए लिफ्ट इरिगेशन की सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही. जिससे विस्थापित अपनी कृषि भूमि को सिंचाई योग्य बना सकें और विस्थापन से उपजे दर्द को कम किया जा सके. बैठक में बरही विधायक के अलावा सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता और उपाध्यक्ष किशुन यादव सहित कई अधिकारी और कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे. उन्होंने भी अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए अपने सुझाव और प्रतिबद्धता व्यक्त किया।




### भाकपा माले ने गिद्दी में नुक्कड़ सभा का किया आयोजन

**गिद्दी।** भाकपा माले ने गिद्दी अस्पताल चौक में रविवार को संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता सुंदरलाल बेदिया और संचालन अजीत प्रजापति ने की। जबकि नुक्कड़ सभा को मिथिलेश सिंह, बैजनाथ मिस्त्री, आरडी मांझी, धनेश्वर तुरी, राजेंद्र गोप आदि ने संबोधित किया। नेताओं ने कहा आरएसएस और भाजपा संविधान संशोधन करके सांविधानिक अधिकार पर लगातार हमला कर रहा है।

## जिले में मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

# उपायुक्त ने दी सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

***1950 में हमारे देश का संविधान प्रभावी हुआ व इसके साथ ही एक स्वतंत्र गणतंत्र की स्थापना का हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों का सपना साकार हुआ***



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने जिले के सिद्धू -कान्हू मैदान से सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं दी।गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने सर्वप्रथम अपने आवासीय कार्यालय में झंडा फहराया जिसके उपरांत उन्होंने सिद्धू कान्हू मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में हिस्सा लिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने परेड का निरीक्षण किया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने झंडा फहराया। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी को 76 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन के दौरान उपायुक्त ने कहा कि आज ही के दिन सन 1950 में हमारे देश का संविधान प्रभावी हुआ व इसके साथ ही एक स्वतंत्र गणतंत्र की स्थापना का हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों का सपना साकार हुआ। हमारे संविधान की प्रस्तावना, भारत के नागरिक के रूप में हमारा, देश के प्रति अधिकार व कर्त्तव्यों को रेखांकित करते हुए एक ऐसे समतामूलक देश की आधारशीला रखता है, जिसमें सभी को न्याय, स्वतंत्रता, समता का बराबर अवसर प्राप्त हो। गणतंत्र दिवस के आज के अवसर पर हम सभी के द्वारा देश के निर्माण में अपने योगदान को और मजबूत करने का संकल्प लेने तथा एक नागरिक के रूप में अपने उत्तरदायित्वों को पुनः दोहराने का अवसर भी है। प्रशासन व सरकार द्वारा सभी नागरिकों के लिए, विशेष रूप से पिछड़े व वंचित लोगों को प्राथमिकता देते हुए, सभी के विकास के लिए कई कार्य किये जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, कृषि, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों के माध्यम से आधारभूत सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

# गणतंत्र दिवस पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड के कुल्ही स्थित बीजेएलएम संत फ्रांसिस इंटरनेशनल एकेडमी में 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में देशभक्ति की भावना और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ममता देवी शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने कहा की आज का दिन हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है । कहा की आज 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है । कहा की इतने वर्षो में हमारा देश काफी आगे बढ़ा है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अनेक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक और कविता पाठ जैसे कार्यक्रमों ने न केवल देशभक्ति का संदेश दिया, बल्कि बच्चों की अद्भुत प्रतिभा को भी प्रदर्शित किया। बच्चों ने देश हमारा गौरव है, स्वतंत्रता के वीरों की गाथा जैसे विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने खूब सराहा। कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के डायरेक्टर शुभम कुमार, कृष्ण कुमार सिन्हा, दशरथ महतो और पवन कुमार ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और इस प्रकार के आयोजनों को बच्चों के शैक्षिक और नैतिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

***संविधान में हुए संशोधनों के माध्यम से नागरिकों के हितों की रक्षा की जा रही है तो हम सभी का यह कर्तव्य है कि संविधान का सम्मान करें***




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार को 76 वां गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी रणधीर कुमार सिंह के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया।विद्यालय प्राचार्य उमेश प्रसाद द्वारा मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व और इसके पीछे की कहानी के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को देश के संविधान के मूल्यों और अधिकारों का सम्मान करने और देश की सेवा करने का संदेश दिया। भैया-बहनों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इनमें देशभक्ति के गीत, नृत्य,भाषण,योगासन, डंबल, पिरामिड प्रदर्शन शामिल थे। शारीरिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई। सभी कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया और उन्हें देशभक्ति की भावना से भर दिया। उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने अपने संबोधन में कहा यह बड़ा ही शुभ अवसर है, जब हम सभी मिलकर राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। संविधान में हुए संशोधनों के माध्यम से नागरिकों के हितों की रक्षा की जा रही है तो हम सभी नागरिकों का भी यह कर्तव्य है हम संविधान का सम्मान करें। कार्यक्रम के दौरान वर्ष भर में विभिन्न क्षेत्रों-अखिल भारतीय विज्ञान मेला मे अभिषेक कुमार द्वितीय,क्षेत्रीय खेलकूद (एथलेटिक्स) प्रथम-परी कुमारी, प्रांतीय विज्ञान मेला शिवम मिश्रा-प्रथम को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियो के लिए पुरस्कृत भी किया गया।

# अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में गणतंत्र दिवस के मौके पर लहराया तिरंगा

## जिले में विभागों के विकासोन्मुखी उपलब्धियों को उपायुक्त ने आम-जन के साथ की साझा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को मुख्य समरोम स्थल परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में झण्डोत्तोलन किया। कार्यक्रम से पूर्व उपयुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिप्सी के माध्यम से परेड का निरीक्षण किया। वही इस मौके पर अलग-अलग टुकड़ियों के द्वारा आकर्षक तरीके से मंच के सामने से परेड के माध्यम से कतारबद्ध तरीके से राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस मौके पर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने सिमडेगा जिले में विभिन्न विभागों के द्वारा किए गए उन्मुख उपलब्धियां को आम जनता के बीच साझा किया।मौके पर उन्होंने बताया भारतीय गणतंत्र की वर्षगांठ का यह पावन दिन हमें न सिर्फ भारत गणराज्य की स्थापना की याद दिलाता है बल्कि हमें सशक्त राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है।उन्होंने कहा जिला सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा जहाँ वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत 69477, विधवा पेंशन योजना अंतर्गत 15665, विकलांग पेंशन योजना अंतर्गत 3508, आदिम जनजाति पेंशन योजना अंतर्गत 341, लाभार्थियों को पेंशन राशि का भुगतान किया जा रहा है, वहीं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना से अबतक जिले के 18 से 50 वर्ष आयुवर्ग के कुल 99364 महिलाओं को लाभान्वित किया गया है, जेएसएलपीएस के द्वारा 83369 ग्रामीण महिलाओं को कुल 7275 स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया है जिसके तहत अब तक कुल 6795 समूहों को विभिन्न बैंकों से 77,57,05,000 सामुदायिक निवेश के अंतर्गत निधि प्रदान किया गया है। जिला बाल संरक्षण इकाई सिमडेगा द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत अनाथ या एकल अभिभावक वाले अथवा परित्यक्त बालक/बालिकाओं को प्रयोजन योजना से जोड़कर उनके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं उनके संपूर्ण विकास में सहायता प्रदान किया जा रहा है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अन्तर्गत सिमडेगा जिले की सराहनीय प्रगति जारी है।

सिमडेगा जिले के हॉकी के उत्कृष्ट ईको सिस्टम का ही सुखद परिणाम है कि बड़कीछाप्पर गांव की बेटी सलीमा टेटे आज भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान है। वही सिमडेगा जिला के रमणीक पर्यटन स्थलों जैसे ठेठईटांगर के राजाडेरा और घुमरी, बोलबा प्रखण्ड के दनगद्दी, पाकरटांड़ के बसतपुर में पर्यटन विकास का कार्य क्रियान्वित हो चुका है तथा वर्तमान में यहाँ पर्यटकों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हो गई है।



### पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक ने किया झंडोत्तोलन

पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने जिला पुलिस लाईन केंद्र में झंडोत्तोलन कर 76 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण व विधि व्यवस्था के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहे है वह आपराधिक घटना पर त्वरित कार्रवाई कर शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल सभी प्राप्त हो सके इसके लिए प्रशासन व पुलिस सदैव कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के दृष्टिकोण से विगत वर्ष कुल 410 गिरफ्तारी एवं 07 अवैध हथियार एवं 45

### विभिन्न विभागों के द्वारा निकाली गई आकर्षक झांकी

76 वें गणतंत्र दिवस के उपरान्त सामाजिक सुरक्षा विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, शिक्षा कार्यालय, स्वास्थ्य कार्यालय, कार्यालय. समेकित जनजाति विकास अभिकरण सिमडेगा, समाज कल्याण कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कृषि विभाग, जिला परिवहन कार्यालय, एवं जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सिमडेगा के द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान समेकित जनजाति विकास अभिकरण द्वितीय स्थान स्वास्थ्य विभाग तथा तृतीय स्थान जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को प्राप्त हुआ। मौके पर 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा जिला परिषद, सिमडेगा में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, व अन्य जनप्रतिनिधि सहित विभिन्न स्कूलों से आए हुए बच्चे पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मियों सहित बड़ी संख्या में जिलावासी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यालयों में दिलाई गई शपथ

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 के तहत सिमडेगा परिवहन विभाग के द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त से सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए दो पहिए वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करने समेत सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने से संबंधित शपथ दिलाई।



### कालीचरण मुंडा से मिले नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि

**सिमडेगा।** सोमवार को सिमडेगा जिला एवं सभी प्रखंडो के नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि खूंटी लोकसभा के सांसद कालीचरण मुण्डा से उनके आवास में मिले और आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया ।मौके पर सांसद ने अपने सभी प्रतिनिधियों को बधाई देते हुये क्षेत्र में रहकर सभी समस्याओं का समाधान करने और जनता के बीच रहने का निर्देश दिया। इस मौके पर खूंटी जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, सिमडेगा जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, वरिष्ठ कोंग्रेसी सह सांसद प्रतिनिधि डीडी सिंह,प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन्दर तिर्की, पूर्व वार्ड पार्षद कुलदीप किंडो,कांग्रेस नेता अजीत नवरंगी, झारखण्ड आंदोलनकारी संजय हेरेंज, धीरज वर्मा, एन आर बी सिंह अन्य समर्थक उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### उग्रवादी हिंसा में मृत आम नागरिकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित हुई बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उग्रवादी हिंसा में मृत आम नागरिकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उग्रवादी हिंसा में मृत आम नागरिकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति करने से संबंधित 14 मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त महोदय ने अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र को सभी मामलों में प्राप्त शैक्षणिक, पारिवारिक सदस्यता, सहित सभी प्रमाण पत्र का जांच करने की बात कहीं। सभी मामलों में जांच कर सरकार द्वारा प्राप्त संकल्प पत्र के आधार पर आवश्यक निर्णय लेने की बात कहीं। मौके पर परिवहन पदाधिकारी संजय बखला सहित अन्य उपस्थित थे।

### एक दिवसीय लेदर बोल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



**ठेठईटांगर।** गणतंत्र दिवस पर वीआईपी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय लेदर बोल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें वीआईपी लेजेंट 104 रन से जीत हासिल किया ।पहले बैटिंग करते हुए वीआईपी लीजेंड 185 रन का स्कोर खड़ा किया, इसके जवाब में पीछा करते हुए भी आई पी बॉयज मात्र 81 रन के स्कोर पर ढेर हो गई, मैन ऑफ द मैच प्रचित सिंह को दिया गया,मैन ऑफ द सीरीज तौसीफ एवं बेस्ट बैट्समैन आयुश कुमार इमेजिंग प्लेयर विवेक कुमार को दिया गया । टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज उपस्थित हुए एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किए साथ ही विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने खिलाड़ियों को संबोधन करते हुए कहा इस तरह से हमारे छोटे से प्रखंड में लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट कराना अपने आप में बहुत बड़ा बात है ।कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहसिन आलम, सोनू प्रधान ,मकसूद आलम वेद प्रधान ,तहसीन आलम,राजा आलम एवं कमेटी के सभी मेंबर का भरपूर योगदान रहा।

### आरसी प्राथमिक विद्यालय गिरदा में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**बानो।** प्रखण्ड के आर सी प्राथमिक विद्यालय गिरदा में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस। फ़ा भितुस जीवन केरकेट्टा ने ध्वजारोहण किया ।मौके पर फ़ा भितुस ने कहा जैसा कि आप सभी जानते हैं ।26 जनवरी1950 को संविधान लागू हुआ ।आज हम संप्रभु व स्वतंत्र हैं तो हमारे देश भक्तों की कुर्बानी, शहादत, त्याग ,समर्पण के लिए धन्यवाद देने का हैं हमारे संबिधान निर्माताओं धन्यवाद देने का दिन है ।मौके पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सामुहिक परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मरियानुस ,ब्रदर कुलदीप, सिस्टर रीता ,संध्या सोरेंग ,रोमिला, सुसाना आदि लोग उपस्थित थे।

### बानो प्रखंड में स्वर्गीय सनी तोपनो स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**बानो।** गणतंत्र दिवस के मौके पर भानु जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में स्वर्गीय शनि तोपनो स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया शामिल हुए। सर्वप्रथम विधायक एवं आयोजन समिति की ओर से शनि तोपनो की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि शनि टोपनो की याद कभी बुलाया नहीं जा सकता और उसके द्वारा दिए गए योगदान हमेशा याद रखी जाएगी। मौके पर विधायक ने सभी खिलाडी से परिचय प्राप्त कर सबका हौसला बढ़ाया और कड़ी मेहनत से फाइनल में प्रवेश करने के लिए दोनों टीमों बधाई दिए और बोले की बेहतर प्रदर्शन कर अपने प्रखंड एवं जिला का नाम रोशन करे निरतर खेल में आगे बढ़ते रहे जब भी हमारी मदद या जरूरत पड़ेगी खिलाडी को हर सम्भव मदद किया जायेगा। फाईनल मैच आदिवासी क्रिकेट क्लब बानो एवं क्रिकेट क्लब सौदे के बिच खेला गया था जिसमे आदिवासी क्रिकेट क्लब बानो विजय हुई ।जहां मेन ऑफ़ दा मैच मिस्टर ओरियन हुआ जबकि मेन ऑफ़ दा सीरीज मिस्टर बॉबी को मिला ।मौके पर प्रखंड विकाश पदाधिकारी नईमुदिन अंसारी, बानो प्रमुख सुधीर डांग,शनी तोपनो की माँ बाहलेन तोपनो,खेल समिति अध्यक्ष संतोष साहू, सचिव प्रमोद भूईया, संतोष जोजो, दीपक होरो, मौजूद थे।

### जलडेगा में हर्षोल्लास मनाया गया देश का 76वें गणतंत्र दिवस

**जलडेगा ।** प्रखण्ड में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखण्ड कार्यालय में अंचल अधिकारी शम्भू राम ने ध्वजारोहण किया। जहां उपस्थित पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर झंडे को सलामी दी। सीओ शम्भू राम ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं आम जनता को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत का संविधान दुनिया के गौरवशाली संविधान के रूप में माना जाता है। उन्होंने इस गौरवशाली संविधान द्वारा बताये गये मार्ग पर दृढ़ता से अडिग रहने व अनुपालन करते रहने के लिए समस्त नागरिकों की सराहना की। उन्होंने संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि उस समय मुश्किल परिस्थितियों में संविधान के निर्माताओं ने गौरवशाली संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान शाश्वत मानव मूल्यों पर आधारित है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पीएमश्री एस एस + 2 हाई स्कूल मैदान के परेड ग्राउंड में स्कूली बच्चों द्वारा परेड कर कई नृत्य, झांकी और नाटक प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर मिठाइयां और चॉकलेट बांटे गए। इधर प्रखण्ड के सभी पंचायत, स्कूल, बैंक, अस्पताल, थाना और सरकारी कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया। वहीं सुबह स्कूली छात्रों ने प्रभात फेरी निकाली और देशभक्ति का संदेश दिया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

## खाद्यान्न का समय पर शत प्रतिशत उठाव एवं वितरण कराना करें सुनिश्चित : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने राशन वितरण की प्रखंडवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत खाद्यान्न उठाव, परिवहन एवं वितरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर असंतोषजनक प्रगति को लेकर एलआरडीसी -सह- जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरुणा कुमारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्नों का ससमय उठाव कराते हुए हर माह शत प्रतिशत वितरण कराना सुनिश्चित करेगें। साथ ही चना दाल, नमक एवं चीनी वितरण की समीक्षा के क्रम में सभी अंचलाधिकारी को वितरण कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। तथा



उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देशित किया कि खाद्यान्न का समय पर उठाव एवं वितरण शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने धान अधिप्राप्ति, चावल दिवस, धोती-साड़ी योजना, ग्रीन राशन कार्ड, लाभार्थी डाकिया योजना सहित अन्य सभी योजनाओं के बिंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सभी अंचलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। बैठक में एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस के मौके पर लगा ऐतिहासिक गांधी मेला विधायक ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** गणतंत्र दिवस के मौके पर सिमडेगा में लगने वाले ऐतिहासिक गांधी मेला शुभारंभ विधायक सिमडेगा भुषण बाड़ा, उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ के द्वारा फिता काट कर किया गया। वहीं विधायक सिमडेगा भुषण बाड़ा के द्वारा क्लब में झंडोत्तोलन किया गया। तथा विधायक सहित उपायुक्त सिमडेगा, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, जिला कृषि पदाधिकारी एवं अन्य के द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान कृषि विकास -सह- प्रदर्शनी मेला में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कई किसान अपने-अपने बेस्ट कृषि उत्पादन फसल लेकर आते हैं और प्रदर्शनी में रखते हैं। किसानों के इन कृषि उत्पादनों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। इस



वर्ष इस कृषि मेला में कई तरह की सब्जियों के साथ साथ लोकल पैदा किए जा रहे सेव, संतरा, स्ट्रॉबेरी, अंजीर, मशरूम आदि भी प्रदर्शनी में रखे गए है। इसके अलाव जिले में उत्पादित तरह-तरह के फूलों को भी प्रदर्शनी में रखा गया है। इन उत्पादनों को देख जिले के अन्य किसानों को भी इस उत्पादन की खेती करने का प्रेरणा मिल रहा है। इस कृषि विकास मेला -सह- प्रदर्शनी में किसानों को प्रदर्शनी में रखे गए फसलों के उत्पादन की जानकारी देने के साथ-साथ कृषि विभाग सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी उपलब्ध करा रही है। जिससे किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। विधायक सिमडेगा, उपायुक्त सिमडेगा एवं पुलिस अधीक्षक ने कृषि विकास मेला -सह- प्रदर्शनी के स्टॉल में लगे विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जी की उत्पादन भ्रमण कर देखा। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में कृषि पदाधिकारी को कृषकों को प्रमोट करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने जिले की प्रगतिशील किसानों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर सिमडेगा को कृषि उत्पादन में अग्रणी जिला बनाने का निर्देश दिया।

## योजनाओं को धरातल में उतार कर क्षेत्र को किया जा रहा है विकसित : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि विकास योजनाओं को धरातल में उतारकर क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। आने वाले दिनों में हर गांव और टोला को कालीकरण अथवा पीसीसी पथ से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। विधायक सोमवार को सिकरियाटांड़ पतराटोली में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम में और जिला परिषद के योजना मद से खूंटीटोली तामड़ा मोड़ से ब्रूस बेंगलो तक बनने वाले 1000 फिट पीसीसी पथ निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में कही। विधायक ने सिकरियाटांड़ पंचायत के पतराटोली में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास, सिकरियाटांड़ के पतराटोली में पार्ट एबी कार्य का भी शिलान्यास किया। मौके पर बिशप मुरेल बिलुंग की अगुवाई में प्रार्थना सभा हुई। बिशप ने पीसीसी पथ निर्माण के लिए ईश्वर के प्रति धन्यावाद प्रकट किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का तेज गति के साथ विकास करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्हों ने कहा कि क्षेत्र की सभी समस्याओं को आने वाले दिनों में एक एक कर दूर किया जाएगा। ग्रामीण अपनी समस्याओं को रखें। ताकि समय पर समस्याओं का समाधान किया जा सके।



### विधायक के कार्यकाल में क्षेत्र का तेजी से हो रहा है विकास : जोसिमा खाखा

सिकरियाटांड़ में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी भी तरह की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। विधायक भूषण बाड़ा के कार्यकाल में क्षेत्र का तेजी से विकास किया जा रहा है।

### पांच लाभुकों को कोलेबिरा विधायक ने दिए एक एक लाख रुपये का चेक

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना अंतर्गत पांच लाभुकों को एक-एक लाख रुपये का चेक इलाज करवाने के लिए दिया ।लाभुकों में अर्पित डुंगडुंग,जो कि मात्र छ वर्ष का बच्चा है,जो ब्लड कैंसर की बीमारी से ग्रस्त है ।इनके पिता सिमोन डुंगडुंग की आर्थिक स्थिति दयनीय है। दुसरे मरीज फुलचंद मिंज जो कि फेफड़े का कैंसर की बीमारी से ग्रसित हैं ।वहीं मालती कुमारी जिनका किडनी का इलाज चल रहा है एवं आर्यन हेमरोम भी असाध्य रोग से ग्रसित हैं ।वही पांचवें मरीज संजय तुलस्यान जो कि किडनी की बीमारी से ग्रसित हैं।

### सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम

## विभिन्न स्कूलों में दिलाई गई शपथ

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सड़क सुरक्षा शपथ के तहत जिला के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों एवं शिक्षकों ने सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ लिया ।सड़क सुरक्षा के जिला नोडल शिक्षक सत्यजीत कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मानना है जिसके तहत परिवहन विभाग द्वारा दिए गए कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों में सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जैसे रैली निकाल कर जागरूकता अभियान, कार्यशाला, क्विज प्रतियोगिता, कार्यशाला के माध्यम से गुड सेमेरिटन पॉलिसी की जानकारी, जिला में 14 जनवरी को बच्चों ने पतंग उड़ाया आदि। उन्होंने सभी



विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय नोडल शिक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार से आपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता फैलाने में अपनी भूमिका निभाई है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है परंतु विद्यालय के बच्चे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन हमेशा करें इसके लिए हम शिक्षकों को हमेशा उन्हें प्रेरित करना पड़ेगा और स्वयं बिना हेलमेट एवं बिन सीट बेल्ट के वहां नहीं चलना है।

## कोलेबिरा में पूरी देशभक्ति की भावना से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने ध्वजारोहण किया ।जहां कोलेबिरा पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर झंडे को सलामी दी ।26 जनवरी 2025 - कोलेबिरा एस एस प्लस टू स्थित स्टेडियम मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में 76वीं गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम पूर्वक संपन्न हुआ समारोह की मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो, अंचल अधिकारी अनुप कच्छप थाना प्रभारी कोलेबिरा शशिशंकर सिंह, विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद, कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा व अन्य अतिथि के रूप में डोमटोली पंचायत समिति ज्योति कश्यप,रैसियां पंचायत समिति उषा देवी,नवा टोली पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य कोलेबिरा थीं ।शिक्षक लालधन नायक, विनोद कुमार डब्ल्यू और बिरेंद्र तिवारी ने उनकी अगुवाई करते हुए मंच तक लाए और ध्वजारोहण कार्य संपन्न कराया ।सामुहिक ध्वजारोहण कार्यक्रम में आर ए भी पब्लिक स्कूल रिलायंस टावर,आर ए वैदिक पब्लिक स्कूल मौसी बड़ी,सरस्वती शिशु मंदिर,संत जॉन इंग्लिश स्कूल,कन्या उत्क्रमित विद्यालय,डॉन बॉस्को स्कूल, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय,एस एस प्लस टू उत्क्रमित विद्यालय के शिक्षक गण और बच्चे शामिल हुए ।ध्वजारोहण के उपरांत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस बीच लगातार बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम का आनंद मंचासीन अतिथिगण,अभिभावकगण और स्टेडियम परिसर में स्थित दर्शक गण उठाते रहे। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा करते नजर आए।

प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं आम जनता को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत का संविधान दुनिया के गौरवशाली संविधान के रूप में माना जाता है। उन्होंने इस गौरवशाली संविधान द्वारा बताये गये मार्ग पर दृढ़ता से अडिग रहने व अनुपालन करते रहने के लिए समस्त नागरिकों की सराहना की। उन्होंने संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि उस समय मुश्किल परिस्थितियों में संविधान के निर्माताओं ने गौरवशाली संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान शाश्वत मानव मूल्यों पर आधारित है ।इसके अलावा कोलेबिरा थाना परिसर, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बैंकों, जेएसलपीएस,, सभी पंचायत भवनों सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों, सरकारी,गैर सरकारी संस्थानों में निर्धारित समयावधि में ध्वजारोहण किया गया। एस एस + 2 हाई स्कूल स्टेडियम मैदान के परेड ग्राउंड में स्कूली बच्चों द्वारा परेड कर कई नृत्य, झांकी और नाटक प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर मिठाइयां और चॉकलेट बांटे गए। इधर प्रखण्ड के सभी पंचायत, स्कूल, बैंक, अस्पताल, थाना, एफपीओ और सरकारी कार्यालयों में भी ध्वजारोहण किया गया।





स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत पियर एजुकेटर मीटिंग का हुआ आयोजन

# किशोरियों को शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी दी जाएगी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** स्वास्थ्य उपकेंद्र कपका में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत पियर एजुकेटर के साथ पंचायत भवन कपका में क्लब मीटिंग का आयोजन किया गया। अध्यक्षता उत्क्रमित उच्च विद्यालय सलैया के सहायक शिक्षक बबलू कुमार ने किया। संचालन कर रही आरकेएसके बीटीटी बसंती देवी ने सभी साथिया को बताया कि सभी साथियाअपने-अपने क्षेत्र में 10 से 19 वर्ष के किशोर एवं किशोरियों का सर्वेक्षण कर ग्रुप मीटिंग करेंगे। मीटिंग के दौरान जो भी किशोर एवं किशोरियों को शारीरिक स्वास्थ के बारे में अपनी समस्या बताते हैं तो उसे सहिया दीदी के सहयोग से या उनके गार्जियन के सहयोग से युवा मैत्री केंद्र ले जाकर समस्या का समाधान कराना है। इस कार्यक्रम के किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जायेगी। सभी साथिया को प्रशिक्षण के दौरान 7 कंपोनेंट बताया गया तथा लागू करने और प्रचार प्रसार करने को कहा गया। सहायक शिक्षक ने बताया कि सभी विद्यालयों में विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें स्वास्थ्य से संबंधित सभी जानकारियां सभी बच्चों को दी जाती है एवं प्रत्येक बुधवार को आयरन टेबलेट 10 से 19 वर्ष बच्चों और बच्चे को दी जाती है। इस मौके पर बीटीटी प्रकाश पंडित ने बताया कि सभी साथिया के लिए नन फाइनेंशियल से लंच बॉक्स सभी साथियों के लिए गिफ्ट आया हुआ है। जो साथिया राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अपना कार्य करेंगे उन्हें साल में एक बार गिफ्ट से सम्मानित किया जाएगा। इस बैठक में उपस्थित सहिया साथी उर्मिला देवी सहिया बेबी देवी ममता देवी सुनीता देवी ममता देवी रेणु देवी नीतू देवी मीना देवी इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

# 26 जनवरी के दिन भी रहे गायब शिक्षक, नहीं फहरा तिरंगा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** इस स्कूलों से कभी बच्चे गायब रहते हैं तो कभी बच्चों की थाली से निवाला गायब, कभी मिलने वाली छात्रवृत्ति, पोशाक और किताबें गायब तो कभी विद्यालय से शिक्षक ही गायब। ऐसा ही एक मामला गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हथिया चट्टान से आया है। जहां 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस के दिन बच्चे और उनके अभिभावक आस लगाए बैठे थे कि गुरुजी आएंगे, झंडा फहराएंगे, जन गण मन गाएंगे और फिर बुंदिया सेवई खिलाएंगे। मगर अफसोस विद्यालय के महान शिक्षकों और प्रबंधन समिति सदस्यों ने उनके सारे अरमानों पर पानी फेर दिया। ना गुरुजी आए, ना झंडा फहराए, ना जन गण मन गाए और ना ही बुंदिया सेवई खिलाए। यानी 26 जनवरी के दिन भी विद्यालय के महान शिक्षकगण गायब रहे। लगता है ऐसे शिक्षकों की दोस्ती मिस्टर इंडिया से हो गई है इसलिए आए दिन यह गायब रहते हैं। खैर मिस्टर इंडिया के दोस्त बने इन शिक्षकों के इस कृत्य से मोगेम्बो तो भले ही खुश हो गया हो लेकिन विद्यालय के बच्चे निराश होकर वापस घर चले गए। हालांकि यह कोई नई बात नहीं है, मामला इसलिए खास है क्योंकि यह गणतंत्र दिवस से जुड़ा हुआ है। विभाग को इसे संज्ञान में लेकर कठोर कार्रवाई करने की दरकार है।

> *मगर अफसोस विद्यालय के महान शिक्षकों और प्रबंधन समिति सदस्यों ने उनके सारे अरमानों पर पानी फेर दिया। बच्चे व अभिभावक शिक्षकों का इंतजार करते-करते मायूस हो गये*

# बिरनी में 76वें गणतंत्र दिवस पर झंडे को दी गई सलामी



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख रामु बैठा और सीओ संदीप कुमार मद्धेशिया ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सक डॉ. साकिब जमाल, बिरनी थाना परिसर में प्रभारी आकाश भारद्वाज, और भरकट्टा ओपी परिसर में ओपी प्रभारी अमन कुमार सिंह,केडी पब्लिक विद्यालय में जिला सांसद प्रतिनिधि नारायण पांडेय,एसेंट पब्लिक विद्यालय में प्रधानचार्य जहूर अन्सारी, बीड़ी पब्लिक विद्यालय में बंशी यादव,गिरिडीह पब्लिक विद्यालय में मनीर अंसारी,मॉडर्न पब्लिक विद्यालय में गुड्डू, और डॉ एपीजे अब्दुल ने झंडा फहराकर राष्ट्रध्वज को सम्मानित किया। इस अवसर पर बीडीओ फणीश्वर रजवार, उप प्रमुख शेखर सुमन, जीप सदस्य सरिता देवी, सीताराम पासवान, मनोज सिंह, प्रमोद सिंह,सूरज सुमन,निरंजन वर्मा, कमालुद्दीन, सोनू मलिक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी सचिवालय में झंडा फहराया। समारोह में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद कर उनकी कुर्बानियों को नमन किया गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास संपन्न हुआ । बतौर मुख्य अतिथि, विद्यालय के अध्यक्ष , डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने भारत माता पूजन एवं झंडोत्तोलन किया' उन्होंने 76 वें गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा क्रांतिकारियों के बलिदान से भारत एक गणतंत्र देश बना है' संविधान पर चलकर भारत निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है' संविधान के माध्यम से भारत में रामराज्य लाने का प्रयास किया गया है 'हम सभी आज संकल्प ले की हम संविधान में बताए गए नियम पर चलकर देश हित का संकल्प लेंगे' विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने 76 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी' कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अनिल कुमार ने एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के सह सचिव प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव ने तथा मंच संचालन मनिका दीदी एवं बहनों के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एसजीएफआई एवं अखिल भारतीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले खेलकूद, ताइक्वांडो एवं अखिल भारतीय विज्ञान मेला में विजेता नैंसी तिवारी एवं सृष्टि कुमारी को 16000 आयुष कुमार गुप्ता को 15000 लकी कुमारी, सुहानी रानी, पलक रानी एवं आनंद कुमार को 5000 का चेक विद्यालय के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार सिंह एवं सहसचिव प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव के द्वारा प्रदान कर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

## बीएसएफ के शहीद जगदीश कच्छप को दी गई श्रद्धांजलि



**हजारीबाग।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के द्वारा फतहा, हजारीबाग के शहीद जगदीश कच्छप बीएसएफ का फतहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। शहीद की पत्नी शांति कच्छप को एसोशिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा एवं सचिव ह. कैप्टन अवध कुमार भारती ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीद की पत्नी शांति कच्छप भावुक हो गई । उन्होंने कहा कि मेरे पति जब शहीद हुए थे, तो सभी लोग आकर बोले थे कि इस क्षेत्र में रोड शिक्षा स्वास्थ्य का पूरा व्यवस्था किया जाएगा । लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं किया गया, आज भी हमारे घर के सामने रोड नहीं बना हुआ है। साथ ही पति का स्मारक रात में अंधेरा में डूबा रहता है, कोई लाइट की व्यवस्था नहीं है। स्मारक खुला आसमान में है ,इस पर केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि जो भी समस्या है, उसको जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों तक बात पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में शान से फहरा तिरंगा



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। उक्त अवसर पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख ललिता देवी, थाना परिसर में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, वन विभाग कार्यालय में रेंजर अनिल कुमार, सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ महेश्वरम, बीआरसी कार्यालय में बीइइओ तितु लाल मंडल , प्लस टू उवि गावां में ब्रजेश पांडेय व पिहरा में गोविंद कुमार सशिविमं पिहरा में प्रधानाचार्य विनोद पांडेय साहु समाज भवन पिहरा में अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता ने झंडोतोलन किया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## हजारीबाग में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस




**हजारीबाग।** गणतंत्र दिवस के क76वें समारोह के अवसर पर सबों को जोहार, नमस्कार। आज के शुभ दिवस पर मैं नमन करता हूं सभी वीर एवं स्वतंत्रता सेनानियों को जिनके नेतृत्व, अथक प्रयास और बलिदान से यह शुभ दिन हमें प्राप्त है। मैं नमन करता हूं संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर साहब का जिनके द्वारा बनाई गई कृति को 75 वर्ष पूर्व अंगीकृत कर हमारा देश एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न गणतांत्रिक देश घोषित हुआ था। मैं नमन करता हूं भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धों-कान्हु, जतरा -भगत, तिलका मांझी, शेख भिखारी, विश्वनाथ साहदेव गणपत्र राय एवं राज्य के अन्य सभी अमर स्वतंत्रता सेनानियों को जिनमें त्याग और बलिदान की अभिकथा है यह आज का दिवस। अब इस पुनीत अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, चतुर्थ स्तंभ के सभी सम्मानित सदस्यों, परेड में भाग लिया। हमारा यह परम कर्तव्य है कि हम एकजुट होकर पूरे निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से चुनौतियों का सामना करें एवं अपने देश एवं राज्य को विकास के उच्चतम शिखर तक पहुंचाएं। हमारा यह प्रयास है कि हर एक गांव में विद्यालय और शिक्षक हो, हर विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हो, हर अस्पताल में डॉक्टर और दवाइयां हो।

## रामकृष्ण चैरिटेबल नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत, तोड़ फोड़ व हंगामा, घंटों एनएच जाम

**बरही।** रविवार की संध्या करीब 4 बजे रानीचुंआ पंचायत की छोटकी चलंगा निवासी चरकू सिंह की 21 वषीर्या पत्नी किरण देवी का प्रसव के दौरान करियातपुर स्थित रामकृष्ण चैरिटेबल नर्सिंग होम में निधन हो गया. परिजनों ने निधन का मुख्य कारण नर्सिंग होम की कुव्यवस्था और नर्सिंग होम संचालक भुनेश्वर साव और झुमरीतिलैया के चिकित्सक डॉ मुन्ना कुमार पर लापरवाही का आरोप लगाया है. मौत के बाद आनन फानन में प्रबंधन ने बिना किसी कागजी प्रक्रिया के शव को रेफर कर दिया. जानकारी मिलते ही गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने नर्सिंग होम में तोड़फोड़ करते हुए अस्पताल बंद करने, प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई, चिकित्सक और संचालक की गिरफ्तारी और 10 लाख नकद मुआवजे की मांग करते हुए एनएच-2 घंटो जाम कर दिया.

विद्यालय में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मोहा मन



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विद्यालय, खाखीपिपर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सोमवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया समीना खातून, पेशम पंचायत की मुखिया रागिनी सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य बद्री राम, विद्यालय के निदेशक रउफ अंसारी, प्रधानाचार्य कमरुल अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि सगीर अंसारी,जहूर अन्सारी, डॉ अब्बास अन्सारी, अख्तर अन्सारी, तम्मन्ना परवीन, सफीना खातून गौशिया परवीन और अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। स्कूली छात्राओं ने मुख्य अतिथियों का फूल बरसाकर स्वागत किया, जबकि विद्यालय के शिक्षकों ने बुके और टोपी पहनाकर अतिथियों का सम्मान किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई, जिसमें बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मन मोह लिया। कार्यक्रम में सलीम अंसारी, जिलनी अंसारी, अमाम अंसारी, गायक अलगुदिया, कलाकार जितेंद्र कुमार, सिराज अंसारी, मंटू, सद्दाम (गिरिडीह के शिक्षक) समेत अन्य विशिष्ट व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर सैकड़ों अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की।

## 76वां गणतंत्रता दिवसः शान से फहराया गया तिरंगा

**तिसरी (गिरिडीह)।** 76वां गणतंत्रता दिवस बड़े ही धूम धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन कर राष्ट्रीय गान के साथ वीर शहीदों को याद किया गया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ मनीष कुमार,स्वास्थ्य केंद्र तिसरी में डॉ. देवव्रत,तिसरी थाना में इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो,लोकाय थाना में थानाप्रभारी अमित कुमार,मनसाडीह ओपी में प्रभारी अंकित कुमार, थानसिंहडीह ओपी में प्रभारी नीरज कुमार, कस्तूरबा विद्यालय में वार्डन शिखा कुमारी,अग्रवाल उच्च विद्यालय तिसरी में प्रधानाध्यापक घनश्याम गोस्वामी,बिआरसी भवन में बीईइओ रंजीत कुमार, तिसरी पंचायत भवन में मुखिया किशोरी साव,मनसाडीह पंचायत भवन में मुखिया बसंती मरांडी,चंदौरी भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष सुनील साव के अलावे डाकघर, प्रोजेक्ट विद्यालय, स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया आदि जगहों पर भी शान से तिरंगा फहराया गया।

## डेंटल हॉस्पिटल में 76वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण संग बही देशभक्ति की बयार




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल एवं मिशन होस्पिटल में राष्ट्रीय महापर्व 76वें गणतंत्र दिवस काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कॉलेज में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल होकर ध्वजारोहण किया। कॉलेज के सभी संकाय के एचओडी, डॉक्टर्स, कर्मी, यूजी एवं पीजी छात्र- छात्राएं शामिल होकर समूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया। तत्पश्चात देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण संग देशभक्ति की बयार बही। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मिशन होस्पिटल में संत कोलम्बस छोटानागपुर ट्राइबल ट्रस्ट के सदस्य सह असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटर डॉ अमित सोरेन ने झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल होकर ध्वजारोहण किया। सामुहिक रूप से राष्ट्रगान को गाकर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दिया। देश के खातिर बलिदान देने वाले सेनानियों को एक विशेष दर्जा के साथ उनके जीवनी को भी याद कर अपने जीवन में स्मरण करने का संकल्प लिया एवं संविधान में अंकित आदर्शो व मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित कर देश के लोकतंत्र की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लिया।


## शपथ पत्र

मैं फ्रांसिस तिर्की पिता स्व० अलबीश तिर्की, उम्र 64 वर्ष निवास ग्राम कासीरा मेरोमटोली थाना बोलबा, जिला सिमडेगा झारखंड का निवासी हूँ। मैं उपरोक्त पता का स्थायी निवासी हूं तथा सेवानिवृत्त सैनिक हूँ। मेरा जन्म तिथि 18.1.1960 है जो मेरे पेंशन बुक एवं पीपीओ में दर्ज है। जबकि भारत सरकार द्वारा निर्गत मेरे आधार कार्ड संख्या 501564036228 में मेरा नाम फ्रांसिस तिर्की जन्मतिथि 1.1.1960 अंकित है जो गलत है। भविष्य में मैं कार्यालय में मेरा सही जन्मतिथि 18.1.1960 का उपयोग किए जाने हेतु मैं शपथ कर रहा हूं।

**दिनांक : 17-01-2025, सीएफ न0. - 450/5**

## शपथ पत्र

मैं ब्रिजेट पति श्री फ्रांसिस तिर्की उम्र 59 वर्ष ,निवास ग्राम कसीरा मेरोम टोली, थाना बोलबा, जिला सिमडेगा की निवासी हूँ। मेरे पति श्री फ्रांसिस तिर्की के पेंशन बुक के पार्ट-7 के पारिवारिक विवरण में मेरा नाम ब्रिजेट है तथा जन्म तिथि 10.12.1965 दर्ज है।भारत सरकार द्वारा निर्गत मेरे आधार कार्ड संख्या 481358240748 में मेरा नाम ब्रिजेट तिर्की तथा जन्मतिथि 1.1.1963 अंकित है जो कि गलत है। भविष्य में मैं ब्रिजेट के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी तथा सभी कार्यालय में मेरा नाम ब्रिजेट तथा जन्मतिथि 10.12.1965 का उपयोग करूंगी जो सही और सत्य है।

**दिनांक : 24-01-2025, सीएफ न0. -694/5**

## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग।

ई-मेल- municipality_08@rediffmail.com

**आम सूचना**

राज्य के नगर निकायों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु नगर निकाय स्तर पर डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य किया गया है। हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में डोर-टू-डोर सर्वे के उपरांत सर्वे रिपोर्ट को हजारीबाग नगर निगम कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं NIC के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर प्रकाशित रिपोर्ट पर यदि किन्ही को कोई आपत्ति हो तो, रिपोर्ट प्रकाशित होने के 07 दिनों के अन्दर नामित शिकायत निवारण पदाधिकारी -सह- सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम, हजारीबाग के समक्ष आपत्ति अवश्य दर्ज करायें ताकि आपत्ति का ससमय निवारण किया जा सके।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग।

PR 345187 Urban Development and Housing(24-25)D


# पुलिस टीम ने रांची के दो अपहृत लोगों को अपराधियों के चंगुल से कराया मुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को 25 जनवरी को गुप्त सूचना मिली थी कि अपराधियों ने फिरौती के लिए दो लोगों का अपहरण किया है और उन्हें कुजू के दिगवार में रखा है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने 26 जनवरी को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने दिगवार में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एलबेटर के एक घर से पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा। जिसे पुलिस ने पकड लिया। पुलिस द्वारा पूछने पर उसने बताया कि घर में दो लोगों का अपहरण रखा गया है। उनकी निशानदेही पर छापेमारी की गई और अपहृत आशीष कुमार रजगढ़िया और उनके भांजा अंकित कुमार को दोनो रांची निवासी को सकुशल मुक्त कराया गया। साथ ही 6 अन्य अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मामले में गिरफ्तार अपराधियों में सुजीत कुमार पटनायक, प्रशांत कुमार सोनू, रजनीत कुमार, गणेश कुमार सिंह, राजा कुमार, धीरज कुमार, रोहित कुमार उर्फ पप्पु कुमार शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधियों के पास से 9 लाख 46 हजार रुपए, अपहरण में प्रयोग किया गया चार पहिया वाहन, मोबाइल फोन, नोट गिनती की मशीन आदि बरामद हुए हैं। इस संबंध में मांडू कुजू थाना कांड संख्या 24/2025, दिनांक-25.01.2025 दर्ज किया गया है।

काल बनकर आया ट्रक, एक बच्चे सहित दो को कुचल कर मार डाला

# गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रक को पकड़कर किया आग के हवाले



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** ट्रक ने पहले 4 वर्षीय मासूम को अपनी चपेट में लिया फिर भागने के क्रम में एक ओर व्यक्ति को कुचल दिया। जिसके बाद लोगों ने 10 किलोमीटर पीछा कर ट्रक को पकड़ा और कर दिया आग के हवाले। यह घटना गिरिडीह जिले का है। मिली जानकारी के अनुसार हिरोडीह थाना क्षेत्र के मंडरो में तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े एक 4 वर्षीय मासूम बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। उस बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद भागने के क्रम में 2 किलोमीटर बाद एक व्यक्ति ने उस ट्रक को रोकने की कोशिश की, ट्रक चालक उसे भी कुचलकर भागने लगा। जिसके बाद लोगों ने ट्रक का पीछा कर जमुआ थाना क्षेत्र के मिजार्गंज जलीय सूर्य मंदिर के ठीक सामने ट्रक को पकड़ लिया और आक्रोशित लोगों ने उसमें आग लगा दी। हालांकि ट्रक चालक मौके से कूद कर फरार हो गया। बाद में प्रशासन ने कुछ लोगों के सहयोग से आग बुझाई। ट्रक सीमेंट खाली कर तिसरी की ओर से वापस लौट रहा था। इस दुर्घटना में तिसरी थाना क्षेत्र के बेलवाना के रहने वाले मोहम्मद शाहबाज के 4 वर्ष के पुत्र मो. सिफान की मौत हो गई। जबकि ट्रक को रोकने का प्रयास करने के क्रम में होटल संचालक सुखदेव यादव की भी मौत हो गई। इसके बाद लोगों ने मोहम्मद सिफान का शव मंडरो में रखकर सड़क जाम किया तो वहीं सुखदेव यादव का भी शव मिजार्गंज में रखकर सड़क जाम कर दिया गया। इसके बाद खोरीमहुआ एसडीएम अनिमेष रंजन व एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद दोनों जगह पर बारी-बारी से पहुंचे और लोगों को समझा - बूझाकर सड़क जाम हटवाया गया।


## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर खूँटी

**भर्ती कैम्प-29.01.2025**

राज्य के बेरोजगार युवकों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उदेश्य से जिला नियोजनालय, खूँटी के द्वारा दिनांकः-29 जनवरी 2025 दिन बुधवार को पूर्वाहन् 10:30 बजे से 3:00 बजे अपराहन तक **जिला नियोजनालय खूँटी** में भर्ती कैम्प 2024 आयोजित किया जा रहा है। निम्नलिखित नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की हैः-

| SN | EMLOYER'S NAME/ADDRESS | POST/VACANCIES | GENDER | AGE | QUALIFICATION | SALARY | JOB LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Maruti Mod Moblie, Khunti | Mechanical-03/helper-03/telecaller-02/Denter-01/Penter-01/10 | M | 18-30 | 10th & Above | 10K-20K | Khunti |
| 2 | Freedom employbility Accademy,Ranchi | Teacher-15 | M/F | 18-45 | Graduation | 13K+Acomodation | Ranchi, Ramgarh |
| 3 | Fusion Micro Finanace Pvt. Ltd, Ranchi | RO/SRO-50 | M/F | 18-32 | 12th & above | 11k | Entire JH |
| 4 | Mohan Rane Polyclinic, Khunti | Receptinist-02/Security guard-01/Front desk officer-01/Nursing-02/06 | M/F | 18-35 | 12th & above | 9K-15K | Khunti |
| 5 | WCSF Chairityspirit Foundation, Chatra | Block Co-ordinator-06/Panchayat mahila mitra-30/Relationship manager-12/Field Sales Executive-20/68 | F | 18-36 | 8th,10th,12th | 8K-15K | Khunti |

➢ योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भर्ती कैम्प में नियोजक / नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, अंक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, आवासीय प्रमाण पत्रों की छाया प्रति तथा बायोडाटा दो प्रतियों में दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ साक्षात्कार हेतू उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्तियाँ निजि क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहें है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
खूँटी

PR 345167 Labour Employment and Traning(24-25)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रत्येक वस्तु का अपना स्थान होता है, परंतु जब आप अपने सच्चे सुख की उपेक्षा कर समय गंवाते हैं तो यह अच्छा नहीं। मैंने प्रत्येक अनावश्यक कार्य को छोड़ दिया ताकि मैं ध्यान करके ईश्वर को जान सकूँ, ताकि मैं दिन और रात उनके दिव्य चैतन्य में मग्न रह सकूँ। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### जन का ही हो जनतंत्र लोभतंत्र नहीं

जनतंत्र जनता के लिए, जनता द्वारा, जनता का शासन है। सिद्धान्ततः यह कथन आंशिक रुप से सत्य भी है क्योंकि इसमें जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करते हैं। इस दृष्टि से समस्त शासन व्यवस्थाओं में यह व्यवस्था सर्वोत्तम भी है और इसीलिए स्वतंत्रता प्राप्ति के समय हमने इस व्यवस्था को चुना, किन्तु आज हमारे लोकतन्त्र में बढ़ती अविवेकपूर्ण एवं अनुत्तरदायित्व भरी कार्यशैली, जनमन में बढ़ता असंतोष जनित आक्रोश और यत्र-तत्र घटित अराजकतायुक्त दुर्घटनाएं विश्व के इस विशालतम लोकतन्त्र के समक्ष अनेक यक्षप्रश्न उपस्थित कर रही हैं। भारतीय गणतंत्र की इस 75 वीं वर्षगांठ पर इस संदर्भ में गंभीर और विस्तृत विमर्श अपेक्षित है। सैद्धान्तिक रुप से जनतंत्र में व्याख्यायित 'जनता' एक इकाई है। जनतंत्र की उपर्युक्त लिंकन कृत परिभाषा से ध्वनित होता है कि एक इकाई के रुप में संगठित जनता सम्पूर्ण समाज में से सर्वसम्मति से सुयोग्य नेतृत्व का चयन कर जनकल्याण का पथ प्रशस्त करती है, किन्तु व्यावहारिक रुप से जनतन्त्र में प्रयुक्त जनता एक इकाई नहीं होती। वह अनेक विचारधाराओं, दलों और धर्म-क्षेत्र- जाति-भाषा-व्यवसाय आदि की संकीर्णताओं में बँधे छोटे-छोटे समूहों का समुच्चय होती है, जो मनुष्यता और राष्ट्रीयता की उदार एवं समावेशी हितग्राहिता को हाशिए पर डालकर सत्ता हथियाने की दलीय प्रतिबद्धता के प्रति दुराग्रह प्रकट करती है। निजी निहित स्वार्थों के लिए सचेष्ट ये संकीर्ण समूह परस्पर कीचड़ उछालते हुए सत्ता के गलियारों में आधिपत्य के लिए निरन्तर संघर्ष करते हैं। इसलिए जनतंत्र में शासन 'जनता द्वारा जनता के लिए' न रहकर 'दल द्वारा दल के लिए' हो जाता है और इसी कारण जनता में असंतोष और आक्रोश जन्म लेता है। जनतंत्र की उदार दृष्टि दलीय महत्त्वाकांक्षाओं की दलदल में धंसकर जनकल्याण से दूर चली जाती है। सत्ताधारी दल जनकल्याण के नाम पर प्रचारित योजनाओं के माध्यम से अपनी भावी चुनावी विजय की रूपरेखा रचता है; वोट-बैंक तैयार करता है और राष्ट्रीय-हितों के नाम पर दलीय-हितों के साधन में अपनी ऊर्जा नियोजित करता है। विपक्षी दल भी उचित-अनुचित का विचार किए बिना सत्ता हथियाने के लिए हर संभव कूट रचना रचते रहते हैं। भारतीय जनतंत्र की लगभग सात दशक लम्बी यात्रा इस विडंबना की साक्षी है। गत शताब्दी के आठवें दशक में घटित जनता पार्टी का उद्भव और पराभव इस तथ्य का ज्वलन्त प्रमाण है।मनुष्य की प्रकृति ही सामंतवादी है। वह शासन करना चाहता है। औरों को अपने अधीन अपने नियन्त्रण में रखना चाहता है। परिवार का मुखिया, संस्था का प्रमुख, संगठन का नेता- सब वर्चस्व चाहते हैं और इस वर्चस्व कामना में निहित 'राजस' भाव स्वयं के लिए एवं अपने जाति-वर्ग के लिए सुख-सुविधाएं जुटाने का उद्यम करता है। राजतंत्र में राजा लोग अपने लिए, अपने राजपरिवार के लिए, अपने पक्ष के सामंतों-सरदारों आदि के लिए सुख- सुविधाएं जुटाते थे और जनता के हितों की उपेक्षा करते थे, वर्तमान जनतंत्र में भी यही दुष्प्रवृत्ति दूर-दूर तक दिखाई देती है।

*सैद्धान्तिक रुप से जनतंत्र में व्याख्यायित 'जनता' एक इकाई है।*

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के दस साल पूरे हुए

विकसित भारत के लिए महिला नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने का सफर जारी जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के अपनी मंज़िल की तरफ आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का परिवर्तनकारी प्रभाव इस बात का प्रमाण है, कि हम महिलाओं के विकास से महिला-नेतृत्व में विकासतक के सफर में कितने आगे आ गए हैं। स्वामी विवेकानन्द ने एक बार कहा था, ''जब तक महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं होता, तब तक विश्व के कल्याण की कोई संभावना नहीं है। किसी भी पंछी के लिए महज़ एक पंख के साथ उड़ना संभव नहीं है।" उनके इस कालजयी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना की शुरूआत की। इस ऐतिहासिक पहल का मकसद भारत में गिरते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) पर ध्यान देना और यह सुनिश्चित करना था कि देश भर में लड़कियों और महिलाओं को वे सभी अवसर, देखभाल और सम्मान मिलें, जिनकी वे हकदार हैं। 2011 की जनगणना में बाल लिंग अनुपात 918 होने के साथ सामाजिक पूर्वाग्रहों और नैदानिक उपकरणों के दुरुपयोग की चिंताजनक तस्वीर सामने आई। एक लक्ष्य के साथ तथा जीवन-चक्र-केंद्रित कदमों के ज़रिए, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को न केवल इस तस्वीर को बदलने के लिए लॉन्च किया गया था, बल्कि एक ऐसे भविष्य की नींव भी रखी गई, जहां महिलाएं नेतृत्व करें और आगे बढ़ें। पिछले एक दशक में, इस योजना ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के अनुसार, 2014-15 में जन्म के समय राष्ट्रीय लिंग अनुपात 918 से बढ़कर 2023-24 में 930 हो गया है।



आज की बात



**अन्नपूर्णा देवी**
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री

संस्थागत प्रसव के मामले भी 2014-15 में 61% से बढ़कर 2023-24 में 97.3% हो गए हैं, जबकि पहली तिमाही में प्रसवपूर्व देखभाल पंजीकरण 61% से बढ़कर 80.5% हो गया है। माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 2014-15 में 75.51% से बढ़कर 2021-22 में 79.4% हो गया। इसके अलावा, पुरुष और स्त्री नवजात शिशुओं के बीच शिशु मृत्यु दर में अंतर तकरीबन खत्म हो गया है, जो उत्तरजीविता और देखभाल में समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

हमारे माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आंदोलन, आंकड़ों में सुधार की सीमा से कहीं आगे निकल गया है।इसने महिला सशक्तिकरण के मायने ही बदलकर रख दिए हैं। अक्टूबर 2023 में 150 महिला बाइकर्स द्वारा 10,000 किलोमीटर की यात्रा, यशस्विनी बाइक अभियान जैसी पहल, भारत की बेटियों के अदम्य साहस का प्रतीक है। 2022 में कन्या शिक्षा प्रवेश उत्सव ने, स्कूल न जाने वाली करीब 1,00,786 लड़कियों को फिर से स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया, जो जीवन को बदलने में शिक्षा की शक्ति का प्रदर्शन है। कौशल विकास पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन ने, कार्यबल में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया, जिससे हम महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के अपने दृष्टिकोण के और करीब आ पाए।

आज, जब हम इस परिवर्तनकारी पहल के दस साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, साफ है कि मिशन अभी ख़त्म नहीं हुआ है। हमें अगर विकसित भारत के अपने सपने को हासिल करना है, तो यह तय करना जरूरी है कि लड़कियां और महिलाएं हमारे राष्ट्र-निर्माण प्रयासों के केंद्र में रहें। भारत तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक इस देश की लड़कियाँ और महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने के काबिल नहीं हो जातीं। यह हमारे लिए निर्णायक कार्रवाई करने का वक्त है। हमें गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम 1994 के कार्यान्वयन को मजबूत करना चाहिए, शिक्षा में ड्रॉपआउट दर को संबोधित करना चाहिए, कौशल विकास कार्यक्रमों का विस्तार करना चाहिए और लड़कियों के जीवन के हर चरण में ज़रुरी मदद देनी चाहिए।

वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए, भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी 41.7% थी। हालाँकि यह पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है, लेकिन फिर भी यह पुरुषों की श्रम शक्ति भागीदारी के मुकाबले कम है। ग़ौर करने की बात यह भी है कि शहरी क्षेत्रों में महिला श्रम बल की भागीदारी, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला श्रम बल की भागीदारी से कम है।

भारत में बड़ी संख्या में महिलाएँ अवैतनिक घरेलू देखभाल कार्य में शामिल हैं। हमारा प्रयास न केवल अधिक महिलाओं के लिए अपने घरेलू क्षेत्रों को छोड़कर घर से बाहर रोजगार करने के लिए एक माहौल को बढ़ावा देना होना चाहिए, बल्कि एक वाजिब कैरियर और पेशे के तौर पर देखभाल कार्य को बढ़ावा देने के साधन भी बनाने चाहिए, ताकि जो महिलाएं देखभाल कार्य में प्रशिक्षित हैं, और इसे आगे बढ़ाना चाहती हैं, तो वे इससे भी वित्तीय आज़ादी हासिल कर सकें और अपने प्रयासों से देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान भी दे सकें। विश्व आर्थिक मंच के अनुसार, कार्यबल लिंग में अंतर को कम करने से वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 20% की वृद्धि हो सकती है। भारत के लिए, यह सिर्फ एक अवसर नहीं है, बल्कि एक ज़रूरत है।

महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास, एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए बेहद ज़रूरी है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना महज़ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा आंदोलन है, जिसने लाखों लोगों को प्रेरित किया है और महिलाओं को भारत की प्रगति में सबसे आगे खड़ा किया है।

हमारे माननीय प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, आज हम एक ऐतिहासिक बदलाव देख रहे हैं। महिला विकास से लेकर महिला नेतृत्व वाले विकास तक, भारत की बेटियां चेंजमेकर, उद्यमी और नेता के रूप में उभर रही हैं। वे अपनी कामयाबी की कहानी की हीरो खुद हैं। आइए हम सब मिलकर उनके सपनों को संजोएं और उनकी यात्राओं को सशक्त बनाएं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत अपनी आजादी के 100 साल एक ऐसे राष्ट्र के रूप में पूरे करे, जहां हर महिला इसके भाग्य को आकार देने में अहम भूमिका निभाएं।

## सात्विक राजनीति के उन्नायक बन कर उभरे सीएम योगी

सनातन संत के संयोजन में प्रयागराज कुंभ का अद्भुत स्वरूप उभर रहा है। वैश्विक पटल पर सनातन की गूंज है। विश्व आश्चर्यचकित है। कई देशों की उतनी आबादी नहीं है जितने श्रद्धालु प्रतिदिन पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर रहे हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर में कुंभ का आरंभ किया उसके बाद की व्यवस्था सम्भाल रहे योगी आदित्यनाथ वास्तव में सात्विक शासक बन कर उभरे हैं। इसे सात्विक राजनीति का उन्नयन काल भी कहा जा सकता है। एक तरफ विश्व संत्रस्त है। अनेक देश युद्ध की विभीषिका में घिरे हैं। मानवता कराह रही है। स्त्रियों, वृद्धों, मासूम बच्चों की लाशें गिनती से बाहर हैं। पश्चिम में बारूद ही बारूद है। भारत के पास पड़ोस में भी बारूदी धुएं से वातावरण दूषित है। मनुष्य ही मनुष्य का दुश्मन बनकर रक्तपिपासु हो गया है। कई वर्षों से आसमान में तोप, रॉकेट और सुपरसोनिक युद्धक विमान कोहराम मचाए हुए हैं। ऐसे माहौल में भारत की सनातन संस्कृति अपने सृष्टि पर्व के माध्यम से विश्व के कल्याण का उदघोष कर रही है। सनातन संत परंपरा और सात्विक राजनीति के उन्नायक योगी आदित्यनाथ के संयोजन में प्रयागराज के त्रिवेणी तट से जो संदेश विश्व को प्रसारित हो रहा है वह नए भारत के प्राचीन गौरव के साथ बहुत कुछ कह रहा है। योगी आदित्यनाथ ने इस महा आयोजन को उतना ही गौरवशाली बना दिया है। योगी के अथक परिश्रम से यह कुंभ विश्व को भारत के सात्विक सनातन और समन्वय की राजनीति का भी संदेश दे रहा है। यह भारत के अध्यात्म की ध्वज तरंग को डिग दिगंत तक प्रसारित करने वाला है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सभी अखाड़ों, संप्रदायों, जगद्गुरुओं और शंकराचार्यों के साथ ही समस्त नागा एवं संत समाज इस समय योगी आदित्यनाथ के इस परिश्रम और उनके दिव्य संयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि समस्त विद्वत और संत समाज एक स्वर से अपने शासक की तारीफ कर रहा हो। भारत की प्राण मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी तट पर प्रयागराज में करोड़ों लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। यह अद्भुत है। प्रधानमंत्री मोदी का विश्वगुरु भारत का सपना साकार हो रहा है। प्रयाग की धरती से भारत विश्व को मानवता और लोक कल्याण का संदेश दे रहा है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

देश की बात



**आचार्य संजय तिवारी**

## दस का दम : दान, अपराध और लोकतंत्र का तमाशा

अब देखिए, 10 रुपये देना भी आजकल ऐसा बड़ा अपराध हो गया है, जैसे आपने चांद पर झंडा गाड़ दिया हो, लेकिन झंडे के नीचे "नो पार्किंग" का बोर्ड लगा हो। ये तो वही बात हो गई कि किसी ने गलती से संसद भवन में सेल्फी ले ली हो और पूरा देश इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बना दे। भिक्षावृत्ति रोकने के नाम पर प्रशासन ऐसे चौकन्ना है, मानो गरीबों की मदद करना संविधान के साथ खिलवाड़ हो। यह सही है कि भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने आदेश जारी किए हैं और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या केवल दंडात्मक उपायों से इस समस्या का हल निकलेगा? या यह सब केवल गरीबी पर पर्दा डालने का प्रयास है, जबकि असली सवालों से मुंह मोड़ लिया गया है? बेचारे एक युवक ने सड़क किनारे बैठी महिला को दस रुपये क्या दिए, मानो वह देश की अर्थव्यवस्था को पाताल में ले जाने का षड्यंत्र रच रहा हो। अब तो ऐसा लगता है कि मदद करने से पहले आपको बाकायदा सरकार से 'संवेदनशीलता प्रमाण पत्र' लेना पड़ेगा, जिसमें लिखा होगा कि "आप योग्य हैं 10 रुपये देने के लिए, बशर्ते देने वाला और लेने वाला, दोनों जीएसटी में रजिस्टर्ड हों।" भिक्षावृत्ति रोकने के नाम पर प्रशासन की ऐसी सतर्कता है, मानो हर भिखारी ओसामा बिन लादेन का चेला हो और हर कटोरे में देश की सुरक्षा का ब्लूप्रिंट छुपा हो। शहरों में भिखारियों को पकड़-पकड़कर सुधार गृहों में भेजा जा रहा है, और दान देने वालों को ऐसा देखा जा रहा है, जैसे वे किसी काले धन के नेटवर्क के सरगना हों। लेकिन ये सुधार गृह असल में हैं क्या? भिखारी घुसता है इंसान बनकर और निकलता है व्यवस्था के खिलाफ तजुर्बे का जीता-जागता सबूत बनकर। सरकार का तर्क भी ऐसा है कि सुनकर रोटी गले में अटक जाए—"भिखारी को दान देकर आप उसकी गरीबी को स्थायी बना देते हैं।" कमाल है! अब कोई इन्हें यह बताए कि मुफ्त नगद, मुफ्त राशन, मुफ्त बिजली, और मुफ्त पानी आदि की योजनाओं से दशकों से आप पूरे समाज को क्या बना रहे हैं? चुनाव आते ही नेता वादों की ऐसी सुनामी लाते हैं, जैसे उनके घरों में कुबेर का खजाना टपक रहा हो। "हम गरीबों के लिए मुफ्त राशन देंगे," "हर घर बिजली पहुंचेगी," "पानी भी मुफ्त मिलेगा", "महिलाओ को 2100-2500 मिलेगा।" जनता को यह सब सुनकर लगता है कि जैसे भगवान ने धरती पर अवतार ले लिया हो। इन घोषणाओं को सुनकर जनता ऐसा धन्य महसूस करती है, मानो नेता नहीं, साक्षात भगवान धरती पर अवतरित हो गए हों। पर सच्चाई यह है कि मुफ्त का कुछ नहीं होता। यह भी एक भिक्षा है, लेकिन संवैधानिक ठप्पे के साथ। यह चुनावी महायज्ञ है, जहां गरीब को ऐसी आदत लगाई जाती है कि आत्मनिर्भरता उसके लिए सपना बनकर रह जाती है। लेकिन इसे हम 'लोकतंत्र की महिमा' कहते हैं, और जो इसे घोषणा पत्र में लिखता है, वह संत का दर्जा पा जाता है। भविष्य में भिखारी भी डिजिटल क्रांति का हिस्सा बन जाएंगे। उनके कटोरे पर चमचमाता क्यूआर कोड चिपका होगा, जिस पर लिखा होगा, "स्कैन करें और दान करें।" आप जैसे ही स्कैन करेंगे, मोबाइल स्क्रीन पर एक संदेश उभरेगाः "यह भिखारी सरकार द्वारा प्रमाणित है। कृपया संवेदनशीलता प्रमाणपत्र के साथ दान करें।" साथ ही, एक छोटी-सी चेतावनी भीः "दान करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि आपकी आयकर छूट पर इसका नकारात्मक प्रभाव न पड़े।" और हां, सरकार इसमें भी हाथ डाल सकती है—इसे 'संवेदनशीलता शुल्क' का नाम देकर आपकी कर योजना का हिस्सा बना सकती है। अब ज़रा इस बात पर विचार करें। एक आम आदमी किसी भूखे को दस रुपये देता है, और उसे 'सिस्टम का बाधक' कहकर घूरा जाता है। लेकिन दूसरी ओर, वही नेता, जो चुनावी प्रचार में हजारों करोड़ फूंक देता है, गरीबों का 'तारणहार/ मसीहा' बन जाता है। यह हमारी व्यवस्था की वह अनोखी विडम्बना है, जहां नैतिकता का तराजू नेताओं की जय-जयकार में गुम हो जाता है। नेता के खर्चे को 'लोकतांत्रिक निवेश' कहा जाता है, और गरीब को दिए दस रुपये को 'आर्थिक अपराध।' तो अगली बार, जब आप सड़क पर किसी भूखे को मदद करने जाएं, तो पहले सोच लें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. आर.के. जैन "अरिजीत"**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बंदी मन करता नहीं, बड़ा धरा पर काम।
गंगा जब तक कैद थी, किसके आयी काम।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

## अपराध की हमारी दंड संहिता आखिर क्या है ?

जब भी कोई भयंकर अपराध हमारे समक्ष होता है ,तो हमारा पूरा समाज कुछ समय के लिए अत्यंत उद्वेलित और व्यग्र हो जाया करता है और उस समय तरह-तरह के मार्च-अनशन-धरना इस तरह के कार्यक्रम किए जाने लगते हैं। कुछ समय के लिए एक पूरा समाज अपने समूचे उबाल पर होता है और इस उबाल की पराकाष्ठा यह होती है कि हर कोई एक-दूसरे के सुर में सुर मिलाता हुआ दिखाई देता है, लेकिन यह सुर इस कदर भावना से आविष्ट होता है कि चारों तरफ से अपराधियों को बीच सड़क पर दंड देने की मांग उठने लगती है और भावनाओं के उस तूफान में एकबारगी यह सब सही भी लगता है ,लेकिन इसके दूरगामी परिणामों पर शायद ही किसी की नजर जाती है और वह दूरगामी परिणाम है कि एक समाज का अपने ही न्यायिक तंत्र से पूरा का पूरा भरोसा उठ जाना और दंड व्यवस्था को अपने हाथ में ले लेना । कभी-कभी यह दबाव इतना ज्यादा होता है कि पुलिस को भी वही करना पड़ता है, जो जनता चाहती है यानी कि एनकाउंटर या अन्य ऐसी ही कुछ दूसरी चीजें। लेकिन यहां पर प्रश्न यह उठता है कि यदि किसी भी समाज में अपराधियों को दंड देने के लिए अपने ही विधान के विपरीत जाकर कुछ अन्य करना है, तो फिर उस दंड विधान की जरूरत ही क्या है? इससे बेहतर क्या यह अच्छा ना हो कि हमारी न्यायिक प्रक्रिया में जो खामियां हैं ,उन्हें ही ठीक किया जाए और अपराध की जघन्यता के अनुसार अपराधी को त्वरित व उपयुक्त दंड दिया जाए। क्योंकि देर से दिया गया दंड भी एक तरह से न्याय का मखौल ही है। लेकिन किसी घटना के तूफान में यह सब कुछ यानी कि सारी विवेकशीलता और न्यायिक प्रक्रिया के परखच्चे उड़ जाते हैं। तो हमें यह सोचना होगा कि हमारी न्यायिक प्रक्रिया किस प्रकार की हो। कि ऐसे अपराधों के लिए स्पीड ट्रायल करके जितनी जल्दी अपराधी को दंडित जा सके और इसके लिए पुलिस को भी उतना ही तत्पर होना चाहिए। किसी भी न्यायिक प्रक्रिया की शुरुआती प्रक्रिया पुलिस के द्वारा ही शुरू की जाती है और यदि वह प्रक्रिया ही सिरे से गलत हो, तो उससे वांछित अपराधी को दंड नहीं मिल पाता है और दंड मिलना तो दूर सालों साल अपराधी फरार रहता है। लेकिन इन सब के अलावा एक दूसरी बात जो सबसे ज्यादा किसी भी समाज के लिए जरूरी है वह यह है कि जब तक हमारे खुद के भीतर वह मोरालिटी नहीं आती, वह संस्कार नहीं जन्म लेते जो इस प्रकार के अपराधों की रोकथाम के लिए स्वतः स्फूर्त नियामक हैं, तब तक अपराध नाम की चीज कभी खत्म नहीं होगी। बेशक अपराध तो हर समाज में हर काल में होते आए हैं, लेकिन जब नैतिकता का पूरी तरह से लोप हो जाता है और जब भय की मात्रा पूरी से तरह से नदारद हो जाती है, तो अपराधों की जघन्यता भी बढ़ जाती है।

तो अब इस बारे में हमें खुद को यह सोचना पड़ेगा कि हम नैतिकता और विवेकशीलता की पायदान पर खुद कहां खड़े हैं और अपने बच्चों को किस प्रकार के संस्कार दे पाने में सक्षम हो रहे हैं ।इस बाबत मुझे लगता है कि मुझे कुछ और लिखने की या कहने की आवश्यकता नहीं है ,बल्कि हमारे धर्म ग्रंथों में ,यथा हमारे हितोपदेश-पंचतंत्र और अन्य इसी प्रकार के तरह-तरह के ग्रंथों में इस प्रकार की तमाम नैतिक शिक्षाएं तरह-तरह की कहानियों के द्वारा दी जाती रही हैं। किन्तु जिनको हम अब बिल्कुल भूल चुके हैं, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बच्चों के लिए कोई भी नैतिकता उपदेश के रूप में प्रभावी नहीं होती है ,बल्कि कहानियों के रूप में ही वह उस बात को ज्यादा अच्छी तरह से सीख और समझ पाते हैं। इतना कहने के बाद यह कहना जरूरी नहीं लगता कि आगे का रास्ता यही है कि हम अपने बच्चों के भीतर वापस उन संस्कारों को विकसित कर पाए ,जो स्त्री की ही नहीं अपितु हर व्यक्ति की गरिमा को समझ पाने में सक्षम हो। तो दोस्तों किन्ही अपराधियों को जब कोई भी पुलिस या भीड़ पत्थरों से या एनकाउंटर करके उसी प्रकार की जघन्यता से मार डालती है ,तो उसका रोमांच एकबारगी तो बेशक बहुत होता हो, लेकिन यह बात अपने आप में उतनी ही अन्यायपूर्ण है, जितना कि अपराधियों द्वारा किया गया वह अपराध! क्योंकि यह भी हमें मानवीयता की उस गरिमा से गिरा डालती है ,जिस गरिमा से वो अपराधी खुद भी गिरे हुए हैं । तो इस प्रकार के कृत्य से हम किसी को कोई भी सीख नहीं दे सकते तो इस चीज को हमें अभी से समझ लेना चाहिए। ताकि हम अपने बच्चों को भी वैसी ही सीख दे सकें । **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**राजीव थेपड़ा**
रांची, झारखंड

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है महाकुंभ : अमित शाह

**धर्म नगरी प्रयागराज में** एकता और अखंडता के इस महापर्व में संगम स्नान करने और संतजनों का आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।

**महाकुम्भ नगर(हि.स.)।** संगम की पवित्र धरती पर चले रहे विश्व के सबसे बड़े मेले महाकुम्भ में सोमवार को प्रयागराज पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसे एकता का महाकुम्भ करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, महाकुम्भ सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। यह हमारे सनातन जीवन-दर्शन और समरसता पर आधारित अखंड परंपरा को दर्शाता है। महाकुंभ में डुबकी लगाने से पहले उन्होंने कहा कि आज धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखण्डता के इस महापर्व में संगम स्नान करने और संतजनों का आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।

प्रयागराज पहुंचने पर गृहमंत्री का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया।

इस दौरान, गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह और पुत्र वधु व पोतियों ने भी स्नान और पूजा पाठ में हिस्सा लिया। भगवा वस्त्रों में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद, निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाशानंद और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, बाबा रामदेव समेत अन्य संतों के साथ संगम में डुबकी लगाई। संतों ने गृहमंत्री को वैदिक

### 30 जनवरी को महाकुंभ में डुबकी लगायेगें मुकेश अम्बानी

**मऊ (हि.स.)।** महाकुम्भ नगर - 30 जनवरी को संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगे भारत के बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी उसके बाद साधु संतों से भी सेक्टर -9 में कैलाशा नंद जी महाराज से लेगें आशीर्वाद ।

## महाकुंभ से लौट रहे चार लोगों की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यू

● अनियंत्रित कार दूसरे लेन में गयी तो तेज रफ्तार ट्रक ने कार में मारी जोरदार टक्कर- मृतको में पति-पत्नी और दो बच्चे शामिल



**पूर्वी चंपारण(हि.स.)।**

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतक सभी बिहार में पूर्वी चंपारण जिले में चिरैया थाना क्षेत्र पीरारी गांव के रहने वाले हैं। जो फिलहाल दिल्ली में रह रहे थे। हादसा उस समय हुआ जब सभी प्रयागराज में कुंभ स्नान कर दिल्ली लौट रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और दूसरी लेन में जा घुसी,तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान कार में सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतको में चिरैया के पीरारी गांव निवासी वीर शमशेर सिंह के तीन बेटों में सबसे छोटे पुत्र ओमप्रकाश आर्या (38)उनकी पत्नी पूर्णिमा सिंह (34), बेटी अहाना (12), और बेटे विनायक (4)शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार पेशे से वकील ओमप्रकाश आर्या फिलवक्त दिल्ली के उत्तम नगर में अपनी पत्नी और बच्चो के साथ रह रहे थे। रविवार को प्रयागराज कुंभ स्नान के बाद दिल्ली लौट रहे थे। इसी बीच सुबह करीब 9 बजे उनकी कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर 31 किलोमीटर आगे निकली ही थी,कि कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और उछलकर दूसरी लेन में चली गई. दूसरी लेन में सामने से आ रहे ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तेज धमाका हुआ।

सूचना पर मौके पर पहुंची फतेहाबाद थाना पुलिस ने कार में फंसे चारों शवों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए आगरा के एसएन अस्पताल भेज दिया है।इधर घटना की सूचना के बाद मोतिहारी के मठिया स्थित उनके अस्थायी घर के साथ ही उनके पैतृक गांव पीरारी में कोहराम मचा हुआ है।पिता समेत उनके परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

# गणतंत्र दिवस : कर्तव्य पथ पर राष्ट्रपति मुर्मू ने फहराया तिरंगा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।**

● राष्ट्रीय ध्वज को दी गई 21 तोपों की सलामी

● इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुबियांतो थे मुख्य अतिथि

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कर्तव्य पथ पर तिरंगा फहराया। 21 तोपों की सलामी के बाद परेड शुरू हुई। इंडोनेशिया के जवान भी इस परेड में शामिल हुए। उनके साथ इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भी थे, जो इस वर्ष के समारोह के मुख्य अतिथि थे। परंपरा के अनुसार, दोनों राष्ट्रपतियों को भारतीय सेना की सबसे वरिष्ठ रेजिमेंट, 'राष्ट्रपति के अंगरक्षक' द्वारा कर्तव्य पथ तक ले जाया गया। 40 वर्षों से बंद परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए, वे 'पारंपरिक बग्गी' में सवार होकर समारोह में पहुंचे। उनके आगमन पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ का भी कर्तव्य पथ पर स्वागत किया। राष्ट्रगान के बीच राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, जिसके बाद स्वदेशी 105-एमएम लाइट फील्ड गन का उपयोग करके 21 तोपों की सलामी दी गई। इस वर्ष के गणतंत्र दिवस समारोह में संविधान के लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने पर ध्यान केंद्रित किया गया और 'जन भागीदारी' पर जोर दिया गया। इस उत्सव में भारत की सांस्कृतिक विविधता, एकता, समानता, विकास और सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक मंत्रालय के 300 कलाकारों के साथ वाद्य यंत्र बजाते हुए परेड निकली। कलाकारों द्वारा शहनाई, नादस्वरम, मशक बीन, बांसुरी, शंख और ढोल जैसे पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्रों की मदद से 'सारे जहां से अच्छा' बजाया गया। समारोह में वैश्विक स्पर्श जोड़ते हुए, 152 सदस्यों वाली इंडोनेशियाई राष्ट्रीय सशस्त्र बलों की मार्चिंग टुकड़ी और 190 सदस्यों वाली इंडोनेशिया की सैन्य अकादमी का सैन्य बैंड भी परेड में शामिल हुआ।



## बिहार एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन

# 2025 विधानसभा चुनाव की तैयारी, दूसरे चरण की शुरुआत

एजेंसी



**पटना।** बिहार एनडीए में संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन चल रहा है। इसके दूसरे चरण की शुरुआत भी हो गई। कई जिलों में पहले चरण के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन की समाप्ति के बाद एनडीए कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है। घटक दलों के कार्यकर्ताओं में आपसी तालमेल मजबूत हुआ है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि घटक दलों में समन्वय बनाने के उद्देश्य से शुरू हुए इस संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन से एनडीए को संजीवनी मिली है।

दरअसल, इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत एनडीए घटक दलों ने 15 जनवरी से संयुक्त कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरुआत की। पहले चरण में आठ जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुए, जबकि सोमवार से दूसरे चरण की शुरुआत हुई।

## स्वदेशी सैन्य शक्ति के साथ दिखी भारतीय संस्कृति

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में इस बार आधुनिकता के साथ-साथ आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया। सेना ने भारत में ही विकसित स्वदेशी तकनीक व हथियारों का प्रदर्शन किया। परेड में देशवासियों को भारतीय सेना के स्वदेशी व अत्याधुनिक हथियार, मिसाइल सिस्टम, टैंक, आधुनिक कम्युनिकेशन संयंत्र व विशेष वाहन देखने को मिले।

इनके अलावा, गणतंत्र दिवस पर भारतीय सेना अपने कपिध्वज स्पेशलिस्ट मोबिलिटी वाहन, आधुनिक नंदीघोष क्विक रिएक्शन फोर्स वाहन, शॉर्ट ब्रिज सिस्टम, संजय बैटल फील्ड सर्विलांस सिस्टम, आकाश मिसाइलों से लैस आकाश आर्मी लांचर का भी प्रदर्शन किया। गणतंत्र दिवस समारोह के अंत में भारतीय लोक नृत्यों एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों दी गई, जिसका संगीत विख्यात संगीतकार शंकर महादेवन द्वारा तैयार किया गया था। इस वर्ष कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में करीब 77 हजार लोग शामिल हुए। इनमें से 32,000 व्यक्ति वे थे, जिन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह का टिकट खरीदा था। वहीं, 10,000 विशेष अतिथि भी इनमें शामिल रहे। इस बार 5,000 से अधिक कलाकारों ने कर्तव्य पथ पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

## 40 विमानों ने किया फ्लाईपास्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय वायुसेना के विमानों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर साहसिक फ्लाईपास्ट किया। इस साल गणतंत्र दिवस पर फ्लाईपास्ट में 22 लड़ाकू विमान, 11 परिवहन विमान और सात हेलीकॉप्टर समेत कुल 40 विमानों ने हिस्सा लिया। लड़ाकू जहाजों की गगनभेदी आवाज और उनकी जांबाजी भरे करतबों से दर्शक बेहद उत्साहित नजर आए। इन विमानों में राफेल, सुखोई, जगुआर, डॉनियर, अपाचे हेलीकॉप्टर, सी 17, सी 295 आदि विमान शामिल थे। विमानों ने वायुसेना के 10 अलग-अलग ठिकानों से उड़ान भरी। गणतंत्र दिवस समारोह में इन विमानों ने कुल 12 अलग-अलग फॉर्मेशन में उड़ान भरी। भारतीय वायुसेना के फ्लाईपास्ट के दौरान पहला फॉर्मेशन ध्वज रहा। इसके वायुसेना के विमानों और पायलटों ने समारोह स्थल पर अलग-अलग फॉर्मेशन पेश किए।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे।

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचें। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे।

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी।

## सैफ अली खान हमले में पुलिस ने बंगाल में महिला को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** मुंबई पुलिस ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के चापड़ा से एक महिला को बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के मामले में गिरफ्तार किया। जांच में यह सामने आया है कि हमले के मुख्य आरोपित बांग्लादेशी नागरिक द्वारा इस्तेमाल किया गया सिम कार्ड उसके नाम पर पंजीकृत था। 16 जनवरी को सैफ अली खान पर उनके बांद्रा स्थित आवास पर चाकू से छह बार हमला किया गया था। अभिनेता को गंभीर हालत में लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी रीढ़ पर प्लास्टिक सर्जरी की गई। उन्हें 21 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। मुंबई पुलिस की दो सदस्यीय टीम रविवार को पश्चिम बंगाल पहुंची और इस मामले में छापेमारी की। राज्य पुलिस के साथ मिलकर महिला को गिरफ्तार किया गया है। नदिया जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि हमलावर पहले अवैध तरीके से बांग्लादेश की सीमा पार कर पश्चिम बंगाल आया और यहां लंबे समय तक रहा था।

# आजकल किसी को भी बना दे रहे महामंडलेश्वर : बाबा रामदेव

### फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के संन्यास पर बोले योगगुरु

ब्यूरो



**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर बनाए जाने पर भड़के योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा कि एक दिन में कोई संत नहीं बन सकता है। इसके लिए वर्षों की साधना की जरूरत होती है। रील्स के जरिए कुंभ में फैलाई जा रही फूहड़ता पर भी बाबा रामदेव ने ऐतराज जताते हुए कहा कि इस तरह की ओछी हरकत करने वालों को समझना चाहिए कि असली कुंभ ये नहीं है कि जहां केवल इस तरह संत बनाया जा रहा है।

महाकुंभ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बाबा रामदेव ने कहा कि किसी के भी नाम के आगे बाबा जोड़ देना गलत है। कुंभ के नाम पर लोगों तक पहुंचना ठीक नहीं है। किसी को भी इस तरह ओछी हरकत करने से बचना चाहिए। असली महाकुंभ ये है जहां मनुष्यता से देवत्व में, ऋषित्व में, ब्रह्मत्व में आरोहण पाया जाता है। सनातन ऐसा नहीं कि कुछ भी हरकत करते रहो। सनातन को महसूस करना, सनातन को जीना और सनातन को बढ़ाना इसका काम है। सनातन तो वह शाश्वत सत्य है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता।

एक अन्य सवाल के जवाब में बाबा रामदेव ने ममता कुलकर्णी को लेकर कहा कि एक अभिनेत्री महामंडलेश्वर बनी हैं, एक दिन में किसी को संतत्व नहीं हो सकता। उसके लिए सालों की साधना लगती है। हम लोगों ने 50-50 वर्षों का तप करने के बाद साधुता को पाया है। आजकल देखने को मिल रहा है कि किसी की भी मुंडी पकड़कर महामंडलेश्वर बना दिया जा रहा। ऐसा नहीं होना चाहिए।

मालूम हो कि बीते शुक्रवार मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री रहीं ममता कुलकर्णी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने संगम में डुबकी लगाने के साथ ही गृहस्थ जीवन से संन्यास की घोषणा कर दी। इसके बाद उनको किन्नर अखाड़ा का महामंडलेश्वर बनाया गया। महामंडलेश्वर बनने से पहले ममता ने अपना तथा अपने पूर्वजों का पिंडदान किया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका महामंडलेश्वर के रूप में पट्टाभिषेक किया गया। संन्यास धारण करने के बाद उन्हें नया नाम माई ममता नंद गिरि दिया गया है। इसे लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

## सीएम नीतीश की होने वाली प्रगति यात्र स्थगित

**पटना (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का शेड्यूल बदल गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वास्थ्य की वजह से आज (27 जनवरी) होने वाली प्रगति यात्रा स्थगित कर दिया गया है। उनकी तबीयत ठीक नहीं होने की वजह से पूर्णिय में होने वाली प्रगति यात्रा स्थगित की गई है। इस संबंध में सचिवालय ने एक पत्र जारी किया है। जिसके अनुसार मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा अब 28 जनवरी मंगलवार से शुरू होगी। नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में बुधवार को कटिहार जाएंगे और 30 जनवरी को मधेपुरा का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा की शुरुआत अगले महीने यात्रा 1 फरवरी से होने वाली है। 1 फरवरी को मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के दौरान भागलपुर पहुंचेंगे। शाम को वे पटना लौट जाएंगे। इसके बाद 2 फरवरी को मुख्यमंत्री बांका में प्रगति यात्रा के दौरान विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। 6 फरवरी को मुंगेर, 8 फरवरी को लखीसराय और शेखपुरा, 10 फरवरी को जमुई और 11 फरवरी को यात्रा के अंतिम दिन नवादा पहुंचेंगे।

## सुशील मोदी को पद्मभूषण देने की घोषणा पूरे बिहार का सम्मान: जेस्सी सुशील मोदी

**पटना (हि.स.)।** राजनीति के ज़रिए बिहार के विकास को नई दिशा देने के लिए आजीवन प्रयत्नशील रहे सुशील कुमार मोदी को पद्मभूषण देने की घोषणा पूरे बिहार का सम्मान है। स्व.सुशील कुमार मोदी की अर्धांगिनी जेस्सी सुशील मोदी और उनके पुत्र अक्षय ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व बिहार के मुख्यमंत्री तथा दोनों उपमुख्यमंत्रियों का आभार जताते हुए सोमवार को यहां कहा है कि इस सम्मान से भाजपा के लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं का आत्मगौरव बढ़ेगा। मोदी ने कहा कि सुशील मोदी ने समाज के विभिन्न तबकों व लोगों के बीच काम किया और बिहार के विकास के लिए कई सामाजिक कार्य किए, जिनमें अस्पतालों और गरीब लोगों की मदद करना भी शामिल था।" विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे के लोगों के लिए.. यह पुरस्कार उनके निधन से मिले लोगों के घावों पर दवा के रूप में भी काम करेगा और प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। खासकर उन युवाओं के लिए जिन्हें लक्ष्य निर्धारित करने और दिशा देने के लिए नेताओं की आवश्यकता होती है। कहा कि मरणोपरांत सुशील कुमार मोदी को पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा दरअसल सुशील मोदी की पांच दशकीय सार्वजनिक व राजनीतिक जीवन के समर्पण व सद्कार्य की पहचान का सम्मान है।

## मोतिहारी में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पूर्वी चंपारण(हि.स.)।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से एक 26 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटका बरामद किया गया है। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गोढवा पंचायत के बासमनपुर अगरवा गांव की है। मृतक बीरेंद्र प्रसाद के बेटे संजीव कुमार है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन में कोहराम मचा हुआ है,जबकि पूरे इलाके में सनसनी फैली हुई है। परिजन के अनुसार मृतक संजीव रविवार को दोस्तों के साथ पार्टी करने के बाद घर लौटा था। इसके बाद वह फिर से घर से निकल गया, जिसके बाद उसकी काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई सुराग नही मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना को सूचना दी गई,जिसके बाद पुलिस ने मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर खोजबीन शुरू किया तो युवक का शव उसके घर के समीप बगीचे में एक पेड़ से लटका मिला।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज कर जांच में जुटी है। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,जिसकी रिपोर्ट आने बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मामला हत्या का है या उसने आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिए अन्य एंगल से भी जांच कर रही है।

# चंदे को लेकर भिड़े दो छात्र गुट, मारपीट-तोड़फोड़

1. दो छात्र घायल, लोहे की रॉड से हुई मारपीट की घटना
2. पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, सुरक्षा बल तैनात
3. घायल छात्र ने जबरन चंदा मांगने का आरोप लगाया

एजेंसी



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सोमवार को सरस्वती पूजा के चंदे को लेकर दो छात्र गुटों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सोशल साइंस डिपार्टमेंट में हुई इस घटना में ठक्कर बाप्पा हॉस्टल के दो छात्र घायल हो गए। दोनों को गंभीर चोटें आने के बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झड़प के दौरान लोहे की रॉड का भी इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सुरक्षा के लिए फोर्स तैनात कर दी गई है।

**चंदा वसूली**

घटना सोमवार को विश्वविद्यालय के सोशल साइंस डिपार्टमेंट में उस समय हुई, जब सरस्वती पूजा के लिए चंदा वसूली के दौरान दो गुटों के बीच बहस शुरू हुई। यह बहस जल्द ही हाथापाई में बदल गई। हिंसा के दौरान ठक्कर बाप्पा हॉस्टल के दो छात्र, राजू कुमार और एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल

# इंग्लैंड से तीसरा टी20 मैच खेलने के लिए टीम इंडिया राजकोट पहुंची

**एजेंसी। राजकोट**

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टी20 मैच राजकोट में खेलेगी। टीम रविवार देर रात पहुंची तो प्रशंसकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। चेन्नई में शनिवार को दूसरा मैच दो विकेट से जीतकर भारत पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 से आगे चल रहा है। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, तिलक वर्मा की नाबाद 78 रनों की पारी ने एमए चिदंबरम स्टेडियम में रोमांचक मुकाबले में चार गेंद शेष रहते टीम को जीत दिलाई थी। सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मंगलवार को होने वाले तीसरे टी20 मैच से पहले दोनों टीमें सोमवार को अभ्यास करेंगी। मेन इन ब्लू ने सीरीज की शानदार शुरुआत करते हुए कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। उन्होंने चेन्नई में भी अपनी लय बरकरार रखी और बराबरी के मुकाबले में जीत दर्ज की।

- **इंग्लैंड के खिलाफ टी20। श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रमनदीप सिंह शामिल हैं।**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चोटिल नीतीश कुमार रेड्डी और रिंकू सिंह की जगह शिवम दुबे और रमनदीप सिंह को भारतीय टीम में शामिल किया।

# सेंसेक्स में 824 व निफ्टी में 263 अंकों की गिरावट

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 824 अंक या 1.08 प्रतिशत गिरकर 75,366 और निफ्टी 263 अंक या 1.14 प्रतिशत गिरकर 22,829 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट का नेतृत्व मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,467 अंक या 2.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,795 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 651 अंक या 3.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,304 पर था। भारी गिरावट के कारण बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप करीब 9 लाख करोड़ रुपये गिरकर 410 लाख करोड़ रुपये रह गया है। बाजार के करीब सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, ऑटो, फार्मा, मेटल, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स में सबसे अधिक गिरावट थी। बाजार का रुझान भी नकारात्मक था। पर 3,519 शेयर लाल निशान में, 597 शेयर हरे निशान में और 118 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।

# बुमराह ने आईसीसी मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर बनने पर कहा- पहचान मिलना खास पल

**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 2024 के लिए आईसीसी मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला है। इस पुरस्कार को प्राप्त करने के बाद बुमराह ने कहा कि वह इस सम्मान से बेहद गर्व और सम्मानित महसूस कर रहे हैं। बुमराह ने इसे एक खास भावना बताया, जो उन्हें जीवन भर याद रहेगी।


76वें गणतंत्र दिवस
पर सिमडेगावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

संजय कुजूर
विधायक प्रतिनिधि सह बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रखंड-बोलबा, जिला सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस
पर सिमडेगावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

सोनू पाठक
थाना प्रभारी बोलबा
जिला सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस
पर सिमडेगावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

बिनोद बड़ाईक
मुखिया मालसाड़ा पंचायत
प्रखंड -बोलबा, जिला- सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस
पर सिमडेगावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

रामदयाल प्रसाद
समाजसेवी पीड़ियापोंछ
प्रखंड - बोलबा, जिला सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस
पर जलडेगावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश अग्रवाल
फाउंडर-जय श्री राम लाह उद्योग, जलडेगा

76वें गणतंत्र दिवस
पर सिमडेगावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

सुधांसु पाठक
अंचल अधिकारी
बोलबा, सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस
पर समस्त सिल्लीवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

विनय महतो धीरज
भाजपा जिलाध्यक्ष
ग्रामीण जिला सिल्ली

76वें गणतंत्र दिवस
पर समस्त मुरीवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

निदेशक : राकेश कुमार
संत माईकल (+2)
विद्यालय मुरी

76वें गणतंत्र दिवस
पर समस्त सिल्लीवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

रंजीत विश्वकर्मा
दक्षिण पूर्व रेलवे वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (रेल पथ) सिल्ली

76वें गणतंत्र दिवस
पर समस्त सिल्लीवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉक्टर प्रकाश महतो
जय श्री हेल्थ सेंटर के संचालक सिल्ली

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राजेश मोदी
पंचायत सचिव
तिसरी

76वें गणतंत्र दिवस
पर सिमडेगावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

आमंत्रण मांझी
उप. प्रमुख प्रखंड. बोलबा
जिला सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस
पर समस्त मुरीवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

दिनेश कुमार
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
मुरी शाखा के प्रबंधक

76वें गणतंत्र दिवस
पर समस्त मुरीवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

कुंदन कुमार
मुरी ओपी प्रभारी मुरी

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शांतिनिकेतन
पब्लिक स्कूल
बरसलोया, कोलेबिरा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

रवि
गुप्ता
भाजपा जिला मीडिया प्रभारी, सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जयप्रकाश चौधरी
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास
विशेष प्रमंडल सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

समरोम
पॉल तोपनो
जिला परिषद सदस्य
बांसजोर सह सेवादल
कांग्रेस जिलाध्यक्ष

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मार्गेट
बा
भाजपा महिला मोर्चा
प्रदेश प्रवक्ता सह
जनसंख्या फाउंडेशन
प्रदेश सचिव

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदीप
जायसवाल
भाजपा कार्यकर्ता सह
समाजसेवी, सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अनूप
केशरी
भाजपा नेता
सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुशीला केरकेट्टा
मुखिया, टुटीकेल

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

पीडीएस डीलर संघ
सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

विमला
प्रधान
पूर्व समाज कल्याण
एवं पर्यटन मंत्री
झारखंड सरकार

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जिला अनुसचवीय कर्मचारी संघ सिमडेगा

रामनिवास मिश्रा
अध्यक्ष

संजय कुमार
सचिव

हरिंद्र विश्वकर्मा
कोषाध्यक्ष

नावेद अंजुम अंसारी
संयुक्त सचिव

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जेई नितेश कुमार
कोलेबिरा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कुशाग्र
कुमार
संवेदक, सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
चंदन हार्डवेयर
कोलेबिरा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

प्रकाश रंजन
जिला मोटरयान
निरीक्षक, सिमडेगा

संजय कुमार बरवा
जिला परिवहन
पदाधिकारी, सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रखंड कांग्रेस कमेटी
कोलेबिरा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
राज हॉस्पीटल
सिमडेगा
Hospital Chowk, NH- 143, Ranchi Road,
Helenpur, Simdega-835223
(प्रिंसचौक और समहारालय के बीच में)
जन साधारण के लिए चिकित्सा क्षेत्र में एक वरदान
शिशु रोग | त्वचा रोग | मधुमेह रोग
मुत्र रोग | हड्डी रोग | उच्च रक्तचाप
महिला रोग | पेट संबंधित रोग
वृद्धा अवस्था रोग | आकस्मिक मरीज
प्रिंस चौक → रांची मार्ग → रांची मार्ग → हेलेनपुर → रांची मार्ग → समहारालय DC Office
Raj Hospital
8434227553/8434227554

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अनिल
कंडुलना
संयोजक प्रमुख
झामुमो, सिमडेगा

मो सफीक
खान
संयोजक सदस्य
झामुमो, सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त
झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अंचल
परिवार
सिमडेगा

76वें गणतंत्र दिवस पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर
केतुंगा धाम, बानो

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाया जा रहा : उपायुक्त



## झांकी में परिवहन विभाग को मिला प्रथम पुरस्कार

**लातेहार।** गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला स्टेडियम में आकर्षक झांकिया निकाली गयी। झाकिंयों में प्रथम पुरस्कार जिला परिवहन विभाग कार्यालय को दिया गया। इस झांकी में सड़क सुरक्षा की जानकारी लोगों को दी गयी। जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से पुरस्कार प्राप्त किया। झांकी में द्वितीय पुरस्कार जिला समाज कल्याण विभाग एवं तीसरा पुरस्कार जेएसएलपीएस की झांकी को दिया गया। इसके अलावा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, अग्रणी बैंक प्रबंधक, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, आईटीडीए, सर्व शिक्षा अभियान, डीआरडीए, जवाहर नवोदय विद्यालय, श्रम विभाग, सामाजिक सुरक्षा, नगर पंचायत समेंत अन्य कई विभागों की झांकियां निकाली गयी।

**● जिला में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्टेडियम में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज को फहरा कर परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। उपायुक्त ने कहा कि लातेहार जिला विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने सामूहिक भागीदारी को विकास का मुख्य आधार बताया। उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ, जिसने हमें स्वतंत्र रूप से जीने का अधिकार और अपने कर्तव्यों का बोध कराया। उन्होंने जिले की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और इनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा, विभिन्न जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने भी समारोह में भाग लिया। समारोह में झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, झामुमो संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ शाहदेव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# कोल परियोजनाओं की आधारभूत प्रगति की हुई समीक्षा

**■ भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान में तेजी लाने पर जोर**




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आधारभूत संरचना से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व बैठक के निदेशों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मगध कोल परियोजना, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, टीवीएनएल, सीसीएल, पावर ग्रिड, बनहदी, चक्ला कोल ब्लॉक, तुबेद सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने एफआरए, एनओसी, और भूमि अधिग्रहण के लंबित मामलों पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई कर निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित लंबित मुआवजे के मामलों की समीक्षा कर समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, अंचलवार अधिकारियों से उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं की जानकारी लेकर लंबित कार्यों पर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, महुआडांड़ विपिन कुमार दुबे, सभी अंचल अधिकारी, कोल कंपनियों के अधिकारी और अन्य संबंधित प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## प्रखंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मना

बालूमाथ। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी सरकारी गैर सरकारी और राजनीतिक कार्यालय में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ झंडात्तोलन किया गया। सबसे पहले बालूमाथ एसडीपीओ कार्यालय में झंडोत्तोलन किया गया। इसके बाद प्रखंड कार्यालय में झंडात्तोलन के पूर्व शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। प्रखंड कार्यालय के बगल में स्थित शहीद नीलांबर-पीतांबर के स्मारक स्थल पर बालूमाथ पुलिस प्रशासन एवं ग्रामीण जनता ने पुष्प अर्पित किया गया। इसके बाद पेंशनर समाज, झामुमो कार्यालय ,राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय, भाजपा कार्यालय,कांग्रेस कार्यालय, सभी स्कूल, बैंक, थाना , बीओ कार्यालय, जिला परिषद, बस पड़ाव ,मुरपा मोड़ झंडा चौक आदि जगहों पर शान से तिरंगा फहराया गया। प्रखंड अंतर्गत बसिया पुलिस पिकेट, तेतरियखाड़ पुलिस पिकेट,अमरवाडीह पुलिस पीकेट, मकईयाटांड़ पुलिस पीकेट, मगध कोल माइंस में झंडोत्तोलन किया गया। मगध परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। जिसमें जीएम नितेंद्र नाथ के अलाव अलावा सीसीएल के कई पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस पर उपायुक्त ने समाहरणालय में झंडोत्तोलन कर तिरंगे को दी सलामी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम अपने आवासीय कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता, एसडीएम, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, परिवहन पदाधिकारी, डीआरडीए डायरेक्टर, आपूर्ति पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिविल सर्जन, जनसंपर्क पदाधिकारी, डीएओ, डीईओ, डीएसई, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित अन्य पदाधिकारी व अवासीय परिसर के कर्मचारी उपस्थित थे। आवासीय परिसर में झंडोत्तोलन के बाद उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा गोविंद इंटर कॉलेज, गढ़वा (टॉउन हॉल) के मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन किया गया साथ ही परेड की सलामी ली गयी। इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन के बाद आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। उपायुक्त ने इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों, कर्मियों को सम्मानित किया। इसके बाद नये समाहरणालय परिसर में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने झंडोत्तोलन किया। इस दौरान विभिन्न पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में समाहरणालय कर्मी उपस्थित रहे।



## गणतंत्र दिवस के अवसर पर शान से लहराया तिरंगा

**महुआडांड़।** गणतंत्र दिवस धूमधाम और शान से मनाया गया। सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में तिरंगा झंडा शान से फहराया गया। गणतंत्र दिवस पर विपिन कुमार दुबे, डीएससी शिवपूजन बहेलिया, सीओ सह बीडीओ संतोष बैठा, थाना प्रभारी अवनीश कुमार, इस्तेखार अहमद,उप प्रमुख अभय मिजं, गजेन्द्र प्रसाद ने भी अपने अपने आवास पर झंडोत्तोलन किया। अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय थाना परिसर समेत कई सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में शान से तिरंगा फहराया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रखंड में खेलकूद का संत जोसेफ पल्स टू विधालय में आयोजन किया गया। झंडोत्तालन के बाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में विभिन्न स्कूल द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया गया।फोटो ।एसडीओ द्वारा अनुमंडल कार्यालय में झंडा फहराते

## नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में शान से लहराया तिरंगा

**विश्रामपुर।** शनिवार को विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र सहित पूरे प्रखंड में स्थित सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में संस्थान प्रमुख द्वारा पूरे शान के साथ तिरंगा झंडा फहराया गया। नगर परिषद कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत,विश्रामपुर थाना परिसर में थाना प्रभारी सौरव कुमार चौबे,सीएचसी में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार, बी मोड़ पवार ग्रिड में कनीय अभियंता शुभम पांडेय,रेहला आरपीएफ पोस्ट पर पोस्ट प्रभारी बनारसी यादव,रेहला संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला में निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले,रेहला पुलिस निरीक्षक कार्यालय पर इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान ने झंडोत्तोलन किया।

### डिस्ट्रिक्ट ई गवर्नेंस की बैठक में लिए गए निर्णय

# 3 महीने के अंदर जितने भी सीएससी आईडी क्रिएट किए गए हैं, उनका वेरिफिकेशन रिपोर्ट प्रस्तुत करें: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेंस की बैठक सोमवार को आहूत की गई। बैठक में झारसेवा परियोजना, भारतनेट झारनेट एवं पंचायत में स्थापित प्रज्ञा केंन्द्रो की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीएससी मैनेजर को निर्देश किया गया कि पिछले 3 महीने में जितने भी सीएससी आईडी क्रिएट किए गए हैं, उनका वेरिफिकेशन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। झारसेवा पोर्टल के माध्यम से निर्गत किये जा रहे प्रमाण पत्रों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। झारखंड परियोजना अंतर्गत पंचायतों में उपलब्ध कराए गए इंटरनेट कनेक्टिविटी की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान इंटरनेट की स्लो स्पीड पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पीड बढ़ाने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करने के लिए बीएसएनल एवं जेसीएनएल के प्रतिनिधियों को निर्देश किया गया। साथ ही जिन पंचायतों में कनेक्टिविटी अभी तक फंक्शनल नहीं की गई है या डाउन है, वहां जल्द से जल्द इस सुविधा को बहाल करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान झारनेट कनेक्टिविटी की समीक्षा की गई। झारनेट के प्रतिनिधियों को कनेक्टिविटी के लिए बीएसएनएल के अतिरिक्त एयरटेल का या अन्य सपोर्टिंग लिंक भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। नए समाहरणालय में अवस्थित सभी कार्यालयों में झारनेट की सुविधा जल्द से जल्द चालू कराने का निर्देश दिया गया। पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा को निर्देश दिया गया कि जिन पंचायत भवनों में स्थापित प्रज्ञा केंन्द्र, जो पूर्व में प्रथम तल पर संचालित किया जा रहे हैं, उन्हें भूतल पर स्थापित करने हेतु अपने स्तर से पत्राचार करते हुए अग्रेतर कार्रवाई करें। साथ ही वृद्धों एवं दिव्यांग व्यक्तियों समेत अन्य नागरिकों को असुविधा ना हो पाए। पंचायती राज विभाग रांची से प्राप्त पत्र के आलोक में 33 प्रज्ञा केंन्द्रो के संचालकों को झारनेट आईडी प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सरकारी मेल आईडी का ही प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, डीआईओ राधे गोविंद ठाकुर, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शिवनारायण पासवान झारनेट से आए जेसीएनएल के प्रतिनिधि पीयूष कुमार समेत बीएसएनएल के प्रतिनिधि उपस्थित थें।



# प्रखंड में शान से लहराया झंडा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** गणतंत्र दिवस प्रखंड क्षेत्र मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में निर्धारण समय पर झंडोत्तोलन किया गया। सर्वप्रथम प्रखंड सह अंचल कार्यलय परिसर में बारियातू 08:30 मे प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार पासवन ने झंडोत्तोलन किया, इसके बाद पशुपालन विभाग में 08:40 डॉ. सुशिला बागे,संकुल संगठन संसाधन केंद्र कार्यालय मे 08:45 झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय 08:50 राजेन्द्र गंझू,मेसर्स प्रिंस भारत गैस, 08:55 मुंसी साव,मध्य विद्यालय बारियातू 09:00 अनिता देवी,झारखंड राज्य आवासीय बालिका विद्यालय 09:05 वार्डन शान्ति कुमारी व पूर्व शिक्षिका मालती कुमारी,बीआरसी कार्यालय में 09:10 में विरेन्द्र भगत ,स्वास्थ उपकेन्द्र 09:15 डॉ. सुरेंद्र कुमार,राजद कार्यालय, बारियातू 09:20 लवकुश सिंह ,सभी पंचायत सचिवालय 09:25 में संबन्धित मुखिया, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय 09:30 मे लव कुमार सिंह ,आजसू पर्टी कार्यालय 09:35 में विनोद राम, सरस्वती शिशु मंदिर 09:40 में अध्यक्ष किसोर प्रसाद ,झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक 09:50,कांग्रेस पार्टी कार्यालय 09:55 रिगन कुमार,लैंपस कार्यालय,10:00 परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय 10:05 अध्यक्ष राजीव कुमार व प्रधानाचार्य रुपेश कुमार,सभी प्राईवेट विद्यालय मे 10:10,संबन्धित प्रधानाचार्य व थाना बारियातू 10:35 थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने झंडोत्तोलन किया। मौके जिप सदस्य रमेश राम, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, पंचायत सचिव प्रकाश कुमार, प्रिंस भारत गैस संचालक मुंसी साव, विनोद बैठा सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति व प्रखंड सह अंचल कर्मी सहित मौजूद थे।

# सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों पर शान से लहराया तिरंगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** गणतंत्र दिवस पर रविवार को सुबह से ही क्षेत्र में देशभक्ति आधारित गानों की धूम मचने लगी। सर्वप्रथम प्रखंड प्रागंण से प्रातः नौ बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख कलावती देवी ने किया। इसमें बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, सीओ संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, जिप सदस्य संगीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन, पंसस गुप्तेश्वर पांडेय, समाजसेवी डॉ. अजय जायसवाल सहित कई अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके बाद यहां की सामूहिक टीम की उपस्थिति में इससे सटे ही नया थाना प्रागंण में थाना प्रभारी अफजल अंसारी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परिसर में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार, प्लस टू हाईस्कूल में प्रभारी प्राचार्य बैद्यनाथ राम ने झंडोत्तोलन किया। मौके पर उपस्थित लोगों के बीच पूरे उत्साह के साथ स्कूली छात्रों ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति कर मंत्रमुग्ध किया। संबधित संस्थानों पर उनके अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मियों ने बुंदिया व मिठाईयां का वितरण कर पूरे शान के साथ नगर भ्रमण कर इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराने के प्रति प्रेरित भी बीच मार्ग में किया। बाजार क्षेत्र से अधिक ग्रामीण इलाके के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक व छात्रों ने इस अवसर पर काफी सजगता का परिचय देकर कार्यक्रम संपन्न कराने में भूमिका निभाई है। पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पतरिया व पांती, मीडिल स्कूल सोबा, प्राथमिक विद्यालय बहेरा में संबधित प्रधानाध्यापक क्रमश राकेश कुमार सिंह, उपेन्द्र राम, कपीलदेव रजवार, चक्रवर्ती कुमार सिंह व विनोद कुमार पांडेय ने झंडोत्तोलन पूर्व सहायक शिक्षकों संजय राम, कुसुम देवी, प्रदीप कुमार सिंह, विजय बहादूर सिंह व सैकड़ों बच्चों के साथ प्रभातफेरी निकालकर गांव सहित अन्य पोषित टोलों का भ्रमण किया।

## सभी पदाधिकारी और कर्मी बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज कराएं : उपायुक्त

**गढ़वा।** जिला उपायुक्त शेखर जमुआर ने सभी पदाधिकारी और कर्मियों को अपने-अपने कार्यालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रतिदिन ससमय दर्ज करना का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रखंड व पंचायत स्तरीय कर्मियों द्वारा सभी कार्य-दिवस पर ससमय उभय काल (इन\ आउट टाइम ) उपस्थिति दर्ज नहीं किया जा रहा है, जो अत्यंत खेद का विषय है। साथ ही प्रखंड व पंचायत में हो रहे कार्यों पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के निर्देश के अनुसार बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रतिदिन ससमय दर्ज करना अनिवार्य है। पूर्व में इस संबंध में सभी को कई बार पत्र और बैठकों में स्मारित किया जाता रहा है। उपायुक्त ने सभी को निर्देश दिया है कि अपने अधीनस्थ कर्मियों का वेतन भुगतान बायोमैट्रिक उपस्थिति के अनुसार करना सुनिश्चित करें।

## हर्षोल्लास से मना 76वां गणतंत्र दिवस

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानो पर राष्ट्रध्वज अपने-अपने समयानुसार फहराया गया। झंडोत्तोलन के दौरान देश भक्तों ने भारत माता की जय,गणतंत्र दिवस अमर रहे समेत वीर सपूत एंव महापुरुषों के जयकारे लगाये।












## पेज एक के शेष

### हमारा लोकतंत्र है...

24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और नौ नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। इस वर्ष राज्य में संगठित अपराध के कुल 154 संगठित गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इन गिरफ्तारियों में अलकायदा के चार आतंकवादी भी शामिल हैं। झारखंड राज्य में नए आपराधिक अधिनियम लागू किए गए हैं। इन कानूनों का मूल उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनहितैषी बनाना है। इनके लागू होने से आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार और अपराध नियंत्रण में प्रभावी परिणाम की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में तकनीक के तेजी से विकास के साथ ही साइबर अपराध का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। साइबर अपराध की रोकथाम के लिए निर्मित ह्यप्रतिबिंबह्ल एप का सार्थक प्रयोग करते हुए राज्य में कुल 898 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, पीड़ित व्यक्तियों को उनकी राशि भी उपलब्ध कराई गयी है। राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार ने खिलाड़ियों के कल्याण के लिए खिलाड़ी कल्याण कोष का गठन किया है। इसके तहत खिलाड़ियों को उनके चोट के इलाज पर खर्च किए गए राशि की प्रतिपूर्ति तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस वित्तीय वर्ष में आठ खिलाड़ियों को 13.42 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। राज्यपाल ने इस दौरान सरकार के कई योजनाओं की सराहना की।

### विकास के स्थापित...

फुलो झानो आशीर्वाद योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना के माध्यम से महिलाओं को आजीविका का सम्मानजनक विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है। पलाश ब्रांड के जरिए ग्रामीण महिला श्रम शक्ति को सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजनाह्ल के माध्यम से राज्य के हर जरूरतमंद को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। ह्यअबुआ आवास योजनाह्ल के माध्यम से गरीबों को तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। हरा राशन कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना तथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना जैसी लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों तथा जरूरतमंदों को लाभान्वित किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि राज्य में नियुक्ति की प्रक्रिया को तीव्र करते हुए विभिन्न कोटि के लगभग 48 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचना झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को भेज दी गई है, जिसमें से 46 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। इनमें से 5 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा 28 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई अंतिम चरण में है। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 11वीं-13वीं सिविल सेवा परीक्षा की प्रक्रिया भी अंतिम चरणों में है, जल्द ही 342 पदों पर नियुक्ति के लिए परीक्षाफल प्रकाशित किए जाएंगे। हमारी सरकार यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि नियुक्तियों में झारखंड के लोगों को उनका उचित हक मिले। उन्होंने कहा कि जो युवा स्वरोजगार करना चाहते हैं उन्हें आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए अनुदानित दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 7,625 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं और लाभुकों के बीच 438 करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया है। कौशल प्रशिक्षण के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री सारथी योजना : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के निमित मुख्यमंत्री सारथी योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत लगभग 4 लाख 84 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 2 लाख 14 हजार प्रशिक्षित युवाओं को जॉब ऑफर प्राप्त हुए हैं। प्रशिक्षण एवं प्रमाणीकरण के तीन माह के अंदर नियोजित नहीं हो पाने वाले युवकों को प्रतिमाह 1000 रुपए और युवतियों एवं दिव्यांगजनों को 1500 रुपए प्रतिमाह रोजगार प्रोत्साहन भत्ता दिया जा रहा है।

### एक राष्ट्र, एक...

इसी तरह से एनसीसी ने भी हर समय भारत के नौजवानों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी और उन्हें अनुशासन का महत्व समझाया है। कैडेटों को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की परेड में चुना जाना अपने आप में एक उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का युवा आज वैश्विक भलाई की शक्ति के तौर पर उभरा है। युवाओं को भारत के अमृतकाल में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे कार्यों और निर्णयों की कसौटी विकसित भारत हो। उन्होंने युवाओं से पांच प्रण को हमेशा याद रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि पांच प्रण, यानी विकसित भारत, गुलामी की सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता के लिए काम और कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी।

### वक्फ विधेयक में...

जेपीसी की बैठकों में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई। हमने सभी सदस्यों से प्रस्तावित संशोधन मांगे थे। समिति ने 14 संशोधनों को बहुमत के आधार पर स्वीकार किया है। विपक्ष ने भी कुछ संशोधन सुझाए थे, लेकिन जब इन्हें लेकर मतदान कराया गया तो उन्हें बहुमत के आधार पर खारिज कर दिया गया। 108 घंटे विधेयक पर चर्चा हुई और 284 हितधारकों से बात की गई। समिति ने, जिन संगठनों के लोग दिल्ली नहीं आ सके, उनके सदस्यों से विभिन्न राज्यों में जाकर विधेयक पर चर्चा की।

### उत्तराखंड समान नागरिक...

यूसीसी नियमावली समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि आज का दिन इतिहास लिखने का दिन है। नियमावली बनाने के दौरान लॉ कमीशन की रिपोर्ट से प्रेरणा ली गई। इसके साथ ही राज्यभर में दौरा कर संवाद किया गया। पारदर्शी और सरल बनाया गया। समय रहते, यानी निर्धारित अवधि में इस नियम के तहत कार्य करने की व्यवस्था की गई है। शिकायत देरी पर एक्शन की व्यवस्था भी यूसीसी में किया गया है। विवाह विच्छेद का भी सर्टिफिकेट देने की व्यवस्था की गई है। डाटा को सरल बनाया गया। निजी डाटा का भी ख्याल रखा गया है। अगर किसी को आपत्ति नहीं है, तो उस व्यक्ति की उसके इच्छा के अनुसार उनकी डाटा की जानकारी ली जा सकती है। इस प्रकार की डाटा में व्यवस्था की गई है। इस मौके पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि यूसीसी में सभी देवतुल्य जनता के हितों की चिंता करते हुए सरल बनाया गया है। समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे सभी वर्ग के लोगों को त्वरित न्याय मिलेगा। सभी सरकारी विभागों को नियमों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अधिनियम के क्रियान्वयन के दौरान कोई भी समस्या आएगी उसका त्वरित निस्तारण किया जाएगा। अन्य राज्यों के लिए उत्तराखंड उदहारण बन गया है। यूसीसी नियम के तहत पूजा-पद्धति और परंपराओं में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कोई भी शख्स बहुविवाह नहीं कर पाएगा। सभी के लिए तलाक का कानून एक जैसा होगा। लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण कराना भी जोड़ों के लिए अनिवार्य होगा। इस दौरान पैदा होने वाले बच्चे को भी शादीशुदा जोड़े के बच्चे की तरह अधिकार मिलेगा। उत्तराधिकार में लड़कियों को लड़कों के बराबर की हिस्सेदारी होगी। यूसीसी में विवाह का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। इसके लिए कट ऑफ डेट 27 मार्च 2010 रखी गई है। यानी, इस दिन से हुए सभी विवाह पंजीकृत कराने होंगे। विवाह का पंजीकरण छह माह के भीतर करना होगा। विवाह पंजीकरण करने के लिए किए गए आवेदन पर कानूनी स्वीकृति न मिलने पर विवाह का आवेदन स्वीकृत माना जाएगा। यूसीसी के नियम-कानून से अनुसूचित जनजाति को बाहर रखा गया है। ट्रांसजेंडर, पूजा-पद्धति व परंपराओं में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। यूसीसी में सशस्त्र बलों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत यदि कोई सैनिक, वायुसैनिक या नौसैनिक विशेष अभियान में है, तो वह विशेषाधिकार वाली वसीयत कर सकता है।

## पाकिस्तान के मुल्तान में एलपीजी टैंकर में विस्फोट, छह की मौत

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुल्तान के हामिदपुर कनोरा इलाके के औद्योगिक एस्टेट में सोमवार को तड़के एलपीजी टैंकर में हुए विस्फोट के बाद आग लग गई। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक नाबालिग लड़की और दो महिलाएं भी हैं। घायलों में से 13 की हालत नाजुक बताई गई है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार एलपीजी टैंकर में हुए विस्फोट से पाकिस्तान के सातवें सबसे बड़े शहर मुल्तान में आसपास के रिहायशी इलाकों में काफी विनाश हुआ है। राहत और बचाव अधिकारियों ने कहा कि दस से अधिक दमकल वाहनों की मदद से घंटों के प्रयास के बाद आग बुझा दी गई। शुरुआत में इस विस्फोट में कुल पांच लोगों के मारे जाने की खबर थी, लेकिन विस्फोट से क्षतिग्रस्त एक घर से एक और शव बरामद किया गया। इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री ख्वाजा सलमान रफीक ने हादसे पर दुख जताया है।

## ईडी ने जब्त की शेरोन बायो की 79.78 करोड़ रुपए की संपत्ति

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 220 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में शेरोन बायो मेडिसिन लिमिटेड और अन्य कंपनी की 79.78 करोड़ रुपये की अचल-संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) तहत की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मेसर्स शेरोन बायो मेडिसिन लिमिटेड और अन्य कंपनी की 79.78 करोड़ रुपये की ये संपत्तियां महाराष्ट्र के नवी मुंबई, मुंबई, सतारा, रायगढ़ और उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल में स्थित फ्लैट, भूखंड, होटल और कृषि भूमि के रूप में हैं। ईडी ने कहा कि शेरोन बायो मेडिसिन लिमिटेड और अन्य के खिलाफ इस मामले में अब तक कुल 96.20 करोड़ रुपये की अचल-संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की गई है।

## पद्म पुरस्कार विजेताओं को अल्लू अर्जुन ने दी बधाई

### बोले, दिल से खुशी हुई

**चेन्नई।** साउथ फिल्म जगत के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर पद्म पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। अभिनेता ने अजीत कुमार, बालकृष्ण नंदमुरी और शेखर कपूर के साथ ही कला श्रेणी में सम्मान पाने वाले अन्य सितारों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके दिल को बहुत खुशी देता है। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता ने पद्म पुरस्कार विजेताओं को बधाई देने के लिए एक्स हैंडल का सहारा लिया। अल्लू अर्जुन ने लिखा, प्रतिष्ठित पद्म भूषण पुरस्कार पाने पर नंदमुरी बालकृष्ण गारु (माननीय) को हार्दिक बधाई। तेलुगू सिनेमा में आपके योगदान के लिए यह सम्मान पूरी तरह से योग्य है। डियर अजीत कुमार गारु, आपकी उपलब्धि समान रूप से प्रेरणादायक और सराहनीय है। अभिनेता ने आगे लिखा, शोभना गारु, शेखर कपूर गारु, अनंत नाग गारु समेत सभी पद्म पुरस्कार विजेताओं को बधाई। कला श्रेणी में यह सम्मान मेरे दिल को बेहद खुशी देता है! इससे पहले फिल्म निमार्ता-निर्देशक शेखर कपूर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर पद्म भूषण सम्मान के लिए सरकार के साथ ही अपने प्रशंसकों का आभार जताया था।



## कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरजी कर मामले में फैसला रखा सुरक्षित

**कोलकाता (हि. स.)।** कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज दुष्कर्म और हत्या मामले में दोषी संजय रॉय को मौत की सजा देने की मांग करने वाली सीबीआई और पश्चिम बंगाल सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली है। न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बार रशीदी की बेंच ने सोमवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सुबह 10:30 बजे शुरू हुई यह सुनवाई दोपहर 12:45 बजे समाप्त हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने अपनी दलील में कहा कि चूंकि इस मामले की जांच हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने की थी और वह पीड़िता के परिवार का प्रतिनिधित्व कर रही है, इसलिए याचिका दाखिल करने का अधिकार सीबीआई को है, न कि राज्य सरकार को। इसके विपरीत, राज्य सरकार के वकील ने दलील दी कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 377 और 378 के तहत, राज्य सरकार को यह अधिकार है कि वह किसी सजा को अपर्याप्त मानते हुए उसके खिलाफ अपील कर सकती है।

### अमेरिका के सिएटल में भारत के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में बोले सत्य नडेला

# भारत और अमेरिका के बीच तेजी से बढ़ रहा सहयोग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। अमेरिका के सिएटल में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में बोलते हुए नडेला ने कहा कि दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के कारण यह रिश्ता मजबूत है। इस कार्यक्रम का आयोजन सिएटल में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने किया था। नडेला ने आगे कहा, भविष्य को देखते हुए, मैं दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंधों को देखकर काफी उत्साहित हूं। दोनों देश लोकतंत्र के मूल्यों से जुड़े हुए हैं, जिसका आधार उनका संविधान है। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ ने कहा कि दोनों देशों के लिए आदर्श यह है कि वे वही करें, जो प्रत्येक देश के सर्वोत्तम हित में हो। इससे दुनिया के लिए एक मॉडल तैयार होगा, जिसका बाकी के देश आसानी से अनुसरण कर सकेंगे और इस तरह सभी के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण होगा।

### भारतीय वाणिज्य दूतावास ने किया था कार्यक्रम का आयोजन

इस महीने की शुरुआत में माइक्रोसॉफ्ट ने ऐलान किया था कि कंपनी भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इन्फ्रास्ट्रक्चर और क्लाउड में 3 अरब डॉलर का निवेश करेगी। इसके अलावा, माइक्रोसॉफ्ट ने 2030 तक 1 करोड़ लोगों को एआई में प्रशिक्षित और कुशल बनाने की भी घोषणा की है। कंपनी ने अब तक सिविल सर्वेंट, कॉलेज के छात्रों और विकलांग लोगों सहित 24 लाख भारतीयों को एआई कौशल में सशक्त बनाया है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा हाल ही में किए गए आईडीसी अध्ययन से पता चला है कि भारत में एआई का इस्तेमाल 2023 में 63 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 72 प्रतिशत हो गया है।

इसके अतिरिक्त, माइक्रोसॉफ्ट और सासबूमी ने भारत के एआई और सास इकोसिस्टम को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने के लिए साझेदारी की है, जिसका लक्ष्य 5,000 से अधिक स्टार्टअप और 10,000 उद्यमियों को प्रभावित करना और 2,00,000 से अधिक नए रोजगार के अवसर पैदा करना है।

### लाओस में जबरन काम करने को मजबूर थे भारत के 67 युवा

# भारतीय दूतावास ने साइबर स्कैम केंद्रों से सभी को सुरक्षित निकाला

- ये लोग धोखाधड़ी और तस्करी का शिकार हो गए थे
- अब तक 924 भारतीयों को ऐसे स्कैम से बचाया गया है

**विएंतियाने (आईएएनएस)**



**थाईलैंड में नौकरी का वादा कर चियांग राय भेजा जा रहा हो, तो सतर्क हो जाएं**

भारतीय दूतावास ने चेतावनी दी कि जिन युवाओं को थाईलैंड में नौकरी का वादा किया गया हो, लेकिन उन्हें सड़क मार्ग से लाओस की सीमा के पास चियांग राय भेजा जा रहा हो, यह एक संकेत है कि उन्हें धोखाधड़ी के तहत लाओस के जीटीएसईजेड में लाया जा सकता है। वहां पहुंचने के बाद, उनका पासपोर्ट छीन लिया जा सकता है और उन्हें जबरन एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया जा सकता है, जिससे उनका शोषण हो सकता है। दूतावास ने सभी नौकरी चाहने वालों को सलाह दी कि वे किसी भी धोखाधड़ी से बचने के लिए दूतावास की वेबसाइट पर दिए गए सलाह को ध्यान से पढ़ें और किसी भी संदेह की स्थिति में दूतावास से संपर्क करें।

लाओस में भारतीय दूतावास ने सोमवार को घोषणा की कि उसने 67 भारतीय युवाओं को लाओस के बोकेओ प्रांत स्थित गोल्डन ट्राइंगल स्पेशल इकोनॉमिक जोन (जीटीएसईएड) से सुरक्षित रूप से बचाया है। ये सभी भारतीय साइबर-स्कैम केंद्रों में धोखाधड़ी और तस्करी का शिकार हो गए थे, जहां उन्हें अपराधी समूहों द्वारा काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था।

इन भारतीयों को डर और धमकियों के तहत काम करने के लिए मजबूर किया गया था। भारतीय दूतावास ने बताया कि जब इन युवाओं ने मदद के लिए संपर्क किया, तो दूतावास ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और उनकी सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए। दूतावास के अधिकारियों ने जीटीएसईजेड का दौरा किया और लाओस के संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर उन सभी को वहां से निकालने की प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद, इन युवाओं को विएंतियाने स्थित दूतावास में लाने के लिए उनके परिवहन का भी इंतजाम किया गया। दूतावास ने उन्हें रहने और खाने की व्यवस्था भी प्रदान की।

भारत के राजदूत प्रशांत अग्रवाल ने बचाए गए भारतीयों से मुलाकात की और उनके सामने आने वाली कठिनाइयों के बारे में बातचीत की। उन्होंने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षित वापसी के लिए दूतावास उनकी पूरी मदद करेगा। उन्होंने कहा, भारत में उनकी सुरक्षित वापसी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम उन्हें पूरी सुरक्षा और समर्थन प्रदान करेंगे, और उन्हें धोखाधड़ी करने वाले एजेंटों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने की भी सलाह दी। भारतीय दूतावास ने लाओस के अधिकारियों को धन्यवाद दिया और उनसे अपील की कि वे अपराधी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। यह मामला उच्चतम स्तर पर उठाया गया है और अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है कि भविष्य में इस तरह के मामलों से बचा जा सके। अब तक, भारतीय दूतावास ने 924 भारतीयों को इस प्रकार के स्कैम से बचाया है, जिनमें से 857 को भारत सुरक्षित रूप से वापस भेजा जा चुका है। दूतावास ने इस मुद्दे पर और अधिक चेतावनी जारी की है, खासकर उन युवाओं के लिए जो विदेशों में नौकरी की तलाश कर रहे हैं।



# राजनीतिक लाभ के लिए हो रहा यूसीसी का विरोध : धनखड़

### कहा, यूसीसी का उद्देश्य लैंगिक समानता लाना है

**नई दिल्ली (हि.स.)**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि अज्ञानतावश कुछ लोग समान नागरिक संहिता की आलोचना कर रहे हैं। यूसीसी संविधान और राष्ट्र निमार्ताओं का आदेश है, जिसका उद्देश्य लैंगिक समानता लाना है। लेकिन, राजनीतिक लाभ के लिए कुछ लोग राष्ट्रवाद को तिलांजलि देने में समय नहीं लगाते। उपराष्ट्रपति ने सोमवार को राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम के प्रतिभागियों के पांचवें बैच के उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता की और उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी उद्घाटन किया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कोई समान नागरिक संहिता लागू करने का विरोध कैसे कर सकता है? आपको संविधान सभा की बहसों का अध्ययन करना चाहिए, अध्ययन करना चाहिए कि देश की सर्वोच्च अदालत ने कितनी बार ऐसा संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान को अपनाने के बाद अब जाकर 'देव भूमि' उत्तराखंड के माध्यम से समान नागरिक संहिता एक वास्तविकता बनी है। संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि देश अपने नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता बनाने का प्रयास करेगा। आज एक राज्य ने इसे किया है। उन्हें यकीन है कि वह समय दूर नहीं जब पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू होगी। राष्ट्र-विरोधी आख्यानों को बेनकाब करने की अपील करते हुए उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि बहुत कम संख्या में कुछ लोग देश की संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं। इनका राष्ट्रवाद से बेहद कम जुड़ाव है। ऐसी परिस्थिति में इन विचारों को कुचलना होगा। उन पर प्रतिघात करना, कुठाराघात करना आज के नवयुवकों और नवयुवतियों के ऊपर सबसे बड़ा दायित्व है। उन्हें ऐसे लोगों को बेनकाब करना होगा। अवैध प्रवासियों को गंभीर मुद्दा मानते हुए उपराष्ट्रपति ने अपेक्षा जताई है कि सरकार इस समस्या का समाधान करने में देरी नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अवैध प्रवासी लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। वे हमारी चुनाव प्रणाली को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। वे हमारे सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज इस देश के लोगों ने पहली बार विकास का स्वाद चखा है। उनके पास घर में एक शौचालय, रसोई में गैस कनेक्शन, पाइप किया हुआ पानी, उनके लिए उपलब्ध इंटरनेट, सड़कें और हवाई संपर्क है।

# हजारों फिलिस्तीनियों की गाजा में वापसी शुरू, हमास 6 को छोड़ेगा

- युद्ध विराम और बंधक समझौते पर सुलझा विवाद

**तेल अवीव (आईएएनएस)**



इजरायल ने रविवार की रात को घोषणा की कि गाजा में हमास के साथ युद्ध विराम और बंधक समझौते पर विवाद सुलझ गया। हमास इस हफ्ते दो बैचों में छह बंधकों को रिहा करेगा। वहीं, यहूदी राष्ट्र ने सोमवार सुबह से नेत्जारिम कॉरिडोर के जरिए सैकड़ों हजारों विस्थापित गाजावासियों को अपने घर लौटने की अनुमति दे दी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गाजा पट्टी में हमास के आंतरिक मंत्रालय ने पुष्टि की है कि रविवार रात इजरायल के साथ वार्ता में सफलता मिलने के बाद विस्थापित फिलिस्तीनियों ने उत्तरी गाजा में लौटना शुरू कर दिया है। अधिकारी ने कहा, विस्थापित फिलिस्तीनियों का नेत्जारिम चेकपॉइंट के पश्चिमी भाग से गाजा शहर और गाजा पट्टी के उत्तरी भाग की ओर अल-रशीद रोड के साथ मार्ग शुरू हो गया है। हमास ने ऐलान किया कि वह इस सप्ताह 6 बंधकों को रिहा करेगा, जिनमें अर्बेल येहुद भी शामिल है। बता दें इजरायल ने येहुद की रिहाई के मुद्दे पर ही गाजा में फिलिस्तीनियों की वापसी रोक दी थी। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व में गहन वार्ता के बाद, हमास ने अपने कदम पीछे खींच लिये और वह इस गुरुवार को बंधकों को रिहा करने का एक अतिरिक्त चरण पूरा करेगा।

बयान में स्पष्ट किया गया है कि नागरिक अर्बेल येहुद, सैनिक अगम बर्गर और एक अन्य बंधक को गुरुवार को रिहा किया जाएगा, जबकि तीन अन्य बंधकों को शनिवार को रिहा किया जाएगा। इसके अलावा, इजराइल ने कहा कि उसे समझौते के शुरुआती चरण में रिहा किए जाने वाले सभी बंधकों के बारे में हमास से एक स्टेट्स लिस्ट मिली है। बयान में पुष्टि की गई, इन समझौतों के तहत, इजरायल कल सुबह से गाजावासियों को उत्तरी पट्टी में जाने की अनुमति देगा। इससे पहले इजरायल ने हजारों विस्थापित फिलिस्तीनियों के अपने घर लौटने से रोक दिया था। शनिवार रात से बढ़ी संख्या में गाजावासी सड़कों पर उतर आए और गाजा जाने का इंतजार कर रहे हैं। घर जाने की कोशिश में कर रहे एक फिलिस्तीनी युवक इजरायली बलों ने गोली मार कर हत्या कर दी, जबकि कुछ अन्य लोग घायल हो गए थे।

### केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक में हुई चर्चा

# हर हिंदू परिवार में कम से कम तीन बच्चों का जन्म होना चाहिए

- वक्फ बोर्ड के निरंकुश व असीमित अधिकारों पर नियंत्रण होना चाहिए
- हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने को जागरण अभियान तेज हो

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रयागराज।** विहिप शिविर में हुए संत सम्मेलन के पूर्व केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक में शुक्रवार को कई बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिन्हें बाद में संत सम्मेलन में उठाया गया। संतों का मानना है कि हिंदू जनसंख्या में हो रहे असंतुलन का मुख्य कारण उनकी घटती जन्म दर है। इसके लिए हिंदुओं को खुद ही आगे आना होगा। हर हिंदू परिवार में कम से कम तीन बच्चों का जन्म होना चाहिए। इतना ही नहीं, वक्फ बोर्ड के निरंकुश एवं असीमित अधिकारों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार कानून सुधार अधिनियम लाने वाली है। इसमें सभी राजनीतिक दलों को केंद्र सरकार का सहयोग करना चाहिए।

मार्गदर्शक मंडल में शामिल तमाम वरिष्ठ संतों की मौजूदगी में कहा गया कि देश भर में हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने के लिए जागरण अभियान को तेज किया जाएगा। इसकी शुरुआत आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा से हो चुकी है। संतों ने आग्रह किया है कि सभी मंदिर सरकारी नियंत्रण से मुक्त किए जाएं। सरकारी नियंत्रण स्थापित करने वाले कानून भी हटाए जाएं। मंदिरों के प्रबंधन का अधिकार मंदिरों में आस्था रखने वाले भक्तों को दिया जाए।

जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद, विहिप के केंद्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार की मौजूदगी में केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने बताया कि केंद्रीय मार्ग दर्शक मंडल ने दुनियाभर के हिंदू समाज की धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आवश्यकताओं, चुनौतियों व संकटों के संदर्भ में विचार करते हुए हिन्दू समाज का मार्गदर्शन किया है। 1984 के धर्म संसद से लेकर अयोध्या, मथुरा, काशी के मंदिरों की प्राप्ति के लिए संत समाज, हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) तथा आरएसएस भी संकल्पबद्ध था और आगे भी रहेगा। अयोध्या के बाद काशी और मथुरा पर पूरा ध्यान है। इन सब के साथ भारत के उत्थान के लिए सामाजिक समरसता, पर्यावरण की रक्षा, कुटुंब प्रबोधन से हिंदू संस्कारों का सिंचन आवश्यक है। बताया गया कि विमर्श में हिंदू समाज की धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आवश्यकताएं, चुनौतियां और संकटों पर विस्तृत चर्चा भी हुई।

मार्गदर्शक मंडल की बैठक में आचार्य महामंडलेश्वर बालकानंद, महामंडलेश्वर विश्वात्मानंद भारती, स्वामी चिदानंद मुनि, स्वामी राजेंद्र देवाचार्य, स्वामी कौशल्यानंद गिरि, स्वामी अश्विलेश्वरानंद, स्वामी हरिहरानंद , श्री महंत निमोर्ही अखाड़ा राजेंद्र दास, महंत रविन्द्र पुरी, महामंडलेश्वर चूड़ामणि, महामंडलेश्वर जितेंद्रानंद, परमात्मानंद , उदय सिंह जी महाराज, उमेशनाथ जी महाराज, महामंडलेश्वर आत्मानंद, संग्राम सिंह, केवलानंद जी सरस्वती, भास्कर गिरि आदि उपस्थित थे।

### अमेरिका के राष्ट्रपति ने कोलंबिया पर लगाए कड़े प्रतिबंध

# ट्रंप ने नए टैरिफ और वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की

- कोलंबिया पर वित्तीय प्रतिबंध लगाने की भी चेतावनी दी

**वाशिंगटन (हि.स.)**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कोलंबिया के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के कोलंबियाई प्रवासियों को निर्वासित करने वाली अमेरिकी सैन्य उड़ानों के प्रवेश से इनकार करने के जवाब में यह कदम उठाए हैं। ट्रंप ने कोलंबिया से आयात पर कड़े नए टैरिफ और वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की है। यूएसए टुडे समाचार पत्र की खबर के अनुसार, कोलंबिया के राष्ट्रपित पेट्रो ने हथकड़ी लगे बंदियों की तस्वीरों की ओर इशारा करते हुए ट्रंप प्रशासन पर कोलंबियाई प्रवासियों के साथ 'अपराधियों की तरह' व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनका देश अमेरिका से निर्वासन उड़ानों को तब तक स्वीकार नहीं करेगा, जब तक कि प्रवासियों के साथ 'उस सम्मान के साथ व्यवहार नहीं किया जाता, जिसका एक इंसान हकदार है। दो प्रत्यावर्तन उड़ानों को कोलंबिया में उतरने की अनुमति नहीं मिलने के बारे में जानने के बाद ट्रंप ने कहा कि वह दक्षिण अमेरिकी देश से अमेरिका में आने वाले सभी सामानों पर तुरंत 25 फीसद टैरिफ लगा देंगे और एक सप्ताह के बाद इसे 50 प्रतिशत तक बढ़ा देंगे।

उन्होंने कोलंबिया के सरकारी अधिकारियों, उनके सहयोगियों और समर्थकों के तत्काल वीजा रद्द करने और अमेरिका में यात्रा प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने कोलंबिया को वित्तीय प्रतिबंध लगाने की भी चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर सभी कोलंबियाई नागरिकों और कार्गो के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा निरीक्षण को बढ़ाएंगे। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, ये उपाय सिर्फ शुरुआत हैं। हम कोलंबिया सरकार को उन अपराधियों की स्वीकृति और वापसी के संबंध में अपने कानूनी दायित्वों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देंगे।

इस घोषणा पर पेट्रो ने कहा कि वह अमेरिका से निर्वासन का सामना करने वाले कोलंबियाई प्रवासियों की 'सम्मानजनक वापसी' के लिए एक विमान प्रदान करेंगे। पेट्रो ने कहा कि उन्होंने अपने व्यापार मंत्री को अमेरिकी वस्तुओं पर कोलंबियाई टैरिफ को 25 प्रतिशत तक बढ़ाने का आदेश दिया।

# रिश्तों में सुधार दोनों देशों के लिए जरूरी

- चीनी विदेश मंत्री और भारतीय विदेश सचिव ने बीजिंग में की मुलाकात

**बीजिंग (आईएएनएस)**



चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने सोमवार को बीजिंग में भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री से मुलाकात के दौरान इस बात पर जोर दिया कि चीन-भारत संबंधों में सुधार की प्रक्रिया में तेजी आई है। उनके मुताबिक पिछले साल कजान में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक के बाद से सभी स्तरों पर सकारात्मक बातचीत हुई है।

बैठक के बाद चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी 'महत्वपूर्ण सहमति को दोनों पक्षों की तरफ से ईमानदारी से लागू किया गया है।' चीनी पक्ष की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, दोनों पक्षों को एक-दूसरे से मिलकर काम करना चाहिए, अधिक ठोस उपायों की तलाश करनी चाहिए, आपसी शक, अलगाव के बजाय आपसी समझ, समर्थन और उपलब्धि के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। इसमें कहा गया, चीन-भारत संबंधों का सुधार और विकास दोनों देशों और उनके लोगों के मौलिक हितों के लिए जरूरी है, वैश्विक दक्षिण देशों के वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के अनुकूल है।

अक्टूबर 2024 में कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान अपनी बैठक के दौरान, पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति को बताया था कि भारत-चीन संबंधों को यदि सकारात्मक दिशा में जाना है तो इन्हें तीन सिद्धांत - परस्पर विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता पर आधारित होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने शी जिनपिंग के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक के बाद कहा, हम पिछले चार वर्षों में भारत-चीन सीमा पर उत्पन्न मुद्दों पर बनी आम सहमति का स्वागत करते हैं। सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।